CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 24°C

नई दिल्ली, बुधवार 27 अगस्त 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 145 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00


विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com भाद्रपद शुक्ल पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 3 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




उप्र में युवाओं को मिलेगी न्यूनतम वेतन की गारंटी

पेज 2



एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप के आठवें दिन भारत को आठ मेडल

खेल टाइम्स



एक हुए तेजस्वी और पप्पू यादव, बिहार चुनाव में कितना होगा फायदा

सम्पादकीय




ट्रम्प ने चार बार किया फोन, मोदी ने नहीं की मन की बात: जर्मन पत्रिका

पेज़ 12

## दिल्ली दंगे: अदालत ने छह व्यक्तियों को बरी किया, पुलिस को फटकार लगाई

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने 2020 के दिल्ली दंगों के एक मामले में छह व्यक्तियों को बरी कर दिया, जबकि आरोपियों के अधिकारों को 'कुचलने' के लिए अभियोजन पक्ष को फटकार लगाई। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश परवीन सिंह ने 25 फरवरी 2020 को कथित रूप से दंगा और आगजनी में शामिल भीड़ का हिस्सा होने के छह आरोपियों को बरी कर दिया। अदालत ने 25 अगस्त को 41 पृष्ठों के आदेश में कहा कि यह स्पष्ट है कि आरोपियों के खिलाफ झूठा मामला गढ़ा गया और अभियोजन पक्ष का गवाह हेड कांस्टेबल विकास, जो मामले का एकमात्र प्रत्यक्षदर्शी है, इन आरोपियों के खिलाफ गवाही के संबंध में पूरी तरह से अविश्वसनीय है।

## हत्या के इरादे से की गई घरेलू हिंसा बेहद गंभीर: हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को अहम फैसले में कहा कि मर्डर करने के इरादे से की गई घरेलू हिंसा के अपराधों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए और वैवाहिक संबंध ऐसे मामलों में अपराध को कम करने वाला कारक नहीं हो सकता है। साथ ही कोर्ट ने आरोपी को जमानत दिए जाने से जुड़ी याचिका खारिज कर दी। मृतका के भाई की ओर से की गई शिकायत पर केस दर्ज हुआ, जिसमें कहा गया था कि आरोपी पहले से आपराधिक गतिविधियों में शामिल था। जमानत याचिका से जुड़ी याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस सवर्णा कांता शर्मा ने कहा कि घरेलू हिंसा के अपराधों को, जिनमें हत्या किए जाने का भी इरादा हो, गंभीरता से लिया जाना चाहिए। ऐसे मामलों में वैवाहिक संबंध को अपराध को कम करने वाला कारक नहीं, बल्कि गंभीर बनाने वाला माना जाएगा। कोर्ट भारतीय दंड संहिता (आईपीसी, 1860) की धारा 307 और 506 तथा आर्म्स एक्ट, 1959 की धारा 25, 27, 54 और 59 के तहत दर्ज एक मामले में जमानत की मांग करने वाली एक आरोपी द्वारा दायर याचिका पर विचार कर रहा था।

## श्रमिकों की मृत्यु के मामले में दिल्ली सरकार तलब

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने दिल्ली के दरियागंज इलाके में एक इमारत ढहने की घटना में कथित तौर पर तीन श्रमिकों की मृत्यु के मामले पर स्वत: संज्ञान लेते हुए इस मामले में दिल्ली के मुख्य सचिव, नगर निगम के आयुक्त और पुलिस उपायुक्त से दो सप्ताह में रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने खबरों पर स्वत: संज्ञान लिया है जिनमें बताया गया था कि 20 अगस्त को यहां दरियागंज इलाके में निर्माणाधीन चार मंजिला भवन का एक हिस्सा गिरने से तीन श्रमिकों की मृत्यु हो गई और कई अन्य बाल-बाल बच गए। सभी मृतक बिहार के प्रवासी श्रमिक थे। खबरों के अनुसार इस दुर्घटना के समय लगभग 15 श्रमिक घटनास्थल पर मौजूद थे। भवन के मालिक और ठेकेदार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। आयोग ने कहा है कि यदि जानकारी सही है, तो यह मानवाधिकार उल्लंघन का गंभीर मुद्दा है।

# सुरक्षित रखे गए फैसले सुनने में देरी पर सुप्रीम कोर्ट गंभीर

**नई दिल्ल।** उच्चतम न्यायालय ने सुनवाई पूरी होने के बाद उच्च न्यायालयों द्वारा फैसले सुनाने में की जा रही देरी पर गहरी चिंता व्यक्त की है और इसे बेहद चौंकाने वाला और आश्चर्यजनक रवैया बताया है।



न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ 2008 से लंबित एक आपराधिक मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के अंतरिम आदेशों को चुनौती देने वाली रवींद्र प्रताप शाही द्वारा दायर अपीलों पर सुनवाई कर रही थी। इस अपील पर 24 दिसम्बर, 2021 को सुनवाई पूरी हो चुकी थी और आदेश के लिए सुरक्षित रख लिया गया था, लेकिन कोई फैसला नहीं सुनाया गया, जिससे मामले को दूसरी पीठ के समक्ष रखा गया। शीर्ष अदालत ने कहा कि शीघ्र निपटारे के लिए बार-बार अनुरोध करने के बावजूद उच्च न्यायालय ने कोई फैसला नहीं सुनाया।

# नौसेना में शामिल हुए आईएनएस उदयगिरि और हिमगिरि

मुंबई, वार्ता

- दोनों स्वदेशी युद्धपोत, दुश्मन के रडार में नहीं आएंगे
- ब्रह्मोस, बराक-8 जैसी मिसाइलों से लैस

**इंडियन नेवी** को मंगलवार को दो नए युद्धपोत आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि मिले। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, ये दोनों स्वदेशी जहाज हैं। इन्हें इस तरह डिजाइन किया गया है कि ये दुश्मन के रडार, इंफ्रारेड और ध्वनि सेंसर से बचे रहेंगे।

इनकी तैनाती इंडो-पेसिफिक क्षेत्र में होगी, जिससे नौसेना की ताकत बढ़ेगी। दोनों युद्धपोत ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल और भारत-इजरायल बराक-8 लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली से लैस हैं। इनमें 76एमएम नौसैनिक बंदूकें और समुद्री युद्ध में पानी के अंदर चलने वाला टारपीडो विस्फोटक हथियार भी है। आईएनएस हिमगिरि को कोलकाता के गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स ने बनाया है। इसका नाम पुराने आईएनएस हिमगिरि से लिया गया है। आईएनएस उदयगिरि को मुंबई के मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड ने बनाया है। इसका नाम आंध्र प्रदेश की उदयगिरि पर्वत सीरीज के नाम पर रखा गया है, जो सिर्फ 37 महीनों में बना है। आईएनएस उदयगिरि में एडवांस स्टेल्थ फीचर्स हैं, जो इसे दुश्मन के रडार, इंफ्रारेड और ध्वनि सेंसर से बचाने में मदद करते हैं। दोनों युद्धपोत परियोजना 17 अल्फा (पी-17ए) का हिस्सा हैं। इनके आने से भारत की समुद्री रक्षा को बड़ी मजबूती मिली है।



## भारत शांतिप्रिय देश है, लेकिन हम शांतिवादी नहीं

# शांति चाहिए, तो युद्ध को तैयार रहें: CDS

शाह टाइम्स ब्यूरो


**नई दिल्ली।** देश के प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को भविष्य के युद्धों में विजय सुनिश्चित करने के लिए सभी क्षेत्रों में त्वरित और निर्णायक ढंग से संयुक्त प्रतिक्रिया देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शांति चाहिए, तो युद्ध के लिए तैयार रहें। भले ही भारत शांतिप्रिय देश है, लेकिन हम शांतिवादी नहीं हैं। दुश्मन गलतफहमी में न रहे। देश की सेनाएं युद्ध के लिए हमेशा तैयार हैं।

जनरल चौहान मध्य प्रदेश के डा. अंबेडकर नगर स्थित आर्मी वॉर कॉलेज में 'युद्ध पर प्रौद्योगिकी का प्रभाव' विषय पर युद्ध, युद्धकला और युद्ध संचालन पर अपनी तरह के पहली दो दिवसीय संगोष्ठी में बोल रहे थे। उन्होंने परिचालन क्षमता बढ़ाने के लिए संयुक्त प्रशिक्षण को संस्थागत बनाने, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर और क्वांटम जैसी निरंतर विकसित हो रही प्रौद्योगिकियों को आत्मसात करने की आवश्यकता पर बल दिया। एक मज़बूत नागरिक-सैन्य एकीकरण के लिए, उन्होंने देश के लिए एक सुदर्शन चक्र (भारत का अपना लौह गुंबद) विकसित करने के महत्व और प्रतिबद्धता पर ज़ोर दिया, जो 'ढाल और तलवार', दोनों का काम करेगा। उन्होंने कहा कि भविष्य के युद्धों में विजय प्राप्त करने के लिए विविध क्षेत्रों में क्षमताओं का विकास आवश्यक है। महान विचारक कौटिल्य का हवाला देते हुए, जनरल चौहान ने कहा कि भारत प्राचीन काल से ही विचारों और ज्ञान का स्रोत रहा है, हालांकि, -शेष पृष्ठ दो पर

## ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी: जनरल चौहान

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बात करते हुए सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर एक आधुनिक संघर्ष था जिससे हमने कई सबक सीखे, इनमें से ज्यादातर पर काम चल रहा है, कुछ को लागू भी किया जा चुका है।

यह ऑपरेशन अभी भी जारी है। उन्होंने कहा कि हम यहां ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा करने नहीं आए हैं। हम यहां ऑपरेशन सिंदूर के परे की चीज़ों पर चर्चा करने आए हैं। उन्होंने आगे कहा कि भारत हमेशा शांति के पक्ष में खड़ा रहा है। हम एक शांति-पसंद राष्ट्र हैं, लेकिन गलत मत समझिए, हम सिर्फ अहिंसावादी नहीं हो सकते। मेरी सोच में बिना शक्ति के शांति सिर्फ एक आदर्शवाद है। मैं एक लैटिन उद्धरण कहना चाहता हूं, जिसका मतलब है अगर आप शांति चाहते हैं, तो युद्ध के लिए तैयार रहिए। सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा कि इस सेमिनार में हम सुदर्शन चक्र की चर्चा कर सकते हैं, यानी भारत का अपना आयरन डोम या गोल्डन डोम।



कहा: सभी क्षेत्रों में निर्णायक ढंग से संयुक्त प्रतिक्रियाएं देना ही जंग में जीत की कुंजी

# जमीयत की याचिका पर उत्तराखंड सरकार को नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो

मदरसे सील करने का मामला

- राज्य सरकार को छह हफ्ते के भीतर जवाब दाख़िल करने का निर्देश
- सुप्रीम कोर्ट ने मदरसों के खिलाफ कार्रवाई पर रोक लगाई थी
- मदरसे बंद करने की मुहिम, मुसलमानों को संवैधानिक अधिकार से वंचित कर देने की एक बड़ी साजिश: अरशद मदनी

**नई दिल्ली/नैनीताल।** जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी की याचिका पर 21 अक्टूबर 2024 को तत्कालीन चीफ़ जस्टिस चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली 3 सदस्यीय पीठ ने मदरसों के खिलाफ किसी भी प्रकार की कार्रवाई और उन सभी नोटिसों पर रोक लगा दी थी, जो विभिन्न राज्यों, विशेषकर उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकार द्वारा मदरसों को जारी किए गए थे।

अदालत ने यह भी कहा था कि जब तक अदालत की ओर से आगे कोई आदेश जारी नहीं होता, तब तक केंद्र या राज्य सरकार द्वारा इस संबंध में अगर कोई नया नोटिस या आदेश जारी किया जाएगा, तो उस पर भी रोक लागू मानी जाएगी। इसके बावजूद उत्तर प्रदेश, त्रिपुरा और उत्तराखंड आदि में मदरसों के खिलाफ अन्यायपूर्ण और भेदभावपूर्ण कार्रवाई जारी रही। इसी के विरोध में जमीयत उलमा-ए-हिंद ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल की थी। इस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने 14 मई 2025 को जमीयत उलमा-ए-हिंद को उत्तराखंड हाईकोर्ट से अपील करने का निर्देश दिया था। इस पर अमल करते हुए उत्तराखंड हाईकोर्ट में एक याचिका दाखिल की गई, जिस पर मंगलवार को सुनवाई हुई। अपनी इस याचिका में जमीयत उलमा-ए-हिंद ने कहा है कि उत्तराखंड मदरसा एजुकेशन बोर्ड एक्ट 2016 में रजिस्ट्रेशन को अनिवार्य नहीं बताया गया है और न ही गैर -शेष पृष्ठ दो पर

# 5,590 करोड़ के अस्पताल निर्माण घोटाले में कसा शिकंजा

- ईडी ने 'आप' नेता सौरभ भारद्वाज के घर समेत 13 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया

**नई दिल्ली।** ईडी ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में 24 अस्पतालों के निर्माण से जुड़े 5,590 करोड़ रुपये के धनशोधन मामले में 'आप' के नेता सौरभ भारद्वाज के घर समेत 13 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया है।

ईडी सूत्रों ने कहा कि फिलहाल तेरह स्थानों पर तलाशी चल रही है। धन शोधन निवारण (पीएमएलए) मामला 2018-19 में हुए कथित दिल्ली अस्पताल निर्माण से जुड़ा हुआ है। उल्लेखनीय है कि निर्माण में देरी होने के कारण अस्पतालों की लागत बढ़ गई। 2018-19 में आप सरकार ने अस्पतालों के निर्माण को मंज़ूरी प्रदान की थी, हालांकि परियोजनाएं समय पर पूरी नहीं हो सकी।

## हाईकोर्ट ने योगी पर आधारित फिल्म की रिलीज को दी मंजूरी

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने उप्र के मुख्यमंत्री योगी के जीवन पर कथित रूप से आधारित एक फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज करने की मंजूरी दे दी है। साथ ही न्यायालय ने सीबीएफसी को निर्देश दिया है कि वह फिल्म 'अजेय' को बिना किसी कट या संशोधन के प्रमाणन प्रदान करे। खंडपीठ ने फिल्म देखने के बाद अपने आदेश में कहा था कि हमने फिल्म को उसके संदर्भ में देखा है और हमें नहीं लगता कि इसमें किसी भी चीज़ को दोबारा संपादित करने की ज़रूरत है।

# मोदी पर राहुल गांधी का तीखा हमला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर तीखा हमला करते हुए कहा कि वोट चोरी उनकी सुनियोजित योजना का हिस्सा है इसलिए मुख्य चुनाव आयोग की नियुक्ति के समय मनमानी करते हैं और विपक्ष के नेता की बात नहीं सुनी जाती है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री तय करते हैं कि इलेक्शन कमिश्नर कौन बनेगा। वहां विपक्ष के नेता की एक नहीं सुनी जाती। साल 2023 में भाजपा ने नया कानून बनाया कि इलेक्शन कमिश्नर पर कोई मामला नहीं किया जा सकता। उन्होंने इस कानून को लेकर सवाल करते हुए कहा कि आखिर ऐसा कानून क्यों बनाया गया। इसका सीधा और सरल जवाब है कि 'वोट चोरी' करवाने के लिए ऐसा किया जाता है।



- कहा: मुख्य चुनाव आयोग के चयन में विपक्ष के नेता की बात नहीं सुनते पीएम

## चोर की तरह वोट चोरी कर भाजपा खामोश: राहुल गांधी

**मधुबनी।** आठवें दिन राहुल गांधी का काफिला लगभग दो घंटे की देरी से मधुबनी पहुंचा। इस दौरान महागठबंधन के हजारों कार्यकर्ता अपने-अपने दल के झंडे लेकर मौजूद रहे। इस दौरान राहुल गांधी ने वोट चोरी के मुद्दे पर भाजपा को घेरा। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उस बयान पर सवाल उठाया जिसमें कहा गया था कि भाजपा की सरकार एक बार नहीं बल्कि 40 से 50 साल तक चलेगी। राहुल गांधी ने कहा कि मैं हैरत में पड़ गया था कि अमित शाह ऐसा कैसे कह सकते हैं। हम नेता हैं, जनता क्या चाहती है और क्या सोचती है, ये वही तय करती है। इसलिए अमित शाह का यह बयान बेहद अजीब था।

# दुनिया में मेड इन इंडिया लिखी ईवी चलेगी: मोदी

अहमदाबाद, वार्ता

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने 26 अगस्त को गुजरात के हंसलपुर में ई-विटारा को एक्सपोर्ट के लिए फ्लैग-ऑफ किया। ये मारुति की पहली इलेक्ट्रिक कार है।

ये गाड़ी पूरी तरह से भारत में ही बनी है और इसे 100 से ज्यादा देशों, जैसे यूरोप और जापान में निर्यात किया जाएगा। पीएम मोदी ने कहा कि आज मेक इन इंडिया में नया अध्याय जुड़ा है। अब विदेशों में चलने वाली इलेक्ट्रिक गाड़ियों पर भी मेड इन इंडिया लिखा होगा। इस कार में 49 किलोवाट घंटा और 61किलोवाट घंटा के दो बैटरी पैक ऑप्शन मिलेंगे। कंपनी का दावा है कि कार एक बार फुल चार्ज करने पर 500 किलोमीटर से ज्यादा चलेगी। इलेक्ट्रिक एसयूवी का प्रोडक्शन फरवरी-2025 से सुजुकी मोटर गुजरात प्राइवेट लिमिटेड के प्लांट में हो चुका है। पीएम मोदी ने कहा कि गणेश उत्सव के इस उल्लास में आज भारत की मेक इन इंडिया में नया अध्याय जुड़ रहा है। भारत को डेमोग्राफिक एडवांटेज है। हमारे पास स्किल वर्कफोर्स का बड़ा पूल है। जो हमारे हर पार्टनर के लिए विन-विन सिचुएशन बनाता है। जापान की सुजुकी कंपनी भारत में मैनुफैक्चरिंग कर रही है, जो गाड़ियां बन रही हैं वो वापस जापान को एक्सपोर्ट की जा रही हैं। एक तरह से मारुति सुजुकी कंपनी मेक इन इंडिया की ब्रांड एम्बेसडर बन चुकी है। पैसा किसी का भी लगे, मुझे इससे कोई लेना देना नहीं है। वो चाहे डॉलर हो या पॉन्ड हो या और करेंसी हो, लेकिन इससे जो प्रोडक्शन हो उसमें पसीना मेरे देशवासियों का होगा।




- प्रधानमंत्री ने मारुति की पहली ईवी कार को झंडी दिखाई
- गुजरात प्लांट से दुनिया के 100 देशों को निर्यात होगी

# वैष्णो देवी में अर्धकुंवारी में लैंडस्लाइड, छह की मौत

- 14 घायल, यात्रा रुकी, जम्मू में तवी नदी के पास सड़क धंसी, गाड़ियां गिरीं

**नई दिल्ली।** वैष्णो देवी यात्रा मार्ग में अर्धकुंवारी के पास लैंडस्लाइड हो गई। हादसे में छह लोग मारे गए, 14 घायल हैं। घायलों को कम्युनिटी हेल्थ सेंटर कटरा ले जाया गया है।

हादसे के बाद वैष्णो देवी यात्रा स्थगित कर दी गई है। इधर, जम्मू में तवी नदी पर बने पुल के पास सड़क धंस गई। हादसे में कई गाड़ियां गिर गईं। पुलिस रेस्क्यू के लिए पहुंच गई है। अभी नुकसान को लेकर अपडेट नहीं आया है। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में मंगलवार को कई जगहों पर बादल फटने से अचानक बाढ़ आ गई। इसमें 10 से 15 घर बह गए। डोडा में पिछले 24 घंटे के दौरान 4 लोगों की मौत हुई है। हालांकि ये मौतें किन इलाकों में हुईं, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। जम्मू-कश्मीर में लगातार तीन दिन से रुक-रुक कर भारी बारिश हो रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### एनएचआरसी ने मजदूरों की मौत पर लिया संज्ञान

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने दिल्ली के दरियागंज इलाके में एक निर्माणाधीन चार मंजिला इमारत का एक हिस्सा गिरने से तीन मजदूरों की मौत की घटना संबंधी मीडिया की रिपोर्ट पर स्वत संज्ञान लेते हुए नोटिस जारी किए हैं। मीडिया के अनुसार 20 अगस्त की इस घटना में तीन मजदूरों की मृत्यु हो गई और कई अन्य बाल-बाल बचे। मृतक बिहार के प्रवासी श्रमिक थे। आयोग ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि उसने समाचार रिपोर्ट की विषयवस्तु की जांच की है और यदि यह सत्य है, तो मानवाधिकार उल्लंघन का गंभीर मुद्दा उठाती है। आयोग ने मुख्य सचिव, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, नगर निगम आयुक्त और मध्य दिल्ली के पुलिस उपायुक्त को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

### दिल्ली पुलिस का हेड कांस्टेबल रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने मंगलवार को दिल्ली पुलिस के एक हेड कांस्टेबल को एक लाख रुपये की रिश्वत मांगने एवं लेने के आरोप में गिरफ्तार किया। सीबीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार अशोक विहार थाने में तैनात आरोपी हेड कांस्टेबल राज कुमार मीणा के खिलाफ 25 अगस्त को मामला दर्ज किया गया था। आरोप है कि एक सब-इंस्पेक्टर और आरोपी हेड कांस्टेबल ने एक व्यक्ति से उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज न करने के बदले तीन लाख रुपये रिश्वत की मांग की। बात. चीत के बाद आरोपी हेड कांस्टेबल शिकायतकर्ता से दो लाख रुपये रिश्वत लेने के लिए तैयार हो गया।

### लखनऊ में रोजगार महाकुंभ-2025 के शुभारंभ पर बोले सीएम योगी

# युवाओं को मिलेगी न्यूनतम वेतन की गारंटी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कार्य करने वाले प्रत्येक युवा को न्यूनतम वेतन की गारंटी दी जायेगी और कोई भी कंपनी या नियुक्ता कर्मचारी का शोषण नहीं कर पायेगा।



■ कोई भी कंपनी या नियोक्ता नहीं कर सकेगा कर्मचारी का शोषण

लखनऊ में आयोजित तीन दिवसीय रोजगार महाकुंभ 2025 का शुभारंभ के मौके पर उन्होंने कहा कि नियुक्ति देने वाली कंपनियां अपने कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन सुनिश्चित करेंगी, जबकि इसके अतिरिक्त चार्जेज की जिम्मेदारी सरकार उठायेगी। यह व्यवस्था युवाओं को सम्मानजनक रोजगार, नौकरी की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य बन रहा है, जहां काम करने वाले हर युवा को न्यूनतम मजदूरी और न्यूनतम वेतन की गारंटी सुनिश्चित की जा रही है। मुख्यमंत्री ने युवाओं को अपार ऊर्जा का स्रोत बताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी युवा आबादी इस राज्य के लिए सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि आज यूपी की प्रतिभा की मांग देश-दुनिया में हो रही है और जो प्रदेश कभी रोजगार के लिए पलायन का दंश झेलता था, आज वही रोजगार उपलब्ध करा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी पूरा-का-पूरा गांव रोजगार के लिए प्रदेश छोड़कर पलायन करता था, लेकिन आज वही उत्तर प्रदेश अपने भीतर ही रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रहा है।

यह परिवर्तन बीते 8 वर्षों में हुए सुनियोजित प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आज यूपी की प्रतिभा की मांग केवल देश में ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में हो रही है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन रोजगार और विकसित भारत के संकल्प का हिस्सा है। हर युवा को उसकी योग्यता के अनुसार काम मिलना जरूरी है।

### अटल विद्यालयों के लिए एकीकृत निगरानी पोर्टल शुरू

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को यहां अटल आवासीय विद्यालयों के लिए एकीकृत निगरानी प्रणाली का शुभारंभ किया।

इस पोर्टल के जरिए प्रदेश के 18 अटल आवासीय विद्यालयों की गतिविधियों की रीयल टाइम मॉनिटरिंग की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल श्रमिकों के बच्चों को आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण और अनुशासित शिक्षा दिलाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। अटल कमांड सेंटर आधारित ईआरपी प्रणाली के माध्यम से विद्यालयों के सभी क्रियाकलापों की डिजिटल निगरानी शुरू की गई है। इस प्रणाली के जरिये उपस्थिति प्रबंधन, शैक्षणिक निगरानी, स्टाफ प्रोफाइल सुनिश्वित की जा सकेगी। इसके अलावा शिक्षकों और कर्मचारियों का विवरण जुड़ा होगा, जो जवाबदेही और अनुशासन सुनिश्चित करेगा। व्यय, बजट और बिलिंग की पारदर्शी जानकारी ईआरपी पर दर्ज होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल आवासीय विद्याल बीओसी बोर्ड से जुड़े श्रमिकों के बच्चों के लिए वरदान है। उन्होंने कहा कि श्रमिक अपना पसीना बहाकर दूसरों के लिए घर और स्कूल बनाता था, लेकिन उसका अपना बच्चा पढ़ नहीं पाता था।

# यूपी में पांच आईपीएस अधिकारियों के तबादले

लखनऊ, वार्ता

■ एमके बशाल, प्रशांत कुमार, उपेंद्र अग्रवाल को मिली नई जिम्मेदारी

यूपी पुलिस में पांच सीनियर अधिकारियों का तबादला किया गया है। जिन अधिकारियों का तबादला हुआ है, उनमें भारतीय पुलिस सेवा के एमके बशाल, जय नारायन सिंह, प्रशांत कुमार द्वितीय, उपेंद्र कुमार अग्रवाल और सतेंद्र कुमार शामिल हैं।

आईपीएस एमके बशाल, पुलिस महानिदेशक, उप्र पॉवर कारपोरेशन लि. की जिम्मेदारी संभाल रहे थे, अब वो पुलिस महानिदेशक/महासमादेष्टा, होमगार्ड, उप्र, तैनात किए गए हैं। आईपीएस जय नारायन सिंह, आईपीएस आरआर 1994 अब तक अपर पुलिस महानिदेशक, पीटीसी सीतापुर पद पर तैनात थे। अब वह अपर पुलिस महानिद.ेशक, उप्र पॉवर कार्पोरेशन लि. होंगे। वहीं आईपीएस प्रशान्त कुमार अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशासन, उप्र पद पर थे, अब वो अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशासन, उप्र के साथ-साथ अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस मुख्यालय, उप्र का अतिरिक्त प्रभार संभालेंगे। इसके साथ ही आईपीएस उपेन्द्र कुमार अग्रवाल अब तक पुलिस महानिरीक्षक, पीएसी मुख्यालय थे, अब वह पुलिस महानिरीक्षक, अभिसूचना, मुख्यालय, उप्र पद की जिम्मेदारी संभालेंगे। साथ ही आईपीएस सतेन्द्र कुमार अब तक पुलिस उपमहानिरीक्षक, प्रतीक्षारत, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक पद पर तैनात थे,वह अब पुलिस उपमहानिरीक्षक, पीएसी अनुभाग आगरा में तैनात होंगे।

# उप राष्ट्रपति का कार्यालय राजनैतिक नहीं संवैधानिक: सुदर्शन रेड्डी

लखनऊ, वार्ता

इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी ने कहा कि उन्हें इंडिया गठबंधन की तरफ से उम्मीदवार बनाया गया है और गठबंधन में शामिल दलों का समर्थन मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति का कार्यालय राजनैतिक नहीं बल्कि संवैधानिक है और वह संवैधानिक मूल्यों के साथ खड़ा है। जस्टिस रेड्डी ने मंगलवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उनकी संवैधानिक यात्रा 1971 में बार एसोसिएशन से शुरू हुई और वह आज भी संवैधानिक मूल्यों के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि मैं देश को विश्वास दिलाता हूं कि संवैधानिक मूल्यों के प्रति मेरी यात्रा जारी रहेगी। यह संवैधानिक पद है और इस पद को सर्वपल्ली राधाकृष्णन डा. जाकिर हुसैन के आर नारायण, हामिद अंसारी ने इस पद को सुशोभित किया है। जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी ने कहा कि उन्होंने लोहिया और नेताजी से बहुत कुछ सीखा है। उन्होंने कहा कि प्रतिपक्ष ने उन पर विश्वास करके उम्मीदवार बनाया है। इस दौरान संविधान संशोधन के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि इसको लेकर जेपीसी गठित हो गई है।

### इंडिया गठबंधन के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार पहुंचे कांग्रेस कार्यालय, मांगा समर्थन



**लखनऊ।** इंडिया गठबंधन के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी मंगलवार को चुनाव में सांसदों के समर्थन की मांग को लेकर उत्तर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे। कांग्रेस मुख्यालय पहुंचने के बाद उन्होंने उपस्थित सांसदों से उपराष्ट्रपति पद के चुनाव में समर्थन मांगा। कांग्रेस से राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी के साथ कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी ने सबसे पहले पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### शिक्षक दिवस पर शिक्षक होंगे सम्मानित, सूची जारी

**लखनऊ।** पांचे सितंबर को शिक्षक दिवस पर मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार व राज्य पुरस्कार से सम्मानित होने वाली शिक्षकों की सूची मंगलवार को बेसिक शिक्षा विभाग ने जारी कर दी है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डा. महेंद्र देव के स्तर से शिक्षकों की जारी सूची में मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार के लिए सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज हमीरपुर के प्रधानाचार्य राम प्रकाश गुप्त, आर्य महिला इंटर कॉलेज वाराणसी की छाया खरे, महर्षि दयानंद विद्यापीठ गाजियाबाद की कोमल त्यागी का चयन किया गया है। इसी तरह राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए हाथी बरनी इंटर कॉलेज हाथी वाराणसी के प्रधानाचार्य राजेश कुमार पाठक, इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज बरेली के प्रधानाचार्य चमन जहां व अन्य का नाम शामिल है।

# बड़े सपने देखें और जिज्ञासु बनें: शुभांशु

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से लौटे पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने मंगलवार को सिटी मांटेसरी स्कूल (सीएमएस) की कक्षाओं से लेकर अंतरिक्ष की विशालता तक की अपनी अविश्वसनीय यात्रा को बच्चों के साथ साझा किया।

उन्होंने छात्रों को बड़े सपने देखने एवं जिज्ञासु बने रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सीएमएस ने मुझे अनुशासन, धैर्य और कल्पनाशक्ति जैसे मूल्य दिए, जिन्होंने हर चुनौती में मेरा मार्गदर्शन किया। अपने विद्यालय लौटकर मैं बेहद प्रसन्न हूं। यही वे कक्षायें हैं, जहां मैंने शिक्षा पाई थी। शिक्षकों को नृत्य व आनंद मनाते देखना उनके लिए अत्यंत सुखद अनुभव रहा। मंगलवार को सिटी मांटेसरी स्कूल की अलीगंज शाखा-1



■ सीएमएस में बच्चों के साथ साझा किया अपनी यात्रा का अनुभव

पहुचे शुभांशु ने स्कूल में शक्स कोर्टयार्ड का लोकार्पण किया। इस दौरान उनकी पत्नी कामना मिश्रा भी उनके साथ थी।

शुभांशु ने इसी शाखा से अपनी पढ़ाई की है। शुभांशु ने यहीं पर भविष्य के सपनों को संजोया था और शिक्षकों के मार्गदर्शन में उन सपनों को कड़ी मेहनत, समर्पण और दृढ़ संकल्प से साकार किया। 'शक्स कोर्टयार्ड' अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है, जिसमें मेकरस्पेस, रोबोटिक्स लैब, स्टूडियोपॉड और एम्फीथियेटर शामिल हैं। यह जीवंत केन्द्र विद्यार्थियों में रचनात्मकता और नवाचार को प्रोत्साहित करने तथा प्रायोगिक अधिगम को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस अवसर पर शुभांशु ने सीएमएस छात्रों द्वारा निर्मित सामाजिक उपयोगिता के मॉडलों की प्रदर्शनी भी देखी। उन्होंने छात्रों से बातचीत की, उनके रचनात्मक मॉडलों एवं अभिनव डिजाइनों की सराहना की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि अगली बार जब वे आएंगे, तब तक इनमें से कई उपयोगी विचार वास्तविक रूप ले चुके होंगे और समाज को लाभ पहुंचा रहे होंगे। समारोह में बोलते हुए डा. भारती गांधी ने कहा कि हमें अपने ऐसे पूर्व छात्रों पर गर्व है, जिन्होंने शिक्षा से ऊचाइयां छूईं और राष्ट्र का गौरव बढ़ाया।



सेंसेक्स 81306.85
निफ्टी 24870.10



सोना रु. 99358
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 113906
प्रति किलो



# शेयर बाजार धड़ाम, सेंसेक्स 849 अंक लुढ़का

मुंबई, वार्ता

अमेरिकी प्रशासन द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 27 अगस्त से 25 प्रतिशत और आयात शुल्क लगाने के लिए जारी नोटिस के बाद मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई और प्रमुख सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक लुढ़क गए।

बाजार में आज शुरू से ही बिकवाली हावी रही। सेंसेक्स 258.52 अंक की लुढ़ककर 81,377.39 अंक पर खुला और पूरे दिन गिरावट में रहा। इसका उच्चतम स्तर 81,450.28 अंक रहा। अंतिम घंटे में बिकवाली ज्यादा होने से यह 80,685.98 अंक तक उतरकर अंत में 849.37 अंक (1.04 प्रतिशत) नीचे 80,786.54 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी.50 भी 68.25 अंक गिरकर 24,899.50 अंक पर खुला। इसका दिवस का उच्चतम स्तर 24,919.65 अंक और निचला स्तर 24,689.60 अंक रहा। कोराबार की



समाप्ति पर यह 255.70 अंक लुढ़ककर 24,712.05 अंक पर रहा। अमेरिकी प्रशासन ने सोमवार को भारतीय उत्पादों पर अतिरिक्त आयात शुल्क बढ़ाकर 50 प्रतिशत (अगस्त की शुरुआत में लगाए गए 25 प्रतिशत को मिलाकर) करने के लिए नोटिस जारी कर दिया। इसके बाद आज बाजार खुलने पर शुरू से ही बिकवाली हावी रही। बिकवाली चौतरफा रही और एफएमसीजी को छोड़कर सभी सेक्टरों के सूचकांक लाल निशान में रहे। बैंकिंग, स्वास्थ्य, रियलिटी, आईटी, धातु, ऑटो, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस सेक्टरों के सूचकांक 0.41 प्रतिशत से 2.24 प्रतिशत तक टूट गये।

### आयात शुल्क की चिंता में प्रमुख सूचकांक एक प्रतिशत से ज्यादा टूटे

**मुंबई।** अमेरिकी प्रशासन द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 27 अगस्त से 25 प्रतिशत और आयात शुल्क लगाने के लिए जारी नोटिस के बाद मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई और बीएसई का सेंसेक्स तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 में एक प्रतिशत से अधिक लुढ़क गया। अमे. रिकी प्रशासन ने सोमवार को भारतीय उत्पादों पर अतिरिक्त आयात शुल्क बढ़ाकर 50 प्रतिशत (अगस्त की शुरुआत में लगाये गये 25 प्रतिशत को मिलाकर) करने के लिए नोटिस जारी कर दिया। इसके बाद आज बाजार खुलने पर शुरू से ही बिकवाली हावी रही। यह बिकवाली चौतरफा रही ।

### चांदी 1.17 लाख के ऑल टाइम हाई पर पहुंची

**नई दिल्ली।** मंगलवार को चांदी अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार आज चांदी की कीमत 392 रुपए बढ़कर 1,16,525 रुपए प्रति किलो हो गई है। कल इसका भाव 1,16,133 रुपए पर था। वहीं 24 कैरेट सोने का दाम 339 रुपए बढ़कर 1,00,827 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,210 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,700 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,060 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,550 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,060 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,550 रही, वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,060 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,550 थी, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,550 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,600 रही। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 24,665 रुपए बढ़कर 1,00,827 रुपए पर पहुंच गया है। चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 30,805 रुपए बढ़कर 1,16,525 रुपए पर पहुंच गया है।

# गेहूं महंगा, दालों में घटबढ़, खाद्य तेलों में रही तेजी

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव स्थिर रहे, जबकि गेहूं में तेजी रही। चीनी में भी टिकाव रहा। दालों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया, वहीं खाद्य तेलों में तेजी रही। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेंटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का नवंबर वायदा 22 रिंगिट फिसलकर 4,470 रिंगिट प्रति टन बोला गया।

अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 1.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 54.29 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 3,839.45 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। गेहूं दो रुपये प्रति क्विंटल की मजबूती के साथ 2,838.27 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत 11 रुपये बढ़कर 3,293.31 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। सरसों तेल औसतन 10 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया। सोया तेल भी आठ रुपये चढ़ा। सूरजमुखी तेल में 19 रुपये और मूंगफली तेल में 60 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही।

**बिकाऊ है।**

एक औद्योगिक भूखण्ड क्षेत्र 50850 वर्ग मीटर मय बाऊड्री औद्योगिक क्षेत्र ग्राम गगनोली तहसील लक्सर जिला हरिद्वार।

**शीघ्र सम्पर्क करें-**

9837333111, 9917200010




## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**शांति चाहिए...** भारतीय युद्धों के समुचित विश्लेषण या रणनीति पर अकादमिक चर्चा पर बहुत कम साहित्य उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि युद्ध, नेतृत्व, प्रेरणा, मनोबल और तकनीक के विभिन्न आयामों पर गंभीर शोध किए जाने की आवश्यकता है। भारत को सशक्त, सुरक्षित, आत्मनिर्भर और विकसित होना होगा। सीडीएस ने आगे कहा कि रण संवाद का उद्देश्य वास्तविक अभ्यासकर्ताओं, विशेष रूप से युवा और मध्यम स्तर के अधिकारियों के लिए जगह बनाना है, जो तकनीकी प्रगति से अवगत हैं।

**जमीयत की...** रजिस्टर्ड मदरसों को गैर-क़ानूनी कहा गया है। याचिका में इस तथ्य को भी उजागर किया गया है कि राइट टू एजुकेशन (संशोधन) एक्ट 2012 में स्पष्ट रूप से मदरसों, वैदिक पाठशालाओं और इस प्रकार के अन्य धार्मिक शिक्षण संस्थानों को इस कानून से छूट दी गई है। याचिका में सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों का भी हवाला दिया गया है, जिनमें अल्पसंख्यकों को अपने शैक्षिक संस्थान क़ायम करने और उन्हें चलाने का असीमित अधिकार मानते हुए, राज्य की दख़लंदाज़ी से सुरक्षा प्रदान की गई है। पिटीशन में यह भी कहा गया है कि उत्तराखंड में सिर्फ़ मदरसों को निशाना बनाना असंवैधानिक, भेदभावपूर्ण और दुर्भावना पर आधारित कार्रवाई है। सरकारी वकील ने जमीयत उलमा-ए-हिंद की ओर से दाखिल याचिका पर आपत्ति जताई और कहा कि इस मामले में जमीयत उलमा-ए-हिंद को याचिका दाखिल करने का कानूनी अधिकार नहीं है, क्योंकि जिन मदरसों के खिलाफ कार्रवाई हुई है, वे मंगलवार को अदालत के सामने उपस्थित नहीं हैं। इस पर चीफ़ जस्टिस ने संजय हेगड़े से पूछा कि अदालत उनकी याचिका पर क्यों सुनवाई करे, क्योंकि वे सीधे तौर पर प्रभावित नहीं हैं। जिस पर संजय हेगड़े ने कहा कि यह मामला केवल मदरसों को बंद करने का नहीं है, बल्कि जिस तरह से सरकार मनमानी कार्रवाई कर रही है उसके खिलाफ कोई भी अदालत का रुख़ कर सकता है। उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार द्वारा मदरसों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई अल्पसंख्यकों को प्राप्त संवैधानिक अधिकारों अनुच्छेद 14, 15, 19, 25, 26 और 30 का उल्लंघन है। जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने जमीयत के कदम पर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि मज़लूमों को न्याय दिलाना और इंसानियत की बुनियाद पर बिना किसी भेदभाव के सेवा करना जमीयत उलमा-ए-हिंद का मिशन है। जमीयत उलमा-ए-हिंद का गहरा रिश्ता मदरसों से है और हमारे सारे बुज़ुर्ग इसी से पढ़कर निकले हैं। असल में जमीयत उलमा-ए-हिंद, मदरसों की आवाज़ और उनका ज़ेहन है। सांप्रदायिक शक्तियां इस तारीख़ से अनजान हैं। यही मदरसों के उलमा थे, जिन्होंने तब आज़ादी का बिगुल फूंका जब पूरी क़ौम गहरी नींद में थी। मदरसों को हमारी (धड़कन) कहा जा सकता है और इन्हें गैर-क़ानूनी ठहराकर बंद करना हमारी जीवन रेखा को समाप्त करने की साज़िश है। मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि मदरसों को गैर-क़ानूनी बताकर कार्रवाई करना सुप्रीम कोर्ट के फैसलों की भी तौहीन है। जमीयत उलमा-ए-हिंद इस साज़िश के खिलाफ एक बार फिर अपनी क़ानूनी जंग शुरू कर चुकी है, क्योंकि मदरसों की हिफाज़त दरअसल दीन की हिफाज़त है। यह मुहिम मुसलमानों की धार्मिक स्वतंत्रता पर एक गंभीर हमला है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है

आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।

काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?

अधिक संतुष्टि, हैंडजॉब पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।

फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।

ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त

भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव

प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# सरकार ने स्टार्टअप पॉलिसी का ड्राफ्ट जारी किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने स्टार्टअप पॉलिसी २०२५ का ड्राफ्ट जारी किया है। यह एक ऐतिहासिक ब्लूप्रिंट है जिसमें २०० करोड़ का वेंचर कैपिटल फंड शामिल है, ताकि आने वाली उद्यमी पीढ़ी को मजबूत किया जा सके और २०३५ तक दिल्ली को एक ग्लोबल इना. वेशन हब बनाया जा सके।

दिल्ली के उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में हम सिर्फ एक पालिसी नहीं बल्कि पूरा इकोसिस्टम तैयार कर रहे हैं जो दिल्ली को दुनिया का सबसे पसंदीदा स्टार्टअप डेस्टिनेशन बनाएगा।

इस पॉलिसी के तहत दिल्ली सरकार २०० करोड़ रुपए का दिल्ली स्टार्टअप वेंचर कैपिटल फण्ड बना रही है। इसके जरिये इक्विटी और स्ट्रक्चर्ड डेब्ट दोनों के माध्यम से नए वेंचर्स को फंड किया जाएगा और साथ ही प्राइवेट इन्वेस्टर्स को इन्वेस्टमेंट पार्टनरशिप में जोड़ा जाएगा।१८ फोकस क्षेत्रों में हेल्थकेयर, फिनटेक, एआई मशीन लर्निंग, ग्रीन टेक्नोलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी, रोबोटिक्स, ई-वेस्ट मैनेजमेंट और हाइड्रोजन टेक्नोलॉजी जैसी उभरती तकनीकें शामिल हैं।

इससे दिल्ली का स्टार्टअप इकोसिस्टम आज और आने वाले कल की जरूरतों को पूरा करेगा।इसके तहत ऑफिस स्पेस रेंट पर १००% रीइम्बर्समेंट (तीन साल तक हर साल अधिकतम रु. १० लाख),पेटेंट के लिए रु. १ लाख (इंडिया) और रु. ३ लाख (इंटरनेशनल) तक की सहायता एक्जिबिशन कॉस्ट पर ५ लाख (डोमेस्टिक) और ६१० लाख (इंटरनेशनल) तक रीइम्बर्समेंट और हर रजिस्टर्ड स्टार्टअप को १२ महीने तक रु. २ लाख प्रतिमाह ऑपरेशनल अलाउंस मिलेगा।

मंत्री सिरसा ने कहा कि हमने पॉलिसी को इस तरह से डिजाइन किया है कि शुरुआती दौर की हर समस्या का समाधान होगा।नीति के तहत महिलाओं और वंचित वर्गों को प्राथमिकता दी जाएगी।इनोवेशन का कोई लिंग या सामाजिक दायरा नहीं होता "हमारी पॉलिसी महिलाओं और पिछड़े समुदायों को विशेष बढ़ावा देगी।"

## यमुना का जल स्तर फिर खतरे के निशान के करीब

नई दिल्ली। दिल्ली में यमुना नदी खतरे के निशान के पास बह रही है। दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर पुराने रेलवे पुल पर २०४.७६ मीटर दर्ज हुआ, जो खतरे के निशान २०५.३३ मीटर से थोड़ा नीचे है। हरियाणा के हथिनीकुंड बैराज से पानी छोड़े जाने और लगातार बारिश के कारण जलस्तर बढ़ रहा है। दिल्ली सरकार ने बाढ़ से निपटने के लिए पहले से ही अलर्ट जारी किया हुआ है, नौकाएं तैनात हैं।

# बुराड़ी में सेंधमारी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बुराड़ी थाना पुलिस की टीम ने घरों में सेंधमारी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से हाल ही में एक घर से चोरी किया गया एक मोबाइल फोन, तीन जोड़ी चांदी की पायल, चार सोने की चूड़ियां व अन्य दस्तावेज बरामद किए हैं।

आरोपितों ने चोरी के आभूषण गिरवी रखकर मुथूट फाइनेंस से १.८६ लाख रुपये का लोन भी लिया। आरोपितों की पहचान बुराड़ी के सुमित, मंजू उर्फ मनीषा, सोनू और रणजीत नगर के आकाश उर्फ पिंचर के रूप में हुई है। पुलिस ने इनकी गिरफ्तारी से घरों में चोरी के तीन मामले और वाहन चोरी का एक मामला सुलझाने का दावा किया है।

उपायुक्त राजा बांठिया के मुताबिक, १८ अगस्त को बुराड़ी थाने में घर में चोरी की शिकायत दर्ज की गई थी। शिकायतकर्ता धर्मेंद्र राघव ने बताया कि उनके घर में चोरी हुई है और अज्ञात व्यक्तियों द्वारा ८-१० लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण, कुछ दस्तावेजों वाला एक पर्स और एक मोबाइल फोन चोरी कर लिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और

**■ आरोपी के कब्जे से हाल ही में घर से चोरी किया गया एक मोबाइल फोन तीन जोड़ी चांदी की पायल, चार सोने की चूड़ियां व अन्य दस्तावेज बरामद किए गए**

घटनास्थल और आस-पास लगे कई सीसीटीवी कैमरे खंगाल दो आरोपितों की पहचान सुमित और महेंद्र के रूप में की। २१ अगस्त की मध्यरात्रि को गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए सुमित और आकाश को उस समय गिरफ्तार किया जब वे मोटरसाइकिल पर सवार होकर वजीराबाद की ओर जा रहे थे। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से एक मोबाइल फोन और तीन जोड़ी पायल बरामद हुईं। पूछताछ में उन्होंने बताया कि बरामद गहने और मोबाइल फोन दो दिन पहले कमल विहार, बुराड़ी स्थित एक घर से अपने तीसरे सह-आरोपित महिंदर के साथ मिलकर घर से चुराए थे। उनकी निशानदेही पर महिला मंजू उर्फ मनीषा को भी पकड़ लिया गया और उसके घर से चोरी की गई चार सोने की चूड़ियां बरामद की गईं।

पुलिस की जांच में यह पता चला कि मंजू सह-आरोपित महेंद्र की बहन और आरो. पित सुमित की प्रेमिका है और बरामद सोने की चूड़ियां सुमित ने मंजू को उपहार में दी थीं। आगे की जांच में यह भी पता चला कि आरोपितों ने चोरी के कुछ सोने के आभूषण गिरवी रखकर रमेश नगर स्थित मुथूट फाइनेंस से १.८६ लाख रुपये का लोन लिया था और लोन की राशि सोनू नामक व्यक्ति के बैंक खाते में जमा हुई थी।

# पार्किंग विवाद में पड़ोसी ने बैंक मैनेजर को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजौरी गार्डन थाना क्षेत्र स्थित सुभाष नगर इलाके में पार्किंग विवाद में निजी बैंक के प्रबंधक के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोप इमारत की तीसरी मंजिल स्थित फ्लैट में रहने वाले पड़ोसी के बेटे और उसके दोस्तों पर है। बीच बचाव में एक पड़ोसी भी घायल हो गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी कर तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। चौथे आरो. पित की तलाश जारी है।

जानकारी के मुताबिक रमित मल्होत्रा सुभाष नगर में रहते हैं। रमित निजी बैंक में प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। राजौरी गार्डन थाने में दर्ज प्राथमिकी में रमित ने बताया कि २० अगस्त की रात वह अपनी पत्नी के साथ कार से घर पहुंचे।

तीसरी मंजिल पर रहने वाले वजीर सिंह ने घर के सामने अपनी कार को गलत तरीके से पार्क किया था, जिसकी वजह से रमित अपनी कार पार्क नहीं कर पा रहे थे। उन्होंने वजीर सिंह को अपनी गाड़ी ठीक से पार्क करने के लिए कहा। इस बात को लेकर दोनों के बीच कुछ देर कहासुनी हुई। इसके बाद वजीर सिंह ने अपनी गाड़ी वहां से हटा ली।

कुछ देर बाद वजीर सिंह का बेटा सहज सिंह वहां पहुंचा और रमित मल्होत्रा से बहस करने लगा। बात हाथापाई तक पहुंच गई। आरोप है कि सहज सिंह ने अपने साथियों अमनदीप, हशमीत और सचिन को फोन करके बुला लिया। फिर सभी ने रमित मल्होत्रा पर हमला कर दिया। मारपीट होता देख पड़ोसी संदीप बीच बचाव के लिए पहुंचे। दोनों को चोटें लगी। मारपीट के दौरान हमला करने वालों को भी मामूली चोटें लगी। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी का डीडीयू अस्पताल में मेडिकल करवाया। पुलिस ने रमित मल्होत्रा की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया। जांच के बाद पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपित सहज नोएडा में एक निजी रियल एस्टेट कंपनी में कार्यरत है। टैगोर गार्डन निवासी अमनदीप का वाटर प्यूरीफायर का निजी व्यवसाय है।




**मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने स्टार्टअप पॉलिसी 2025 का ड्राफ्ट जारी किया।**

## एक नजर

### सीबीआई ने रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा थाने का मुंशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के अशोक विहार थाने में सीबीआई ने छापेमारी की। यहां सीबीआई की टीम ने चिट्ठा मुंशी राजकुमार को रिश्वत की रकम के साथ गिरफ्तार कर लिया। बताया गया कि दारोगा फरार हो गया है। अशोक विहार थाने में एसआई विशाल मीना (१९ बैच) के पास एक कम्प्लेन थी। इसमें तीन लाख रुपये की डिमांग की गई थी। दीप मार्केट का पूर्व प्रधान शिकायतकर्ता की तरफ से लेनदेन की बात कर रहा था। वहीं, सोमवार रात को चिट्ठा मुंशी हेड कॉन्स्टेबल राजकुमार को सीबीआई ने एक लाख रुपये लेते हुए रंगेहाथ पकड़ा, फिलहाल विशाल फरार है।

### अनुराग कश्यप ने खोला फिल्म निशानची के टाइटल का राज

नई दिल्ली। अमेजन स्टूडियोज इंडिया की साल की सबसे ज्यादा इंतेजार की जाने वाली फिल्म निशानची, अपने शानदार थिएट्रिकल रिलीज के लिए तैयार है। रिलीज से पहले सामने आए निशानची के टीजर और गानों ने इसे देखने के लिए दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्साह पैदा कर दिया है। फिल्म के टीजर में दमदार एक्शन, थ्रिल और रोमांस की झलक साफ दिखाई देती है। कहना गलत नहीं होगा कि अपने टाइटल की तरह ही फिल्म दमदार लग रही है। यही कारण है कि फिल्म पहले से ही सोशल मीडिया और दर्शकों के बीच सुर्खियों बटोर रही है। फिल्म के टाइटल को दर्शकों द्वारा खूब पसंद किया जा रहा है। लेकिन, अनुराग कश्यप ने खुलासा किया है कि फिल्म का असल टाइटल पहले कुछ और रखा गया था, जिसे बाद में उसे बदलकर निशानची रखा गया। दरअसल, 'अनुराग ने बताया कि', शुरू में फिल्म का टाइटल बबलू निशानची, रंगीली रिंकू और डबलू रखा गया था, जिसपर सबने कहा कि ये टाइटल बहुत बड़ा है। कैसे आखिरकार इसका टाइटल निशानची बना और फिल्म का नाम फाइनल हुआ, यही इसकी कहानी है।

### एक्सपीरियंस सेंटर लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** ब्रिक एंड बोल्ट ने गुरुग्राम में अपना अत्याधुनिक एक्सपीरियंस सेंटर लॉन्च किया है। यह देश में कंपनी का चौथा एक्सपीरियंस सेंटर है। नोएडा एक्सपीरियंस सेंटर की बड़ी सफलता के बाद, ब्रिक एंड बोल्ट अब उत्तरी भारत में अपनी मौजूदगी और मजबूत कर रहा है। यह एक्सपीरियंस सेंटर गुरुग्राम के एम३एम कॉर्नर वॉक, सेक्टर 74, गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड पर स्थित है। ब्रिक एंड बोल्ट का उद्देश्य प्लॉट मालिकों के लिए घर बनाने के अनुभव को बदलना और बेहतर क्वालिटी और सस्टेनेबिलिटी पर ध्यान देते हुए अच्छे घर बनाना है। कंपनी ने टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके ब्रिक एंड बोल्ट ने ऐसे सिस्टम और प्रोसेस बनाए, जो पूरे कामकाज में पारदर्शिता, जवाबदेही और भरोसा सुनिश्चित करते हैं। इस अवसर पर ब्रिक एंड बोल्ट के को-फाउंडर और सीईओ जयेश राजपुरोहित ने लॉन्च पर कहा, गुरुग्राम एक्सपीरियंस सेंटर ब्रिक एंड बोल्ट की लगातार बढ़ती सफलता और विकास का प्रमाण है।

### सफलतापूर्वक की गई जटिल रोबोटिक लीवर सर्जरी

**नई दिल्ली।** मिनिमली इनवेसिव लीवर सर्जरी के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण प्रगति के तहत, धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशियलिटी अस्पताल, दिल्ली में एक दुर्लभ और कॉम्प्लेक्स रोबोटिक हेपेटेक्टॉमी सफलतापूर्वक की गई। इस प्रक्रिया में लीवर के लेफ्ट लैटरल सेगमेंट को निकाला गया, जिसे डा विंची रोबोटिक सर्जिकल सिस्टम की मदद से किया गया, जो उन्नत सर्जिकल तकनीक की प्रिसिशन और मरीज की रिकवरी के फायदे उजागर करता है। मरीज, नंदा देवी, 59 वर्षीय उत्तराखंड निवासी, का लीवर के बाएँ लोब में कॉम्प्लेक्स सिस्टिक लीशन का उपचार हुआ। लीशन के नजदीक महत्वपूर्ण ब्लड वेसल्स और बाइल डक्ट्स के कारण यह केस सर्जिकल रूप से बहुत चुनौतीपूर्ण था। सर्जरी का नेतृत्व डॉ. कपिल कुमार कुर्सीवाल, सीनियर कंसल्टेन्ट जी आई सर्जरी एंव ऑन्कोलॉजी, बैरिएट्रिक और मिनिमल एक्सेस सर्जरी ने किया, जो अस्पताल की समर्पित मल्टीडिसिप्लिनरी टीम के सहयोग से हुई।

# मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम को लेकर अभियान तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने बताया कि मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) सभी जोन में व्यापक स्तर पर कार्रवाई कर रहा है। निगम का जन स्वास्थ्य विभाग मलेरिया इंस्पेक्टर, डोमेस्टिक ब्रीडिंग चेकर (डीबीसी) वर्कर, फील्ड स्टाफ और अधिकारियों के माध्यम से जमीनी स्तर पर अभियान को और तेज कर दिया है। सभी जोनों में वार्ड स्तर पर विशेष अभियान और जन-जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। लगभग ३,००० डीबीसी वर्कर और २,००० फील्ड वर्कर मिशन मोड में सभी जोनों में मच्छर प्रजनन की जांच एवं नष्ट करने का कार्य कर रहे हैं। सत्या शर्मा ने बताया की बीमारियों की रोकथाम के लिए कई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

जमीनी स्तर पर कार्य को और मजबूत करने के लिए प्रत्येक वार्ड में ४ से ६ हैंड फॉगिंग मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं, ताकि शीघ्र और प्रभावी छिड़काव हो सके। इसके अतिरिक्त, मुख्यालय स्तर पर एक विशेष निरीक्षण टीम का गठन किया गया है जो सभी जोनों में मच्छर रोधी उपायों की प्रगति की निगरानी और समीक्षा करेगी। उन्होंने कहा कि डीबीसी वर्करों को बीट-वार क्षेत्र आवंटित किए गए हैं, जहाँ वे लोगों को स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ घर-घर जाकर मच्छर प्रजनन की जांच और नष्ट करने का कार्य कर रहे हैं।

इसी प्रकार फील्ड वर्करों को बीट-वार क्षेत्र दिए गए हैं, जहाँ वे नालियों और सार्वजनिक स्थलों पर जमा पानी में कीटनाशक का छिड़काव कर रहे हैं। श्रीमती शर्मा ने यह जानकारी दी कि बीमारियों की रोकथाम के लिए कई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। सभी जोनों में नियमित रूप से एंटी-लार्वा उपाय किए जा रहे हैं। इस वर्ष अब तक २६७५९७७९ घरों का निरीक्षण किया गया, जिनमें से १३७०४३ घरों में मच्छर प्रजनन पाया गया।

## आप नेता सौरभ भारद्वाज के घर ईडी की छापेमारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निद. शालय ईडी ने आम आदमी पार्टी नेता सौरभ भारद्वाज के घर पर छापेमारी की है। बताया गया कि एक अस्पताल निर्माण परियोजना में कथित अनियमित ताओं के सिलसिले में यह कार्रवाई की गई है।

दिल्ली में अस्पतालों के निर्माण में कड़ोरों का घोटाला करने के मामले ने ईडी ने दिल्ली-एनसीआर में १३ जगहों पर छापेमारी की। जिन जगहों पर छापेमारी की उनमें आप के नेता सौरभ भारद्वाज के आवास, परियोजनाओं में शामिल ठेकेदार, बिचौलिए और सरक. ारी अधिकारी शामिल हैं।

# मेट्रो किराया बढ़ोतरी से पैसेंजर नाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मेट्रो किराया बढ़ोत्तरी से नाराज दफ्तर जाने वाले कामकाजी लोगों और कॉलेज के छात्रों की नाराजगी साफ नजर आई। महंगाई की मार झेल रही जनता ने कहा कि अब मेट्रो में सफर करना भारी पड़ने वाला है। मेट्रो में किराया वृद्धि के फैसले के विरोध में कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर हमला बोला है। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने इसे जनविरोधी और गरीब विरोधी कदम करार देते हुए तुरंत वापस लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार जनता की जरूरतों के बजाय हमेशा उसके खिलाफ फैसले ले रही है। देवेंद्र यादव ने बताया कि दिल्ली मेट्रो ने २५ अगस्त से किराये में एक से चार रुपये तक की वृद्धि का फैसला उन गरीब और मध्यम वर्गीय यात्रियों पर सीधा बोझ डालेगा जो पहले से ही महंगाई की मार झेल रहे हैं।

कई यूजर ने मेट्रो प्रबंधन को कहा कि माह के अंतिम सोमवार की सुबह सबसे पहले किराया बढ़ने को लेकर बताया गया और फिर उसी दिन उसे लागू भी कर दिया गया है। कम से कम इसे लागू करने से एक सप्ताह पहले सूचना भी तो देनी चाहिए।



**विजेंद्र गुप्ता दिल्ली विधानसभा फैलोशिप की घोषणा करते हुए।**

# हम लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करने को लेकर प्रतिबद्धः विजेंद्र गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** यह हमारी यात्रा की केवल शुरुआत है -हम लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करने, पारदर्शिता और जवाबदेही को और बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं," यह बात दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कही। यह प्रेस कॉन्फ्रेंस २४-२५ अगस्त २०२५ को सम्पन्न दो दिवसीय ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस २०२५ के उपरांत आयोजित की गई थी। गुप्ता ने दिल्ली विधानसभा फैलोशिप की घोषणा की, जिसके अंतर्गत संसदीय इतिहास और परंपराओं के गंभीर अध्ययन को प्रोत्साहन मिलेगा, विशेषकर श्री वीर विठ्ठलभाई पटेल के योगदान और व्यापक सुधारवादी एजेंडा पर शोध को बढ़ावा दिया जाएगा। यह फैलोशिप शोधकर्ताओं को गहन अध्ययन का अवसर प्रदान करेगी और उनके अनुसंधान और शोध को जन-सामान्य तक पहुँचाएगी। उन्होंने बताया कि विधान सभा पुस्तकालय का डिजिटलीकरण कार्य चल रहा है, जिसे छह माह में पूरा कर जनता और शोधकर्ताओं के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।

गुप्ता ने कहा कि वीर विठ्ठलभाई पटेल के प्रथम भारतीय अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण की शताब्दी का यह आयोजन केवल ऐतिहासिक स्मरण नहीं, बल्कि पारदर्शिता, जवाबदेही और नागरिक- केंद्रित शासन के प्रति नई प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है। ३१ में से 29 पीठासीन अधिकारियों की भागीदारी इस सम्मेलन की ऐतिहासिक सफलता और संघीय एकता का प्रमाण है। अतिथियों को बांसेरा पार्क का भ्रमण तथा भीमराव अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय स्मारक पर श्रद्धांजलि का अवसर भी दिया गया।

## 5वें बाघ शावक की मौत ने चिड़ियाघर प्रबंधन पर लगाया सवालिया निशान

**नई दिल्ली।** दिल्ली के चिड़ियाघर में मातम का सा माहौल है । सात साला रायल बंगाल बाघिन अदिति का एक और शावक मर जाने के बाद चिड़ियाघर प्रबंधन को लेकर हर पशु प्रेमी हैरान है। एक शावक का अभी इलाज चल रहा है। अदिति ने चार अगस्त को छह शावकों को जन्म दिया था। अब तक उसके कुल पांच शावक मर चुके हैं। चार पहले ही मर गए थे। लगातार मर रहे शावकों से चिड़ियाघर प्रबंधन की संरक्षण योजना पर सवाल खड़े हो गए। चिड़ियाघर प्रबंधन के मुताबिक, जन्म के कुछ दिन बाद ही शावकों ने दूध पीना बंद कर दिया और उनमें संक्रमण के लक्षण दिखने लगे।

# प्रोडक्शन व आरएंडडी सुविधा की नींव रखी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एपिरॉक एबी ने आज भारत के नासिक में नए प्रोडक्शन और आरएंडडी सुविधा की नींव रखी है।

यह नई सुविधा एपिरॉक की उस प्रतिबद्धता का हिस्सा है, जिसके तहत कंपनी भारत और दुनिया भर के ग्राहकों को हाई-क्वालिटी प्रोडक्ट और समाधान उपलब्ध कराती है, जो सेफ्टी व प्रोडक्टिविटी को और मजबूत बनाते हैं। यह नई साइट माइनिंग और कंस्ट्रक्शन क्षेत्र के ग्राहकों के लिए अंडरग्राउंड और सरफेस इक्विपमेंट को डेवेलोप, इनोवेट और प्रोड्यूस करेगी। एपिरॉक की प्रेसिडेंट और सीईओ हेलेना हेडब्लॉम ने कहा, ष्नासिक में नई सुविधा हमारे लिए तेजी से बढ़ते और बेहद महत्वपूर्ण भारतीय बाजार में अपनी मौजूदगी को और विस्तार देने की दिशा में एक अहम कदम है।

एपिरॉक इंडिया के प्रेसिडेंट अरुणकुमार गोविंदराजन ने कहा, ष्भारत में इस विस्तार को लेकर हम बेहद उत्साहित हैं, क्योंकि यहाँ हमें जबरदस्त विकास की संभावना दिखाई देती है।

# कैट ने किया नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म्स पर सम्मेलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने आज नई दिल्ली के रफी मार्ग स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में ' नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म्स पर व्यापारी सम्मेलन' का सफल आयोजन किया। इस सम्मेलन में देशभर के प्रमुख व्यापारी, कर विशेषज्ञ और नीति-निर्माता एकत्रित हुए और जीएसटी को अधिक सरल, पारदर्शी तथा व्यापारी-हितैषी बनाने के लिए आवश्यक सुधारों पर विस्तार से चर्चा की। सम्मेलन की अध्यक्षता 'सांसद एवं कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल' ने की। उन्होंने जीएसटी को भारत के लघु एवं मध्यम व्यापारियों की वास्तविकताओं के अनुरूप ढालने की आवश्यकता पर बल दिया।

खंडेलवाल ने वर्तमान जी एसटी व्यवस्था में व्यापारियों को हो रही कठिनाइयों को रेखांकित करते हुए इसके सुधार हेतु रचनात्मक सुझाव प्रस्तुत किए, ताकि व्यापार सुगमता सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि व्यावहारिक जीएसटी संरचना न केवल अनुपालन को आसान बनाएगी बल्कि कर संग्रह को बढ़ाएगी, कर आधार का विस्तार करेगी और आर्थिक विकास को गति देगी।

'कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.सी. भारतिया' ने कहा कि 'रिटर्न फाइलिंग को सरल बनाने, कर स्लैब का तार्किक पुनर्गठन करने, जीएसटी पोर्टल की तकनीकी खामियों को दूर करने और छोटे व्यापारियों पर अनुपालन का बोझ कम करने जैसे अनेक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। व्यापारियों ने यह आम सहमति व्यक्त की कि जीएसटी सुधार व्यापार वृद्धि को प्रोत्साहित करने और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्सः 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं



फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्षः भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# सुंदरदीप कॉलेज में शैक्षणिक सत्र दीक्षारंभ का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सुंदरदीप कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में सीसीएसयू, मेरठ से सम्बद्ध बीबीए और बीसीए पाठ्यक्रमों के नए शैक्षणिक सत्र ष्दीक्षारंभ का शुभारंभ बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। यह भव्य ओरिएंटेशन कार्यक्रम कॉलेज परिसर स्थित एडमिन ब्लॉक के सेमिनार हॉल में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों के पंजीकरण के साथ हुई। इसके बाद माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना के साथ समारोह का औपचारिक शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्वेता बेरी, संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी महनादया यूनिवर्सल कंसल्टेंसी प्रा. लि., के रूप में उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का स्वागत भाषण डॉ दीपा कवर, उप निदेशक, सुंदरदीप कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ पदाधिकारियों- महेंद्र अग्रवाल चांसलर, अखिल अग्रवाल वाइस चेयरमैन, नितिन अग्रवाल प्रो-चांसलर, प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार कुलपति, पीयूष श्रीवास्तव प्रो-वीसी एडमिनतथा डॉ राजीव रतन रजिस्ट्रार भी उपस्थित रहे और विद्यार्थियों को अपने प्रेरक विचारों से मार्गदर्शन प्रदान किया। पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन एवं समन्वयन सहायक प्राध्यापक अंशु कौशिक और वंदना शर्मा ने किया। विभागीय परिचय और शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी गई, साथ ही प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट से संबंधित प्रस्तुति बृजेंद्र सिंह, निदेशक (प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट) द्वारा दी गई। समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन डॉ. रवि प्रसाद, विभागाध्यक्ष (बीबीए) द्वारा किया गया। अंत में विद्यार्थियों को जलपान कराया गया तथा उन्हें कैंपस का भ्रमण भी कराया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के निदेशकगण, प्राध्यापकगण और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में नए सत्र को लेकर गजब का उत्साह और उमंग देखने को मिला।

# मोदीनगर तहसील परिसर में चोरों ने दो सरकारी कार्यालयों में की सेंधमारी





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** अपराधियों के हौंसले कितने बुलंद हैं कि गत रात्रि उन्होंने मोदीनगर तहसील परिसर में स्थित सब रजिस्ट्रार कार्यालय में जहां दीवार में कूमल कर अंदर घुस गए वही साथ ही साथ आर0के ऑफिस में दरवाजे के ताला तोड़कर अंदर कई अलमा. रियों के ताले तोड़ दिये, हालाँकि उनके हाथ कुछ ना लगने से नुकसान नहीं हुआ। मोदीनगर तहसील परिसर में ग्राउंड फ्लोर पर एसडीएम, एसीपी व तहस. ीलदार के ऑफिस हैं उन्हीं के साथ आरके (रजिस्ट्रार कानूनगो) का भी ऑफिस है जिसमे सोमवार रात में चोरों ने दरवाजे के ताला तोड़कर अंदर रखी कई अलमारियों के ताले भी तोड़ दिए लेकिन ऑफिस में किसी भी प्रकार का धन नही होने के कारण कुछ ले जा नही सके।

वही प्रथम तल पर स्थित सब रजिस्ट्रार (बैनामा कार्यालय) ऑफिस की दीवार में कूमल कर अंदर घुस गए व चोरी का प्रयास किया लेकिन उनके हाथ कुछ नहीं लगा, क्योंकि जितना भी पैसा था व मजबूत सेफ में रखा होने की वजह से चोर उसे ना खोल सके ना ही तोड़ पाये। कुल मिलाकर किसी भी तरह का नुकसान नहीं हुआ है लेकिन क्षेत्र के सबसे प्रमुख स्थान तहसील परिसर जिसमें एसडीएम, एसीपी, तहसीलदार व अन्य सरकारी विभागों के कार्यालय हैं में दो दो सरकारी कार्यालयों में बेझिझक घुसकर चोरी का प्रयास कर चोरों ने पुलिस प्रशासन को खुली चुनोती तो दे ही दी है, आमलोग लह रहे हैं जब क्षेत्र के सभी प्रमुख अधिकारियों के कार्यालय होने के बावजूद भी चोर आसानी से घुस गये तो बाकी क्षेत्र का क्या होगा। एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना ने बताया कि घटना का मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीमों का गठन कर जॉच शुरू कर दी गयी है शीघ्र ही अपराधी सलाखों के पीछे होंगे।

# राजनगर एक्सटेंशन की सड़कों से हटाया अतिक्रमण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष के द्वारा अवैध अतिक्रमण हटाने के दिए गए आदेशों के क्रम में आज दिनांक 26 अगस्त 2025 को प्राधिकरण के जोन-01 के अंतर्गत आने वाले राजनगर एक्सटेंशन की 45, 30 मीटर एवं अन्य चौड़ी सडकों से प्राधिकरण के प्रवर्तन और अभियंत्रण अनुभाग के द्वारा संयुक्त रूप से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई।

कार्यवाही के दौरान ज्योति सुपर के गेट के सामने टीन शेड डाल कर प्रसादम भोजनालय के नाम से अतिक्रमण किया गया था, जिसे ध्वस्त कर दिया गया। इसके अतिरिक्त एक दर्जन से अधिक रेहडी पटरी वालों को भी हटाया गया। प्रवर्तन प्रभारी ने इस दौरान चेतावनी दी कि भविष्य में पुनः रोड पटरी आदि पर किसी तरह का अतिक्रमण किया जाता है तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उक्त कार्यवाही अभियंत्रण एवं प्रवर्तन के संयुक्त प्रयासों से संपन्न हुआ। कार्यवाही के समय अभियंत्रण और प्रवर्तन जोन-01 के तमाम स्टाफ के साथ प्राधिकरण का तमाम पुलिस बल स्टाफ और स्थानीय थाना पुलिस बल भी उपस्थित रहा।

# राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने सांसद अतुल गर्ग को जन्मदिन की दी बधाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल की टीम ने गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग को उनके जन्मदिवस के अवसर पर शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर मंडल के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सांसद अतुल गर्ग को प्रतीक चिन्ह, बुके एवं पटका पहनाकर अभिनंदन किया और उनके दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की मंगलकामना की। जन्मदिन की बधाई देने वालों में राष्ट्रीय व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष बालकिशन गुप्ता, प्रदीप चौधरी, रितेश शर्मा, अशोक भारतीय, सौरभ यादव, काजल छिब्बर, विक्रांत सैनी, मनोज शर्मा, प्रवीण भाटी सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सवारियों से भरी ई-रिक्शा नदी में पलटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** क्षेत्र की पहाड़ा नदी में सवारियों से भरी एक ई-रिक्शा पलटने का वीडियो सोशल मीडिया पर जोरो से वायरल हो रहा है। रिक्शा के नीचे दबने से एक महिला घायल हो गई। ग्रामीण पिछले कई वर्षों से पहाड़ा नदी पर पुल बनवाने की मांग करते आ रहे है।

बढ़ापुर-सरदारपुर छायली मार्ग पर बहने वाली पहाड़ा नदी का जलस्तर कम तो हो गया। लेकिन ग्राम सरदारपुर छायली, चकउदयचंद, बहेड़ी और काशीवाला के ग्रामीणों की मुश्किलें कम नही हो रही है। नदी किनारे जमा कीचड़ और पानी में गहरे गड्ढे लगातार हादसों को दावत दे रहे है। सवारियों से भरी एक ई-रिक्शा का नदी में पलटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो दो दिन पुराना बताया जा रहा है। ग्राम चकउदयचंद निवासी सुधीर कुमार बढ़ापुर से कुछ सवारियों और पढ़ने वाले बच्चों को लेकर गांव जा रहा था। पहाड़ा नदी में पहुंचने पर ई-रिक्शा का पहिया गड्ढें में जा गिरा और रिक्शा पलट गई। वहां पर मौजूद लोगों ने दौड़कर पलटी रिक्शा को सीधा कर सवारियों और बच्चों को निकाला। रिक्शा के नीचे दबने से ग्राम चकउदयचंद निवासी मुशायदा पत्नी अहसास घायल हो गई। वही सोमवार को ग्राम चकउदयचंद, सरदारपुर, बहेड़ी व काशीवाला के दर्जनों ग्रामीण नगीना एसडीएम से मिले और ज्ञापन सौंपकर नदी पर पुल निर्माण की मांग की है।

# नालों को जल्द से जल्द ठीक कराया जाए: आरिफ मलिक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** वार्ड 93 कैला भट्टा के पार्षद पति आरिफ मलिक के द्वारा पत्र के माध्यम से नगर आयुक्त को सूचना दी गई कि अमन कालोनी में नालों की सफाई के लिए नालों को जगह जगह से तोड़ दिया गया था। उनके द्वारा बताया गया कि पहले भी नाले में गिरने की वजह से कई बच्चों की मौत हो चुकी है। उन्होंने नालों को जल्द से जल्द ठीक कराने को मांग की गई है।

# भारतीय किसान यूनियन का धरना दूसरे दिन भी जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन का धरना प्रदर्शन एसडीएम कार्यालय पर आज दूसरे दिन भी जारी रहा। किसानों की अंश निर्धारण, चक रोड की समस्याएं, वन विभाग की समस्या, आवारा पशुओं की समस्या, विद्युत विभाग की समस्याओं को लेकर तहसील पर धरना प्रदर्शन चल रहा है।

समस्याओं को लेकर एसडीएम शैलेंद्र कुमार कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए, धरना जारी है। किसान गांव-गांव घूम कर बड़ी पंचायत की तैयारी में लग गए हैं। जब तक समस्याओं का समाधान नहीं होगा तब तक धरना जारी रहेगा। ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार, अजय कुमार, महेंद्र सिंह, वीरेश राणा, योगेंद्र सिंह, नीटू, सोनू, गिरिराज, मुकुल, सत्यपाल, अभिषेक, गोपी, संतराम, शकील, ज्ञान सिंह, विजेंद्र, आदिल जैदी, आकाश चौधरी, दुष्यंत कुमार, बब्बू, हिमांशु, जय सिंह, हरदीप, प्रियांशु, रजत, सूरज सिंह, अर्जेन्द्र सिंह आदि किसान यूनियन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता धरने में उपस्थित रहे।

# विवेक के देवता श्री गणपति: दिव्य गुरु आशुतोष महाराज जी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** 'गणपति बाप्पा मोरया!' 'गणपति बाप्पा मोरया!'... महाराष्ट्र की गलियों में आप इन जय-धुनों को इस माह भरपूर रूप से सुन सकते हैं। जैसे-जैसे गणेशोत्सव की पदचाप बढ़ती है और यह महापर्व निकट आता है, वैसे-वैसे यह जयधुन ऊँची और प्रखर होती चली जाती है-'गणपति बाप्पा मोरया!' लेकिन क्या जो हम कहते हैं, उसका सही अर्थ भी समझते हैं? जो हम करते हैं, उन क्रियाओं में छिपे रहस्यों को भी जानते हैं? क्या है इसका गूढ़ार्थ? 'बाप्पा' प्यार से भगवान गणपति के सगुण स्वरूप को कहा गया है। 'मोरया', जिसे मराठी में 'समोर या' भी कहते हैं, का मतलब होता है- 'सामने आ!' इसलिए 'गणपति बाप्पा मोरया' का पूरा अर्थ हुआ-'हे गणपति देवा! तू सगुण रूप में हमारे सामने आ! तू साकार होकर हमारे जीवन में उतर!' ऐसा नहीं है कि बाप्पा ने हमारी इस विनय को हमेशा अनसुना किया हो। मुद्गल पुराण में विघ्नविनाशक गणपति के अनेक अवतारों का वर्णन है, जिनमें वे सगुण रूप धरकर हमारे सामने आए। अगर उन अवतारों के केवल नाम-नाम भी हम यहाँ लिखेंगे, तो न जाने कितने पृष्ठ भर जाएँगे? इसलिए कह सकते हैं कि अनंत बार बाप्पा ने हमारी 'गणपति बाप्पा मोरया' की अर्जी को स्वीकार किया है। इन समस्त अवतरणों से सम्बन्धित अनेक गाथाएँ पुराणों में दी गई हैं। भिन्न होने पर भी इन सभी गाथाओं में कुछ तथ्य एक समान ही हैं।

# आरओबी से प्रभावित व्यापारियों ने तहसील में प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** हापुड़ रोड रेलवे फाटक पर बनने वाले रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) के निर्माण के कारण तोड़ी जाने वाली दुकानों के पीड़ित व्यापारियों ने मंगलवार को तहसील में अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन एसडीएम की अनुपस्थिति में नायाब तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गयी है कि जिन व्यापारियों की दुकानें इस आरओबी की वजह से तोड़ी जायेंगी उन्हें चाहे वह मालिक हो अथवा किराएदार सभी को दूसरी दुकान दिलवायी जाये व अधिकाधिक मुआवजा दिया जाये।ताकि उनका व उनके परिवार का जीवकोपार्जन हो सके। दर्जनों व्यापारी मौजूद रहे।

# गिन्नी देवी की छात्राओं ने किया ओ-ग्रेड प्रिंटिंग इंडस्ट्री में शैक्षिक भ्रमण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पी.जी. कॉलेज, मोदीनगर में मेधा ग्रुप के तत्वाधान में नोएडा सेक्टर 7 में स्थित ओ- ग्रेड प्रिंटिंग इंडस्ट्री में शैक्षिक भ्रमण कराया गया। भ्रमण का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर पूनम शर्मा जी के द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित करके किया गया। सीखने- सिखाने के प्रयासों में ज्ञान को महाविद्यालय के बाहर के जीवन से जोड़ने की महत्वपूर्ण कड़ी शैक्षिक भ्रमण है अत: प्रिंटिंग उद्योग की विजिट से तकनीक और उपकरण को समझने, उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के निर्माण को देखने, डिजाइन लेआउट के व्यावहारिक पहलुओं को जानने और गुणवत्ता नियंत्रण आदि प्रक्रियाओं को समझने में सहायता मिलती है जो भविष्य में स्वरोजगार या बेहतर प्रिंटिंग समाधान चुनने के लिए महत्वपूर्ण है। शैक्षिक भ्रमण में 40 छात्राओं ने सहभागिता की। समस्त छात्राएं, शिक्षिकाएं तथा मेधा ग्रुप के मेंबर्स प्रखर मिश्रा, वैभव, अतुल झा तथा आदित्य कुमार प्रात बस द्वारा महाविद्यालय परिसर से नोएडा, सेक्टर-7 के लिए रवाना हुए। तत्पश्चात प्रिंटिंग इंडस्ट्री का भ्रमण किया गया तथा छात्राओं ने शर्ट प्रिंटिंग जो की पिगमेंट डाई से की जा रही थी, उसका पूर्ण रूप से अवलोकन किया तथा उसके बाद क्यूरिंग मशीन जिसमें कलर फास्ट हो जाता है, उसकी संपूर्ण जानक. ारी प्राप्त की। कार्यक्रम का नेतृत्व डॉक्टर मीनू अग्रवाल, डॉक्टर राखी मित्तल तथा गायत्री द्वारा किया गया। शैक्षिक भ्रमण की सफलता पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर पूनम शर्मा ने छात्राओं और शिक्षिकाओं को बधाई दी।

# श्री कृष्ण जी की छठी के अवसर पर श्री चामुंडा देवी मंदिर में किया भंडारे का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भगवान श्री कृष्ण जी की छठी के अवसर पर सुंदरपुरी के श्री चामुंडा देवी मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें वार्ड नंबर 26 के पार्षद राजकुमार (राजू), पूर्व पार्षद एडवोकेट सुनील यादव, जितेंद्र चंदेल ( जीतू ), डॉ बृजमोहन सिंह (गोल्डी ), डॉ मोबीन , चौधरी सुरेंद्र सिंह, मनोज यादव ( पप्पी ) राम टेंट के ओमप्रकाश, राजीव कुमार, गुप्ता जी, डॉ सनी बक्शी, आचार्य संजय शुक्ला, नितिन चौहान, संजय शर्मा जगवीर ठाकुर, विक्की नरूला, मोहन, विकास ठाकुर, नवीन चंदेल आकाश चंदेल, शिवम ठाकुर, कृष्णमणि पंडित, बसंत ठाकुर, लालमोहर ठाकुर ,सुशील ठाकुर, नरेश ठाकुर, एहसान भारती, सागर, राम शंकर पाठक, बनवारी, योगेश ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

# सब जूनियर बालक व बालिका राष्ट्रीय शूटिंग बॉल चैंपियनशिप का किया गया आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में बिहार शूटिंग बॉल एसोसिएशन द्वारा 44 वी सब जूनियर बालक एवं बालिका राष्ट्रीय शूटिंग बॉल चैंपियनशिप का आयोजन बोध गया बिहार में किया गया। जिसमें 23 राज्यों के लगभग 600 बालक, बालिकाओं ने भाग लिया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि डॉक्टर प्रेम कुमार, सहका. रिता मंत्री, बिहार सरकार रहे। एशियाई शूटिंग बॉल फेडरेशन के महासचिव रविंद्र सिंह तोमर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। बालिका वर्ग में उत्तर प्रदेश की टीम राष्ट्रीय चैंपियन बनी। उत्तर प्रदेश में क्वार्टर फाइनल मैच में वेस्ट बंगाल को 21-11, 21- 12 से, सेमीफाइनल मैच में उत्तर प्रदेश ने हरियाणा को 21-13, 21 -13 से तथा फाइनल मैच में उत्तर प्रदेश ने महाराष्ट्र को 21-10,21 -18 से हराकर राष्ट्रीय चौंपियन बनने का गौरव हासिल किया। महाराष्ट्र दूसरे तथा हरियाणा तीसरे स्थान पर रहे।

# औद्योगिक समस्याओं के लेकर किया गया बैठक का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार समाज कल्याण असीम अरुण, अभिनव गोपाल (आईएएस) मुख्य विकास अधिकारी, श्रीनाथ पासवान उपायुक्त उद्योग एवं प्रोत्साहन केंद्र व अधिकारीगण, आर. एस. यादव डीजीएम यूपीएसआईडीए व प्रदीप सत्यार्थी क्षेत्रीय प्रबंधक यूपीएसआईडीए तथा अधिकारीगण, नगर निगम के अधिकारीगण, विद्युत विभाग के अधिकारीगण के साथ साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र की औद्योगिक समस्याओ के त्वरित निस्तारण हेतु डाबर इंडिया लिमिटेड साइट-4, साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एरिया के सभागार कक्ष में इंडस्ट्रियल एसोसिएशन ट्रांस हिंडन साहिबाबाद व साहिबाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के साथ एक संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में इंडस्ट्रियल एसोसिएशन ट्रांस हिंडन के अशोक चौधरी अध्यक्ष, मनोज तोमर वरिष्ठ महासचिव, संजीव त्यागी महासचिव, प्रवेश चतुर्वेदी, एमएस रावत, इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के राजेंद्र शर्मा चेयरमैन, दिनेश मित्तल अध्यक्ष, अजीत तोमर उपाध्यक्ष, मुकेश गुप्ता महासचिव, हनुमान लखोटिया एग्जीक्यूटिव मेंबर ने उपस्थित होकर मंत्री जी को बुक्के, सम्मान प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र की औद्योगिक समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा औद्योगिक समस्याओं पर ज्ञापन देकर अवगत कराया गया।

# आईटीएस डेंटल कॉलेज में फैकल्टी डेवलपमेंट एवं स्किल्स एनहैंसमेंट कार्यक्रम का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आईटीएस डेंटल कॉलेज द्वारा दो दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट एवं स्किल्स एनहैंसमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय सिस्टेमैटिक रिव्यू एवं मेटा-एनालिसिस था, जिसमें 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों में कॉलेज के सभी फैकल्टी सदस्य एवं एमडीएस विद्यार्थी शामिल रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ एमएस मुथु, प्रोफेसर एंड एचओडी, सेंटर फॉर अर्ली चाइल्डहुड कैरीज रिसर्च, एडिषनल डीन, रिसर्च, रामचंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेषन एंड रिसर्च, चेन्नई रहे। कॉलेज के डायरेक्टर-प्रिंसिपल, डॉ देवी चरण शेट्टी द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। उन्होंने चिकित्सा अनुसंधान में सिस्टमैटिक रिव्यू की अहमियत पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह प्रमाण-आधारित चिकित्सा की आधारशिला है, जो शोध की गुणवत्ता और दिशा दोनों को मजबूती प्रदान करती है। पहला दिन की शुरुआत सिस्टमैटिक रिव्यू एवं मेटा-एनालिसिस की मूल अवधारणाओं से हुई। इसके अंतर्गत पीआईसीओ फ्रेमवर्क का उपयोग कर रिसर्च प्रश्नों का निर्माण, विभिन्न डेटाबेस में साहित्य खोज, आलोचनात्मक मूल्यांकन के उपकरणों का प्रयोग एवं मेटा-एनालिसिस हेतु स्टेटिस्टीकल सॉफ्टवेयर की कार्यप्रणाली पर विस्तृत चर्चा हुई। इसके अतिरिक्त प्रतिभागियों ने हैंड्स- ऑन सेशंस में बढ-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दूसरे दिन डॉ मुथु ने प्रतिभागियों को शोध हेतु भारत सरकार द्वारा उपलब्ध वित्तपोषण एजेंसियों एवं आईसीएमआर अनुदानों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार नवोदित शोधकर्ताओं को प्रोत्साहित कर रही है और चिकित्सा अनुसंधान को नई दिशा दे रही है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किये गये। इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी प्रतिभागियों को दंत चिकित्सा के क्षेत्र में नवीनतम ज्ञान प्राप्त हुआ जिसके लिये सभी ने आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आरपी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।

**संबंध विच्छेद**

हमने अपने पुत्र शिवम त्यागी एवं पुत्रवधू साक्षी त्यागी को उनके गलत आचरण के चलते अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। साक्षी त्यागी एवं शिवम त्यागी के द्वारा किए गए किसी भी गैर कानूनी कृत्य से हमारा कोई लेना देना नहीं होगा भविष्य में उनके प्रति हमारा कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।

**कुसुमलता पत्नी जयभवान त्यागी एवं जय भगवान त्यागी पुत्र जयप्रकाश त्यागी निवासीगण मं. नं.- 346 चंद्रशेखर गेट न्यू डिफेंस कॉलोनी मुरादनगर गाजियाबाद।**

# आने वाले वर्षों में दिखेंगे दिल्ली में परिवर्तन: उपराज्यपाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सरदार पटेल विद्यालय में हरित परिवहन की पहल को बढ़ावा देने के लिए २४ से अधिक इलेक्ट्रिक बसों को रिबन काटकर रवाना किया। इस अवसर पर उपराज्यपाल श्री वी. के. सक्सेना ने कहा है कि दिल्ली आज सुरक्षित हाथों में है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मात्र छह महीने में दिल्ली की हवा बदलने की दिशा में कार्य शुरू किया है, वह सराहनीय है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी कहा कि प्रकृति के साथ जुड़ना ही प्रगति है। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली सरकार प्रदूषण को कम करने और हरित परिवहन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इलेक्ट्रिक बसों की शुरुआत केवल तकनीकी बदलाव नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक ठोस कदम है।

स्कूलों को ईवी बसें उपलब्ध कराना सरकार की प्रदूषण के खिलाफ एक प्रभावी पहल है। इसका उद्देश्य है कि स्कूली बच्चें प्रदूषण रहित बसों में यात्रा करें और मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ रहें। इस अवसर पर उपराज्यपाल श्री वी. के. सक्सेना ने विश्वास जताया कि आने वाले दो से तीन वर्षों में दिल्ली में ऐसे अद्भुत परिवर्तन दिखाई देंगे, जिनकी प्रतीक्षा लंबे समय से की जा रही थी। विद्यालय परिसर में छात्रों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की सराहना करते हुए उपराज्यपाल ने कहा कि आज पर्यावरण संरक्षण के लिए शुरू की गई इलेक्ट्रिक बसों के माध्यम से प्रतिदिन लगभग १२०० छात्रों का आवागमन होगा, जिससे ४००ख्र५०० निजी वाहनों का बोझ सड़कों से कम होगा। इससे न केवल प्रदूषण घटेगा, बल्कि यातायात व्यवस्था भी सुगम होगी। उन्होंने यह भी कहा कि यदि सभी स्कूल और कॉलेज इस प्रकार की पहल करें, तो प्रदूषण की समस्या का बहुत हद तक समाधान हो सकता है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि यह पहल न केवल विद्यार्थियों के सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित करेगी, बल्कि दिल्ली की वायु गुणवत्ता में सुधार की दिशा में भी एक महत्त्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदूषण कम करना दिल्ली सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उपराज्यपाल की पहल पर सरकार पहले ही कूड़े के पहाड़ हटाने, धूल नियंत्रण, वृक्षारोपण और यमुना तट-विकास जैसे कई प्रयास कर रही है। अब स्कूली बसों को इलेक्ट्रिक मोड पर परिवर्तित करना इस दिशा में एक निर्णायक पहल है।

उन्होंने कहा कि प्राइवेट व सरकारी स्कूलों की डीजल-सीएनजी बसें भी प्रदूषण बढ़ाने में भूमिका निभाती हैं और यदि सभी स्कूल इन्हें इलेक्ट्रिक में बदलें तो राजधानी की हवा और अधिक स्वच्छ होगी। मुख्यमंत्री ने सरदार पटेल विद्यालय द्वारा दिल्ली सरकार के सहयोग से संपूर्ण बस बेड़े को ई-बसों में परिवर्तित करने की सराहना की। उन्होंने कहा कि अब दिल्ली की रगों में प्रदूषण नहीं, बल्कि स्वच्छ हवा बहेगी। उन्होंने यह भी घोषणा की कि दिल्ली सरकार सभी स्कूलों में पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास से जुड़े प्रतियोगिताओं का आयोजन करेगी, ताकि बच्चे प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी समझें और जीवनभर इन मूल्यों का पालन करें।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि देशभक्ति का अर्थ आज यह नहीं है कि केवल देश के लिए मरना पड़े, बल्कि हर नागरिक को प्रतिदिन यह सोचकर कार्य करना होगा कि वह अपने शहर व देश को स्वच्छ, सुरक्षित और प्रदूषणमुक्त बनाने में कितना योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे पास देश के लिए जीने और उसे आगे बढ़ाने का हर दिन अवसर है। जिस प्रकार इस विद्यालय ने इलेक्ट्रिक बसों को अपनी परिवहन फ्लीट में शामिल किया है, यह पहल न केवल प्रदूषण कम करने में सहायक होगी बल्कि बच्चों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करेगी। उन्होंने सरदार पटेल विद्यालय के प्रबंधन, अध्यापकों और छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय ने स्वच्छ और हरित दिल्ली की दिशा में एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

# एमडीएमए की तस्करी में दो सैन्यकर्मी पकड़े गए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सेना में तैनात दो लोग पार्टी ड्रग्स मिथाइलीनडाई ऑक्सी मेथाफेटामाइन (एमडीएमए) की तस्करी कर रहे थे। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने दोनों व्यक्तियों जिला जालौर, राजस्थान निवासी जसराज (२९) और जिला बाडमेर, राजस्थान निवासी थाना राम (२९) को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से ३.०८० किलाग्राम एमडीएमए बरामद की गई है।

अतंरराष्ट्रीय बाजार में बरामद ड्रग्स की कीमत १५ करोड़ रुपये से अधिक बताई जा रही है। आरोपी जिस कार का मादक पदार्थों की तस्करी के लिए इस्तेमाल करते थे उसका रजिस्ट्रेशन नंबर सेना का लिखते थे। दोनों ने बड़े पैमाने पर अपना नेटवर्क खड़ा कर लिया था। स्पेशल सेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरोपी मणिपुर से कार से ड्रग्स लेकर आते थे। ये लोग तस्करी के लिए अपने सेना के परिचय पत्र व वर्दी का इस्तेमाल करते थे। एसीपी नीरज कुमार ने टीम के साथ २४ अगस्त को धौला कुआं रिज क्षेत्र में घेराबंदी की और यहां सेना रजिस्ट्रेन नंबर की कार में इंतजार कर रहे दोनों लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी लेने पर कार में छिपाकर रखे गए ६ पैकेटों में पैक किए गए ३.०८० किलोग्राम एमडीएमए बरामद किया गया। ये कार प्रभु राम के नाम पर पंजीकृत है। इस संबंध में स्पेशल सेल के थाने में मामला दर्ज किया गया है। स्पेशल सेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि थानाराम राजपूताना राइफल में तैनात है। वह वर्ष २०२४ के मध्य से सेना से फरार था। ये एक वर्ष से पार्टी ड्रग्स की तस्करी में लगा हुआ है।

# जन सुनवाई शिविरों में अब संबंधित अधिकारियों का आना अनिवार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जिला राजस्व कार्यालयों के अधीन सप्ताहांत होने वाली जन सुनवाई शिविरों को और प्रभावी व अर्थपूर्ण बनाने के लिए नए आदेश् जारी किए गए हैं।

अब इन शिविरों में नामित अधिकारियों का आना अनिवार्य कर दिया गया है। अगर नामित अधिकारी यदि किसी कारणवश बैठक में भाग लेने में असमर्थ हों तो उन्हें संबंधित जिला मजिस्ट्रेट से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा। अब बिना अनुमति अनुपस्थित रहने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस मसले को लेकर सरकार के डिविजनल मजिस्ट्रेट ने एक आदेश जारी किया है और इसकी प्रति सभी विभागाध्यक्षों, दिल्ली नगर निगम , दिल्ली विकास प्राधिकरण , नई दिल्ली नगर पालिका परिषद और दिल्ली कैंट बोर्ड आदि के प्रमुखों को भी भेजी गई है। बैठक में यह जानकारी दी गई है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गत ७ अप्रैल को संभागीय आयुक्त और सभी जिलाधिकारियों के साथ हुई बैठक में यह निर्देश दिए थे कि प्रत्येक राजस्व जिले में सप्ताह में कम से कम एक बार जन सुनवाई शिविर आयोजित किए जाएं और विभिन्न उप-मंडलों में अंतर-विभागीय समन्वय समिति की बैठकें नियमित रूप से हों। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया था कि जनता से सीधे संवाद के इस महत्त्वपूर्ण मंच में केवल नामित अधिकारी ही उपस्थित हों और प्रतिनिधि अथवा अधीनस्थ कर्मचारियों को भेजना किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा। गत ४ जून को हुई समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा था कि नामित अधिकारी यदि किसी कारणवश उपस्थित होने में असमर्थ हों तो उन्हें संबंधित जिला मजिस्ट्रेट से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा।



दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना व मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सरदार पटेल विद्यालय में इलेक्ट्रिक बसों को रिबन काटकर रवाना करती हुई।

# 23 साल में मेट्रो हुई आठ गुना महंगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** २३ वर्षों के दौरान मेट्रो का अधिकतम किराया आठ रुपये से बढ़कर ६४ रुपये हो गया है। यानी ८०० फीसदी की बढ़ोतरी जबकि आमदनी में ५८ गुणा वृद्धि हुई है। वित्तीय वर्ष २००४-५ में मेट्रो परिचालन से ७२ करोड़ आए थे जो वित्तीय वर्ष २०२३-२४ में ४२०४ करोड़ रुपये हो गए हैं। मेट्रो परिचालन में खर्च वर्ष २००४-५ में ५२ करोड़ रुपये का खर्च हुआ था जबकि अब यह ३८३२ करोड़ रुपये हो गया है। शुरुआती दिनों में ०ख्र२ किमी का न्यूनतम किराया मात्र ४ रुपये था जो बढ़कर ११ रुपये हो गया है। ३२ किलोमीटर से अधिक की दूरी पर अब यात्री को ६४ रुपये चुकाने होंगे। मेट्रो के अब २८८ स्टेशन है। दिल्ली मेट्रो को दिल्ली ही नहीं बल्कि एनसीआर की भी लाइफलाइन कहा जाता है। मौजूदा समय मेट्रो में रोजाना औसतन ६० से ६५ लाख से अधिक यात्री सफर करते हैं। बीते ८ अगस्त को एक दिन में ही अधिकतम ८१.८७ लाख लोगों ने मेट्रो की सवारी की। इससे पहले यह रिकॉर्ड ७८.६७ लाख यात्रियों का था जो १८ नवंबर २०२४ को दर्ज किया गया था।

# बंजर होती जा रही दिल्ली-एनसीआर की मिट्टी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर की मिट्टी लगातार प्रदूषण और शहरीकरण की मार झेलते हुए बंजर होती जा रही है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ सॉइल एंड वॉटर कंजर्वेशन , देहरादून की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि कई जिलों की जमीन की उर्वरता और गुणवत्ता मान्य स्तर से नीचे गिर चुकी है।

विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि यदि हालात नहीं सुधरे तो अगले १० से १५ वर्षों में क्षेत्र का बड़ा हिस्सा कृषि योग्य नहीं रहेगा। रिपोर्ट के अनुसार गाजियाबाद के औद्योगिक इलाकों की मिट्टी में शीशा १८० मिलीग्राम प्रति किलो पाया गया, जबकि सुरक्षित सीमा ५० मिलीग्राम है। मिट्टी का जैविक कार्बन कंटेंट पिछले १५ वर्षों में ०.७५ से घटकर ०.४५% पर आ गया है। आईआईएस डब्ल्यूसी के सर्वे में फरीदाबाद की मिट्टी में आर्सेनिक का स्तर मानक सीमा (०.०१) से आठ गुना ज्यादा ०.०८ मिलीग्राम प्रति लीटर पाया गया है। यहां मिट्टी की नमी क्षमता २००५ से २०२३ के बीच २५% घट चुकी है। इसी तरह गुरुग्राम शहरीकरण ने मिट्टी की संरचना बिगाड़ दी है। यहां की ४०% जमीन माडरेटली डिग्रेडेड कैटेगरी में आ चुकी है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में कंस्ट्रक्शन वेस्ट और ठोस कचरे के दबाव से २०१० की तुलना में २०२४ में मिट्टी के उर्वरता सूचकांक (सॉइल फर्टिलिटी इंडेक्स) में ३०% की गिरावट दर्ज हुई। केंद्रीय भू-जल बोर्ड, राष्ट्रीय भूमि उपयोग व भूमि आवरण आकलन (एनबीएसएस एंड एलयूपी, नागपुर) तथा आईआईएसडब्ल्यूसी (देहरादून) की संयुक्त रिपोर्टों के अनुसार दिल्ली-एनसीआर की कुल भूमि का २७ से ३०% ही खेती योग्य बचा है। १९९० के दशक की शुरुआत में यह ४५% था। यानी पिछले तीन दशकों में खेती योग्य भूमि में औसतन १५ से १८% की गिरावट आई है। इस दौरान उर्वरता भी लगातार घटी है। मिट्टी की प्राकृतिक उत्पादकता में लगभग ४०% तक गिरावट दर्ज की गई है।

# उपराज्यपाल से डीडीए फ्री होल्ड प्रक्रिया को समयबद्ध करने का आग्रह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के नेता सदन ने दिल्ली के उपराज्यपाल श्री विनय कुमार सक्सेना को पत्र लिखा है । उन्होने पत्र के माध्यम से उपराज्यपाल वीके सक्सेना महोदय से निवदेन किया है कि वे दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) प्लाट अथवा फ्लैट की लीज को फ्री-होल्ड करने की प्रक्रिया को निश्चित समय सीमा में सरल व ऑनलाईन बनाने हेतु पॉलिसी बनाएं जिससे दिल्ली की जनता को राहत मिलेगी। पत्र में नेता सदन ने उपराज्यपाल से आग्रह किया है कि षजिस प्रकार दिल्ली नगर निगम के हाउस टैक्स, जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र एवं लाइसेन्स एवं दिल्ली के अन्य प्रमुख विभागों में बहुत सी प्रक्रियाओं को ऑनलाइन कर लोगों को घर बैठे सुविधाएं पहुचाई जा रही हैं, उसी प्रकार से डीडीए प्लाट व फ्लैट की लीज को फ्री-होल्ड करने की प्रक्रिया को भी ऑनलाईन किया जाए। उन्होंने कहा कि इन सभी सुविधाओं को ऑनलाइन करने से भ्रष्टाचार के मामलों में भी काफी कमी आई है। नेता सदन ने उपराज्यपाल को लिखे पत्र में कहा कि 'दिल्ली में डीडीए की विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत लाखों की संख्या में प्लॉट एवं फ्लैट १९९० से पहले के वर्षों से आबंटित किए गए हैं, जिन्हें बाद में लीज होल्ड से फ्री-होल्ड में परिवर्तित करने का प्रावधान है।

उन्होंन आगे कहा कि षपरन्तु फ्री-होल्ड करने की प्रक्रिया इतना लम्बी एवं जटिल है कि आम जनता एवं बुजुर्गों, महिलाओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, जिससे आम जनता के समक्ष डीडीए की छवि निरंतर धूमिल होती जा रही है। अत: आप से निवेदन है कि आप संबंधित अधिकारियों को आदेश दें कि वे निश्चित समय सीमा में डीडीए प्लाट व फ्लैट की लीज को फ्री-होल्ड करने की प्रक्रिया को सरल बनाने की कार्रवाई करें।

# ट्रैफिक चालान के नाम पर 1.58 लाख की ठगी, पंजाब से पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तरी-पश्चिम जिला की साइबर थाना पुलिस ने लंबित ट्रैफिक चालान के नाम पर १.५८ लाख की ठगी करने वाले जालंधर, पंजाब के रहने वाले आरोपी अजय कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने लंबित ट्रैफिक चालान के नाम पर पीडिघ्त के मोबाइल में एपीके फाइल इंस्टॉल कराई, मोबाइल हैक कर ठगी की रकम को मल्टीपल क्रेडिट कार्ड में ट्रांसफर किया था। जिसके बाद क्रेडिट कार्ड से रुपये निकाले और मनी ट्रेल तोडने के लिए बैंक खातों में जमा कराई गई। आरोपी के कब्जे से क्रेडिट कार्ड बरामद किया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते एक अगस्त को पीतमपुरा में रहने वाले आयुष गोयल से एक शिकायत मिली थी। बताया कि साइबर अपराधियों ने लंबित ट्रैफिक चालान के नाम पर उसे ठगकर १.५८ लाख हड़प लिए। आरोपी ने एक एपीके फाइल ट्रैफिक चालान के रूप में इंस्टॉल कराई थी। पुलिस ने मामला दर्ज किया। एसीपी राजीव कुमार की देखरेख में एसएचओ दिनेश दहिया के निर्देशन में पुलिस टीम को पता चला कि आरोपी ने अमेजन प्लेटफार्म का इस्तेमाल कर पीडिघ्त के खाते से धनराशि क्रेडिट कार्ड में ट्रांसफर की। आरबीआई दिशा-निर्देशों के अनुसार भुगतान एग्रीगेटर्स पूर्ण क्रेडिट कार्ड नंबर स्टोर नहीं करते, जिसके कारण प्रारंभिक जांच में कार्ड की कोई जानकारी नहीं मिली। बाद में मर्चेंट डेटा, पेमेंट एग्रीगेटर रिकॉर्ड, पेयी व लाभार्थी विवरणों को बारीकी से मिलान कर ट्रांजैक्शन को ट्रेस किया गया। तकनीकी व मानवीय इनपुट्स पर आरोपी अजय कुमार को जालंधर, पंजाब से गिरफ्तार कर लिया।




यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में भारत स्वाभिमान ट्रस्ट एवं हाम्रो स्वाभिमान ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में हरतालिका तीज महोत्सव के समापन अवसर पर मंत्री कपिल मिश्रा व अन्य।

# हरतालिका तीज महोत्सव का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत स्वाभिमान ट्रस्ट एवं हाम्रो स्वाभिमान ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में हरतालिका तीज महोत्सव २०२५ का भव्य आयोजन यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के मंत्री कपिल मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

यह उत्सव योग ऋषि स्वामी रामदेव जी और आचार्य बालकृष्ण जी द्वारा आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में भारत में नेपाल राष्ट्र के राजदूत श्री शंकर प्रसाद शर्मा, विधायक श्री संजय गोयल सहित बड़ी संख्या में नेपाली-गोरखाली समाज एवं दिल्ली के नागरिकों की सहभागिता ने कार्यक्रम को विशेष रूप से सफल बनाया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कपिल मिश्रा ने कहा कि दिल्ली सरकार इस प्रकार के आयोजनों में आगामी वर्ष से पूर्ण सहयोग और प्रतिबद्धता के साथ सहभागी बनेगी। हरता लिका तीज जैसे पर्व हमारी सांस्कृतिक धरोहर और आध्यात्मिक परंपरा को सशक्त बनाते हैं। यह आयोजन भारत और नेपाल के बीच अटूट सांस्कृतिक बंधन का प्रतीक है।मंत्री कपिल मिश्रा ने आगे कहा कि इस महोत्सव ने न केवल हरतालिका तीज की धार्मिक महिमा को उजागर किया बल्कि भारतीय और नेपाली संस्कृति के साझा मूल्यों और परंपराओं को भी जीवंत कर दिया। आगामी वर्ष से दिल्ली सरकार इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में खुद आगे आकर मदद करेगी। नेपाली समाज वीर, पराक्रमी और सनातनी परम्परा को आगे ले जाने वाला समाज है।

इस मौके पर यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स तीज की उमंग और उल्लास से सराबोर दिखा। महिलाओं ने शिव-पार्वती व्रत कथा का श्रद्धापूर्वक पालन किया और पारंपरिक गीत-संगीत एवं नृत्य की प्रस्तुतियों से वातावरण को भक्ति और उल्लास से भर दिया।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना खोलने का पहला शुद्धि पत्र**

सं. 128-डब्लू/280/एनआईटी-28/2024-25/डब्ल्यू-3 दिनांक 25.08.2025

विज्ञापित निविदा सूचना सं. 128-डब्लू/280/एनआईटी-28/2025-26/डब्ल्यू-3 दिनांक 12.09.2025 को जो एक निविदा यानी "एडीईएन/डीएलआई के अंतर्गत एसएसई/डब्ल्यू/डीएलआई/लाइन के खंड में पुल संख्या-4 लाइन संख्या 13, 24 एलपीओ, एलपीओ-2 के स्टील गर्डर को पीएससी स्लैब के साथ प्रतिस्थापित करना" अनुबंध मूल्य रु. 3,18,23,786.30 तथा बयाना राशि रु. 3,09,100/- को प्रशासनिक आधार पर IREPS से हटा दिया गया है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2585/25



**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

**महत्वपूर्ण सूचना**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित साप्ताहिक त्यौहार विशेष रेलगाड़ी के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

रेलगाड़ी सं. 08760/08761 दुर्ग जं.-हज़रत निज़ामुद्दीन-दुर्ग जं. साप्ताहिक त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 16 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 08760 आगमन | रेलगाड़ी सं. 08760 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 08761 आगमन | रेलगाड़ी सं. 08761 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 10.45 | दुर्ग जं. | 15.00 | ---- |
| 11.20 | 11.25 | रायपुर जं. | 13.50 | 13.55 |
| 13.20 | 13.30 | उस्लापुर | 11.50 | 12.00 |
| 14.55 | 14.57 | पेन्ड्रा रोड | 09.57 | 09.59 |
| 15.35 | 15.40 | अनूपपुर जं. | 09.15 | 09.20 |
| 16.15 | 16.17 | शहडोल | 08.35 | 08.37 |
| 17.09 | 17.11 | उमरिया | 07.36 | 07.38 |
| 18.40 | 18.50 | कटनी मुड़वारा | 06.10 | 06.20 |
| 20.20 | 20.22 | दमोह | 03.25 | 03.27 |
| 21.25 | 21.30 | सागर | 02.10 | 02.15 |
| 01.55 | 02.05 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं. | 21.30 | 21.40 |
| 06.35 | 06.40 | आगरा छावनी | 15.40 | 15.45 |
| 11.10 | ---- | हज़रत निज़ामुद्दीन | ---- | 12.30 |

चलने के दिन : 08760 दुर्ग जं. से प्रत्येक रविवार दिनांक 05.10.2025 से 23.11.2025 तक एवं 08761 हज़रत निज़ामुद्दीन से प्रत्येक सोमवार दिनांक 06.10.2025 से 24.11.2025 तक।

स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. (इकॉनोमी), शयनयान एवं सामान्य

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा-हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

2591/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# सड़कों के बेहतर प्रबंधन पर तकनीकी समाधानों के एकीकरण पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री परवेश साहिब सिंह ने भास्कराचार्य राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुप्रयोग और भू-सूचना संस्थान (बीआईएसएजी-एन) और पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के साथ बैठक में दिल्ली की सड़कों के बेहतर प्रबंधन और सुरक्षा के लिए तकनीकी समाधानों के एकीकरण पर जोर दिया।

सड़क संपत्ति मैपिंग, परियोजना निगरानी प्रणाली, गड्ढों और जलभराव डैशबोर्ड, डार्कस्पॉट निगरानी और स्ट्रीट लाइट ट्रैकिंग प्रणाली महत्वपूर्ण नागरिक-केंद्रित पहल हैं, जिन्हें मंत्री ने जल्द से जल्द शुरू करने के आदेश दिए। यह राजधानी में कुशल, पारदर्शी और जवाबदेह बुनियादी ढांचा सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है।परवेश साहिब सिंह ने कहा कि "पीडब्ल्यूडी दिल्ली की सड़कों के प्रभावी प्रबंधन के लिए प्रौद्योगिकी की शक्ति का उपयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है। ये डिजिटल प्लेटफार्म हमें वास्तविक समय में निगरानी, त्वरित प्रतिक्रिया और दीर्घकालिक समाधानों में मदद करेंगे, जिससे आम लोग हर कदम पर सुरक्षा और सुविधा का अनुभव कर सकें,"बैठक में, मंत्री ने पीडब्ल्यूडी सड़क संपत्ति मैपिंग एप्लिकेशन की समीक्षा की, जो निर्माणाधीन है। यह समाधान सभी सड़क संपत्तियों का जियो-टैगिंग के साथ डिजिटल इन्वेंट्री बनाएगा।यह पहल पारदर्शी योजना, कुशल रखरखाव और संसाधनों के इष्टतम उपयोग को सुनिश्चित करेगी।

यह प्रणाली एक डैशबोर्ड के माध्यम से ब्लैक स्पॉट, अतिक्रमण और सड़क सुरक्षा बुनियादी ढांचे में कमियों की पहचान करने में भी मदद करेगी।मंत्री ने आगे अधिकारियों को निर्देश दिया कि डैशबोर्ड में विधानसभा-वार रिपोर्ट प्रदान करने की सुविधा सुनिश्चित की जाए ताकि अधिक जवाबदेही और निगरानी हो सके।बैठक के दौरान, एक परियोजना निगरानी प्रणाली की समीक्षा की गई, जो ६१ करोड़ से अधिक की महत्वपूर्ण पीडब्ल्यूडी परियोजनाओं की निगरानी करेगी। यह प्रणाली अधिकारियों को प्रगति की निगरानी करने, समस्याओं की पहचान करने और हितधारकों से वास्तविक समय के अपडेट के साथ सुधारात्मक कार्रवाई करने में सक्षम बनाएगी। परवेश साहिब सिंह ने कहा कि यह प्रणाली परियोजनाओं को समय पर, कुशलता और पूर्ण पारदर्शिता के साथ पूरा करने में सुनिश्चित करेगी, जिससे नागरिकों को सीधे लाभ होगा।मंत्री ने खराब स्ट्रीट लाइट्स की वास्तविक समय में निगरानी के लिए प्रस्तावित डिजिटल तंत्र की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यह प्रणाली दिल्ली पुलिस, निर्वाचित प्रतिनिधियों और नागरिकों से प्राप्त रिपोर्टों को एकीकृत करेगी, जिससे तेजी से मरम्मत और सुरक्षित सड़कें सुनिश्चित होंगी।" यह पहल दिल्ली के लोगों के कल्याण के लिए अंतर-विभागीय प्रयासों, सहयोग और अच्छे शासन की भावना को दर्शाती है," श्री परवेश साहिब सिंह ने कहा।सुरक्षा संबंधी चिंताओं को संबोधित करते हुए, मंत्री ने कहा कि एक डार्क स्पॉट मॉनिटरिंग सिस्टम विकसित किया जा रहा है, जो बिना स्ट्रीट लाइट वाले क्षेत्रों को डिजिटल रूप से कैप्चर करेगा। यह प्लेटफॉर्म दिल्ली में सार्वजनिक सुरक्षा बढ़ाने के लिए डार्क स्पॉट क्षेत्रों में सुधार की प्रक्रिया को तेज करेगा।गड्ढों और जलभराव की शिकायतों के लिए एक डैशबोर्ड भी बनाया जा रहा है, जहां नागरिकों, विभागों और सार्वजनिक प्रतिनिधियों की रिपोर्टों को तुरंत ट्रैक किया जाएगा और उनका समाधान किया जाएगा।

# वारदात करते वक्त रखते थे मिर्ची पाउडर, पकड़े गए

**नई दिल्ली।** वारदात करते वक्त अपने पास पिस्टल और विशेषरूप से मिर्ची पाउडर रखने वाले संजय उर्फ राजेश और विकास को मौर्या एंक्लेव पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पिस्टल,कारतूस,के एन काटजू से चोरी स्कूटी और दो मिर्च पाउडर के पैकेट बरामद किये हैं। आरोपी संजय ७२ जबकि विकस ४१ वारदातों में शामिल रहा है। पकड़े जाने के वक्त दोनों इलाके में घूमकर आसान शिकार ढूंढ रहे थे ताकि स्नैचिंग और चोरी की वारदातों को अंजाम दे सकें। आरोपी संजय उर्फ राजेश नरेला पुलिस का बीसी है।

# बीएसए की कार्यशैली के विरोध में शिक्षकों का धरना प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की कार्यशैली के विरोध में चल रहा धरना प्रदर्शन दूसरे दिन भी पूरे जोश और उत्साह के साथ जारी रहा। शिक्षकों ने बीएसए पर भ्रष्टाचार, मनमानी और उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगों का समाधान नहीं होता, तब तक धरना किसी भी हालत में समाप्त नहीं किया जाएगा।

इस दौरान धरनास्थल पर मौजूद वक्ताओं ने कहा कि बीएसए द्वारा शिक्षकों का उत्पीड़न करना और समस्याओं का समाधान न करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। वक्ताओं ने मांग की कि शासन स्तर से तत्काल जांच कराकर दोषी बीएसए के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। शिक्षकों ने बीएसए द्वारा दिए गए उस कथन को भी सिरे से खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने शिक्षकों की समस्याओं के समाधान की बात कही थी। शिक्षक नेताओं ने इसे सिर्फ झूठ का पुलिंदा बताते हुए जमकर नारेबाजी की और ऐलान किया कि यदि उनकी आवाज़ अनसुनी की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। शिक्षकों ने मांग कि है कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के भ्रष्टाचार की उच्चस्तरीय जांच हो। साथ ही शिक्षकों के उत्पीड़न पर तत्काल रोक लगे। शिक्षकों की लम्बित समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए। दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए। बीएसए पर भ्रष्टाचार और आर्थिक अनियमितताओं में संलिप्तता, शिक्षकों के साथ मनमानी एवं दबाव बनाना, समस्याओं के समाधान में उदासीन रवैया, झूठे बयान देकर



शिक्षकों को गुमराह करने के आरोप लगाए गए है। धरना स्थल पर देवेन्द्र शिशौदिया, नीरज चौधरी, नौशाद, दीपक अग्रवाल, रेनू, बबीता, नीमा, संजय, मोहर सिंह, प्रवेश, सुनील, सुशील, दिनेश, हातिम अली, अरुण हूण, इशरत अली, सरजीत सिंह, आस मोहम्मद, रामकिशोर समेत बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि जब तक शिक्षकों को न्याय नहीं मिलेगा, आंदोलन जारी रहेगा।

# गैंगस्टर मुकेश कुमार की करोड़ों की संपत्ति कुर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**





**हापुड़।** मंगलवार को थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस द्वारा गैंगस्टर मुकेश कुमार की 1 करोड़ 90 लाख 3 हज़ार रूपये की संपत्ति को जब्त कर लिया। आरा. ेप है कि गैंगस्टर मुकेश कुमार ने यह संपत्ति अपराध से अर्जित की थी।

पुलिस ने जब्तीकरण की कार्रवाई से पहले ढोल बजवाया। माइक से एनाउंस भी कराया, जिससे कुर्क संपत्ति को कोई खरीद-फरोख्त नहीं कर सके। थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस द्वारा थाना बहादुरगढ़ के गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित आरोपी मुकेश कुमार पुत्र विशम्बर सिंह निवासी ग्राम चांदनेर थाना बहादुरगढ जनपद हापुड के द्वारा अवैध रुप से अचल सम्पत्ति अर्जित की गई, 3 प्लॉट कीमत करीब एक करोड़ 3 हजार रूपये व कृषि भूमि कीमत करीब 90 लाख रुपये को धारा 14 (1) गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत जिला मजिस्ट्रेट हापुड के आदेश के अनुपालन में कुर्क किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी मुकेश शातिर किस्म का अपराधी हैं, जिसके द्वारा अपने आर्थिक एवं भौतिक लाभ हेतु अवैध संसाधनों से धन अर्जित कर जनपद गाजियाबाद में 3 प्लॉट व जनपद बुलन्दशहर में कृषि भूमि खरीदी गई थी, जिनके जब्तीकरण की कार्यवाही की गई है।

# थाने में हुई वाहनों की नीलामी, 3 लाख से अधिक में बिके 39 वाहन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना धौलाना परिसर मे तहसीलदार की अध्यक्षता मे वाहनों की निलामी की गई। थाने में सड़ रहे लावारिस वाहनों और सालों से कई मुकदमे के तहत खड़े छोटे-बड़े वाहनों को नीलामी प्रक्रिया के तहत नीलाम कर दिया है। यह वाहन कबाड़ में जाएंगे और कबाड़ के अलावा इन वाहनों को और कोई इस्तेमाल नहीं कर सकता।

हापुड़ के थाना धौलाना में वाहनों को खरीदने पहुंचे करीब 35 कबाड़ी व्यापारियों ने एक से बढ़कर एक बोली लगाई। इस नीलामी की सबसे ज्यादा बोली 3 लाख 40 हजार रुपए की लगी। इस के बाद डील फाइनल करके इन सभी वाहनों को 3 लाख 40 हजार रुपए में नीलाम कर दिया गया। एसपी कुँवर ज्ञानंजय सिंह के निर्देशन में मंगलवर को थाना धौलाना परिसर में वर्ष 2008 से 2024 तक के मुक. दमो से सम्बन्धित लम्बित माल/लावारिस एवं सीजशुदा 39 वाहनों की नीलामी कराकर निस्तारण कराया गया। नीलामी के दौरान कुल 39 वाहनों की नियमानुसार नीलामी की प्रक्रिया सम्पन्न हुई, जिसमें बोली दाताओं द्वारा सर्वाधिक बोली 3 लाख 40 हजार रूपये लगायी गयी। जिनमें 32 दो पहिया वाहन, 4 चार पहिया वाहन और 3 तीन पहिया वाहनों की नीलामी की गई। धौलाना के तहस. ीलदार और थाना प्रभारी निरीक्षक की मौजूदगी मे धौलाना थाने में लावारिस व सीज पड़े वाहनों की नीलामी की गई। धौलाना थाने में कई सालों से मुकदमे के तहत



छोटे-बड़े वाहन खड़े थे। इनमें तमाम लावारिस वाहन भी शामिल थे। थाना परिसर में नीलामी की खुली बोली का आयोजन किया गया था। जिसमें कई खरीददारों ने हिस्सा लिया और लाखों की बोली लगाई। नीलामी की बोली 2 लाख 60 हज़ार से शुरू हुई। इसके बाद आखिर में 3 लाख 40 हज़ार रूपये में सभी वाहन नीलाम कर दिए गए। इस दौरान तहसीलदार परवेस कुमार, सीओ अनीता चौहान, थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट समेत भारी संख्या में कबाड़ी मौजूद रहे।

# प्राधिकरण ने अवैध प्लाटिंग पर की ध्वस्तीकरण की कार्यवाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण की टीम ने गढ़मुक्तेश्वर विकास क्षेत्र के थाना सिम्भावली में सात स्थानों पर अवैध निर्माणों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। प्राधिकरण की इस कार्रवाई से अवैध निर्माण करने वालों में अफरा तफरी मची रहीं।

प्राधिकरण की टीम ने सिम्भावली थाना क्षेत्र के गांव खुडलिया में राजू पुत्र रूमाल सिह की 6000 वर्ग मीटर, गांव खुडलिया, हरोडा रोड, निकट एनएच-9 पर पुष्पेन्द्र सिंह पुत्र रामपाल सिंह की 5000 वर्ग मीटर, मोहम्मद यूसुफ पुत्र सरफराज की 2000 वर्ग मीटर, गांव खुडलिया, हरोड़ा रोड पर हाजी शादाब पुत्र हाजी गुलाम अहमद की 2500 वर्ग मीटर, गांव पैट, डेहरा कुटी रोड पर राजकुमार भाटी, शेर मोहम्मद व मोहम्मद खालिद की 3000 वर्ग मीटर, हिम्मतपुर रोड पर डा. तमकीन अहमद पुत्र तनवीर अहमद, डीलर भुजीम, तामिल खान व रिज़वान की 1900 वर्ग मीटर, हरोड़ा रोड पर पुष्पेंद्र सिंह की 5000 वर्ग मीटर अवैध प्लाटिंग को बुलडोजर की मदद से ध्वस्त किया गया। सभी स्थानों पर मानचित्र स्वीकृत नहीं था। हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष डा. नीतिन गौड़ ने बताया कि जिले में अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जा रही है। अवैध निर्माण को तोड़कर ध्वस्त किया जाएगा। किसी भी हाल में अवैध निर्माण करने वालों को बख्शा नहीं



जाएगा। इस अभियान में प्रभारी प्रवर्तन कमल थापर, अवर अभियन्ता देशपाल सिंह, सत्यवीर सिंह एवं प्राधिकरण का सचल दस्ता शामिल था।

# श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन परीक्षित प्रसंग, शुकदेव जन्म व वराह अवतार की कथा का श्रवण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शैलेश फार्म कॉलोनी में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन भक्ति एवं श्रद्धा का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। कथा व्यास आचार्य जयप्रकाश शास्त्री ने भक्तों को श्रीमद्भागवत महापुराण के दिव्य प्रसंगों का रसपान कराया। कथा प्रसंग में महाराज परीक्षित के जीवन से जुड़े प्रसंगों का वर्णन हुआ। इसके साथ ही शुकदेव जी के जन्म की अद्भुत कथा सुनाई गई, जिसने उपस्थित श्रोताओं को आत्मज्ञान के महत्व से परि. चत कराया। कथा में भगवान विष्णु के वराह अवतार का भी विस्तृत वर्णन किया गया, जिसमें भगवान ने पृथ्वी को पाताल से उद्धार कर दैत्यों का संहार किया।



इस प्रसंग ने श्रद्धालुओं को भगवान के संरक्षण और धर्म की स्थापना का संदेश दिया। आचार्य श्री शास्त्री ने कथा के दौरान जीवन के छह महत्वपूर्ण प्रश्नों पर विस्तार से चर्चा की और बताया कि मानव का परम धर्म क्या है तथा मंदिर में जाकर किनका पूजन करना चाहिए और किनका नहीं। उनके इस ज्ञानवर्धक प्रवचन ने उपस्थित भक्तों को धर्म, भक्ति और जीवन के आदर्शों की ओर प्रेरित किया। कथा स्थल को फूलों और रोशनी से सजाया गया है, जिससे वातावरण में भक्ति और श्रद्धा का अनूठा संचार हो रहा है।

# कार्तिक पूर्णिमा मेले की तैयारियों की डीएम ने की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मंगलवार को डीएम अभिषेक पांडे ने गढ़मुक्तेश्वर गंगा घाट पर होने वाले कार्तिक पूर्णिमा मेले की तैयारियों की समीक्षा के लिए एक बैठक की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य मेले को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराना था।

डीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मेले से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं, जैसे साफ-सफाई, सुरक्षा, और अन्य सुविधाएं, समय रहते पूरी कर ली जाएं। डीएम अभिषेक पांडेय ने अधिकारियों से



मेले का व्यक्तिगत रूप से दौरा करने और किसी भी संभावित समस्या को समय पर हल करने को कहा, ताकि मेले के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। इस बैठक का आयोजन सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, हापुड़ द्वारा किया गया था।

## एक नजर

### विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर लगाया दहेज उत्पीड़न व तीन तलाक देने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हाफिजपुर थाना क्षेत्र में एक महिला ने अपने पति, ससुराल वालों और अन्य रिश्तेदारों पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट, बलात्कार का प्रयास और तीन तलाक देने के गंभीर आरोप लगाए हैं। इस मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए पीड़ित ने बताया कि वह मूल रूप से मेरठ की रहने वाली है और पिछले 25 वर्षों से हाफिजपुर में रह रही है। उसकी शादी 1 सितंबर 2013 को धौलाना क्षेत्र के एक गांव में हुई थी। उन्होंने बताया कि शादी में उनके माता-पिता ने लगभग 8 लाख रुपये खर्च किए और दहेज में कीमती सामान, जेवर और नकद राशि दी थी। इसके बावजूद, ससुराल वाले दहेज से असंतुष्ट थे और अतिरिक्त 5 लाख रुपये की मांग करते थे। मांग पूरी न होने पर पीड़िता को लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। पीड़िता के पिता ने बाद में उन्हें दो लाख रुपये और दिए, लेकिन उनकी मांगें जारी रहीं। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि उनका पति शराब और नशीले पदार्थों का सेवन करता है और उनके साथ मारपीट करता है। इसके अलावा, उनके जेठ और देवर ने भी उन पर गलत नीयत रखी। आरोप है कि 30 जुलाई 2025 को रात करीब 1 बजे, पीड़िता के जेठ ने कथित तौर पर चाकू की नोक पर उनके साथ बलात्कार का प्रयास किया और चुप रहने की धमकी दी। 18 अगस्त 2025 को रात 11 बजे, उनके देवर ने कमरे में घुसकर छेड़छाड़ की। इस घटना की शिकायत करने पर सास-ससुर ने पीड़िता को ही चुप करा दिया। इसके बाद उनके पति ने सास के उकसावे पर दुपट्टे से उनका गला दबाने की कोशिश की, लेकिन पड़ोसियों ने उन्हें बचा लिया। 24 अगस्त 2025 को शाम 5 बजे, पति और अन्य आरोपी पीड़िता के मामा के घर पहुंचे और दहेज की मांग दोहराई। मांग पूरी न होने पर पति ने पीड़िता को तीन तलाक दे दिया। पीड़िता ने इन घटनाओं को लेकर एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह को शिकायती पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी आशीष पुंडीर ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### आज पधारेंगे धर्म संघ खेकड़ा द्वारा आयोजित श्री गणेश पंडाल में लाल बाग के राजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** खेकड़ा अखिल भारतवर्षीय धर्म संघ खेकड़ा के तत्वाधान में नगर की अर्वाचीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के परागण में श्री गणेश पंडाल में लाल बाग के राजा आज विराजमान होंगे।

जानकारी देते हुए धर्म संघ खेकड़ा के महामंत्री उमेश शर्मा ने बताया कि (आज) श्री बालाजी मंदिर पट्टी अहीरान से चलकर भगवान गणपति की भव्य प्रतिमा को बैंड बाजें के साथ अर्वाचीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के श्री गणेश पंडाल में विराजमान किया जाएगा। यहां प्रतिदिन सुबह पूजा- अर्चना एवं शाम को 8 से 11 बजे तक भव्य भजन संध्या का आयोजन राजू बावरा टीनू रुहेला पार्टी द्वारा किया जाएगा।

### अध्यक्ष पद प्रत्याशी ने किया कार्यालय का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोसीकलां।** अग्रवाल सभा के द्विवार्षिक चुनाव के लिए अध्यक्ष और मंत्री पद के प्रत्याशी जोर-शोर से प्रचार में जुट गए हैं। समाजसेवी संजीव जाविया ने अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी की है और उनका दावा है कि वह समाज को नई दिशा और दशा देने के लिए काम करेंगे। जाविया ने अपने चुनाव कार्यालय का उद्घाटन आर्य नगर में किया और कहा कि वह अग्र कन्या महाविद्यालय खोलने के प्रयासों को साकार करेंगे और अग्र वाटिका को सुसज्जित बनाएंगे। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार, 31 अगस्त को मतदान होगा और इसमें वैश्य समाज के लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जाविया ने कहा कि यदि समाज उन्हें आशीर्वाद देता है, तो वह समाज के कंधे से कंधा मिलाकर जनहित में काम करेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता समाज के युवाओं को शिक्षा और रोजगार के अवसर प्रदान करना होगा।

# नाबालिग से छेड़छाड़ के दोषी को 3 साल की सज़ा, 10 हज़ार का लगा जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस द्वारा न्यायालय में प्रभावी, सशक्त पैरवी करते हुए नाबालिग से छेड़छाड़ करने के मामले में एक आरोपी को 3 वर्ष का सश्रम कारावास व 10 हज़ार रुपये के अर्थदण्ड से दंडित कराया गया।

मंगलवार को न्यायालय द्वारा नाबालिग से छेड़छाड़ करने के मामले में एक आरोपी को दण्डित कराया गया है। अभियोजन विभाग से शासकीय अधिवक्ता हरेन्द्र कुमार त्यागी ने बताया कि 29 अप्रैल 2017 को आरोपी मुन्नू उर्फ सौमीन पुत्र यासीन निवासी ग्राम वैठ थाना सिम्भावली जनपद हापुड़ द्वारा घर में घुसकर नाबा. लिग लड़की के साथ छेड़छाड़ करने की वारदात को अंजाम दिया गया था। मंगलवार को आरोपी को न्यायालय एडीजे/स्पेशल पॉक्सो प्रथम हापुड़ द्वारा 3 वर्ष का सश्रम कारावास व 10 हज़ार रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई। अभियोजन विभाग से शासकीय अधिवक्ता हरेन्द्र कुमार त्यागी, विवेचक उपनिरीक्षक संजीव कुमार, पैरोकार कांस्टेबल अनुज व कोर्ट मोहर्रिर हेड कांस्टेबल प्रशांत कुमार पाण्डेय का विशेष योगदान रहा।

# अम्बेडकर पार्क की ज़मीन कब्ज़ाने का आरोप, ग्रामीणों ने डीएम से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** धौलाना थाना क्षेत्र के गांव देहरा में अम्बेडकर पार्क की ज़मीन कब्ज़ाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने विशेष समुदाय के लोगों पर अम्बेडकर पार्क की ज़मीन कब्ज़ाने का आरोप लगाते हुए संबंधित मामले में डीएम को शिकायती पत्र देते हुए ज़मीन को कब्ज़ामुक्त कराने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को धौलाना थाना क्षेत्र के गांव देहरा के ग्रामीण डीएम कार्यालय पहुंचे और डीएम से मुलाकात कर उन्हें एक शिकायती पत्र सौंपा। डीएम को दिए गए शिकायत पत्र में ग्रामीण ब्रह्म सिंह पुत्र रामभूल सिंह ने बताया कि गांव देहरा में एक अम्बेडकर पार्क जिसका खसरा स.-1573मि.



रकबा 0.2020 है। जिस पर गांव के विशेष समुदाय के लोगों ने अवैध तरीके से कब्जा किया हुआ है। आरोप है कि ग्रामीणों द्वारा विशेष समुदाय के लोगों से कई बार जमीन को खाली करने की मांग की जा चुकी है लेकिन अभी तक जमीन को खाली नहीं किया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस संबंध में पूर्व में भी उच्च अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है। बावजूद इसके अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। ग्रामीणों ने डीएम को शिकायती पत्र देते हुए अम्बेडकर पार्क की भूमि को कब्ज़ा मुक्त कराने की मांग की है।

# अपना समाज सामाजिक संगठन के कार्यकर्ताओं ने एसपी को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** अपना समाज सामाजिक संगठन के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को एसपी कार्यालय पहुंचकर एसपी को सराहनीय सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक मिलने पर संगठन के सदस्यों ने उन्हें गौतम बुद्ध की प्रतिमा और पटका भेंट कर सम्मानित किया।



गौरतलब है कि स्वतंत्रता दिवस के मौके पर एडीजी मेरठ भानू भास्कर ने भारत के राष्ट्रपति द्वारा दिया गया पदक और प्रशस्ति पत्र देकर एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह को सम्मानित किया था। जिसके बाद मंगलवार को अपना समाज सामाजिक संगठन के कार्यकर्ताओं ने एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह के कुशल नेतृत्व और जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण की सराहना करते हुए उन्हें समाज का सच्चा हितैषी बताया। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने जनपद में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने के साथ ही जनता के बीच विश्वास कायम किया है। उनके प्रयासों से अपराध नियंत्रण में प्रभावी सुधार हुआ है और आमजन को न्याय दिलाने में पुलिस की कार्यशैली पारदर्शी हुई है। सम्मान समारोह में कार्यकर्ताओं ने एसपी को गौतम बुद्ध की प्रतिमा और पटका भेंट किए और समाज की ओर से सहयोग व समर्थन का आश्वासन दिया। इस मौके पर जतिन आजाद, सचिन, अरविंद कुमार, नरेंद्र कुमार, आदि लोग मौजूद रहे।

# निर्देश कुमार बने व्यापर प्रकोष्ठ मेरठ मंडल के अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑल इंडिया हिन्दुस्तान काँग्रेस पार्टी यूपी के प्रदेश कार्यालय पर प्रदेशाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने निर्देश कुमार को ऑल इंडिया हिन्दुस्तान काँग्रेस पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ मेरठ मंडल मेरठ का अध्यक्ष नियुक्त किया और टीकम सिंह को बीबी नगर ब्लॉक ज़िला बुलंदशहर का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसी के साथ अन्य लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

प्रदेशाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि ऑल इंडिया हिन्दुस्तान काँग्रेस पार्टी यूपी में किसान मज़दूर नौजवान अगड़ी पिछड़े वंचित लोगों के हक्क और अधिकार के लिए ज़न संघर्ष कर रही है। यूपी में हत्या,





लूट, बलात्कार, भष्टाचार, महंगाई खाद की कालाबाजारी सहित अन्य क्षेत्रों का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा हैं। उन्होंने पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता ज़न ज़न तक पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार करे। इस अवसर पर प्रदेश कानूनी सलाहक. ार/ उपाध्यक्ष पंडित नरेश चंद शर्मा एडवोकेट, प्रदेश कोषाध्यक्ष पंडित आशीष शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी लोकेश शर्मा, युवा जिलाध्यक्ष सुनील शर्मा, किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, नज़ीर अहमद आदि लोग उपस्थित हुए।

# 25 सितम्बर से यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो

■ डीएम ने बैठक में की तैयारियों की समीक्षा बैठक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर में आगामी 25 से 29 सितंबर तक इंडिया एक्सपो मार्ट ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 की तैयारियों को लेकर आज जिलाधिकारी मेधा रूपम की अध्यक्षता में इंडिया एक्सपो मार्ट के सभागार में तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि यह आयोजन न केवल जिले बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश की प्रतिष्ठा का विषय है। मुख्यमंत्री स्वयं इसकी प्रगति पर लगातार नजर रख रहे हैं। इस संबंध में सभी विभाग अपनी-अपनी तैयारियां समसमयानुसार पूरा करें। बैठक के दौरान उन्होंने ट्रैफिक और पार्किंग की सुव्यवस्थित व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि ट्रेड शो आने वाले आगंतुकों, व्यापारियों और विदेशी मेहमानों के लिए विशेष यातायात योजना तैयार की जाए। पार्किंग स्थलों को चिन्हित कर स्पष्ट संकेतक लगाए जाएं और पर्याप्त ट्रैफिक पुलिस बल की तैनाती हो। बरसात के दौरान जलभराव की समस्या को रोकने के लिए ड्रेनेज सिस्टम व पंपिंग सेट की विशेष व्यवस्था की जाए।

जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मेट्रो स्टेशन, रेलवे स्टेशन व बस अड्डों से एक्सपो स्थल तक विशेष शटल बस सेवा चलाई जाए। साथ ही टैक्सी और ई-रिक्शा की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि सभी होटल और गेस्ट हाउस निर्धारित दरों से अधिक शुल्क न लें, इसके लिए निगरानी टीमें निरंतर निरीक्षण करेंगी और शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई होगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में आने वाले राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय आगंतुकों को उत्तर प्रदेश की विविध सांस्कृतिक धरोहर से परिचित कराने के लिए आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही प्रदेश के प्रमुख पारंपरिक व्यंजन एवं खानपान स्टॉल के माध्यम से उत्तर प्रदेश की खाद्य संस्कृति को प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इंटरनेशनल ट्रेड शो व्यापक प्रचार-प्रसार व ब्रांडिंग की जाए। डिजिटल मीडिया, प्रिंट मीडिया, होर्डिंग्स और अन्य माध्यमों से आयोजन का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। वहीं जिलाधिकारी ने मोबाइल कंपनियों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शो के दौरान नेटवर्क कनेक्टिविटी को दुरुस्त रखने के लिए अतिरिक्त मोबाइल टावर व तकनीकी सहायता की व्यवस्था की जाए। जिससे किसी भी प्रकार की नेटवर्क समस्या न हो। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए गए कि आयोजन स्थल पर डॉक्टरों की विशेष टीम 24 घंटे उपलब्ध रहे। पर्याप्त संख्या में मेडिकल कैंप, एम्बुलेंस व आपातकालीन सेवाएं तैनात की जाएं। उन्होंने विद्युत विभाग को शो के दौरान 24 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने और बैकअप व्यवस्था उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। फायर विभाग को निर्देश दिए गए कि पूरे परिसर में अग्निशमन यंत्र, फायर टेंडर, आपातकालीन निकासी मार्ग और अन्य सुरक्षा व्यवस्थाएं पूरी तरह से क्रियाशील स्थिति में रहें।

बैठक में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव, एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस, एसीईओ प्रेरणा सिंह, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे, सिटी मजिस्ट्रेट विवेक भदोरिया, डिप्टी कलेक्टर दुर्गेश सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार, उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन सियाराम वर्मा, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन डॉ उदित नारायण पांडेय, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह, जिला अभिहित अधिकारी सर्वेश मिश्रा सहित अन्य संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# खाली करवाए जाएंगे सेक्टर-31 के जनता फ्लैट, टूटकर नए बनेंगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-31 के सी ब्लॉक स्थित 45 साल पुराने जनता फ्लैटों को प्राधिकरण खाली करवाएगा। प्राधिकरण ने रविवार रात यहां एक फ्लैट की छत गिरने के बाद 128 फ्लैटों को जर्जर घोषित कर दिया है। फ्लैटों को खाली कराने के लिए कोई समयसीमा तय नहीं की गई है। प्राधिकरण ने इन्हें तोड़कर रिडेवलपमेंट पॉलिसी के तहत फिर से बनवाने का निर्णय लिया है। अगली बोर्ड बैठक में पॉलिसी को विस्तार देने का प्रस्ताव रखा जाएगा। इसके बाद नए फ्लैट बनाने के लिए प्राधिकरण टेंडर जारी करेगा।

प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि रिडेवलपमेंट पॉलिसी के तहत इनमें रहने वाले मूल आवंटियों को समस्या नहीं होगी। जून में प्राधिकरण ने 30 साल से ज्यादा पुरानी सोसाइटियों के लिए पॉलिसी बनाकर बोर्ड से मंजूरी ली थी। पॉलिसी में यह नियम शामिल है कि चुना गया विकासकर्ता पुराने फ्लैटों में रहने वालों को नए फ्लैट बनाकर देने तक उनके रहने का बंदोबस्त करेगा। विकासकर्ता को एक निश्चित समय भी निर्माण के लिए दिया जाएगा। इस दौरान देरी होने पर जुर्माने का भी प्रावधान किया गया है। अभी शहर में बनी पुरानी सोसाइटी भूतल व दो या तीन तल की हैं। ये 1.5 फ्लोर एरिया रेशियो के साथ बनीं हैं। अब जो विकासकर्ता चुना जाएगा वह 3.5 एफएआर के साथ बनाएगा। इससे और ज्यादा फ्लैट बन सकेंगे। ज्यादा बनने वाले फ्लैटों को बेचकर विकासकर्ता अपना खर्च और मुनाफा निकालेगा।

रिडेवलपमेंट पॉलिसी में शर्त है कि परियोजना के लिए 70 प्रतिशत आवंटियों की सहमति जरूरी होगी लेकिन आपातकालीन स्थिति में यह प्रावधान है कि इमारत जर्जर होने पर उसे प्राधिकरण बलपूर्वक भी खाली करवा सकता है।

**दूसरी सोसाइटियों का भी होगा निरीक्षण:** प्राधिकरण ने यह भी फैसला लिया है कि शहर की अन्य सोसाइटियां जो 30 साल से ज्यादा पुरानी या जर्जर हैं उनका निरीक्षण करवाया जाएगा। यह निरीक्षण वर्क सर्किल व नियोजन विभाग करेगा। अधिकारियों ने बताया कि जो भी सोसाइटी जर्जर मिलेगी उसके पुनर्विकास की योजना बनाई जाएगी। पहले चरण में सेक्टर-71, 73 जनता फ्लैट श्रमिक कुंज सेक्टर-66, 93, 93 ए, 122 का निरीक्षण होगा। इसके बाद अन्य सोसाइटियों का भी प्राधिकरण निरीक्षण करवाएगा।

**निरीक्षण के बाद अधिकारियों ने सौंपी रिपोर्ट:** छत गिरने के बाद प्राधिकरण अधिकारियों ने सोमवार को सेक्टर-31 जनता फ्लैट का निरीक्षण किया था। अधिकारियों ने अपनी रिपोर्ट भी सौंप दी है। रिपोर्ट में यह बताया गया है कि देखरेख न होने से ये फ्लैट जर्जर हो गए हैं। अवैध निर्माण व अतिक्रमण भी है। वहीं, फ्लैट जर्जर घोषित किए जाने के बाद इनमें रहने वाले निवासी असमंजस में हैं। स्थिति यह है कि अधिकतर फ्लैटों में रह रहे लोग किरायेदार हैं। इन लोगों का कहना है कि अगर अचानक फ्लैट खाली करवाए गए तो उनके लिए परेशानी खड़ी हो जाएगी।

## डूब क्षेत्र में 105 करोड़ की जमीन कराई खाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** दादरी तहसील की टीम ने मंगलवार को पर्थला खंजरपुर, नोएडा के डूब क्षेत्र में ग्राम सभा और अन्य जमीन पर किए गए अवैध कब्जों पर बुलडोजर चलाया। अफसरों का कहना है कि करीब 12 हेक्टेयर जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया है। इसकी बाजार में कीमत करीब 105 करोड़ रुपये है। डूब क्षेत्र में ग्राम सभा की जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई होगी।

एसडीएम दादरी अनुज नेहरा ने बताया कि पर्थला खंजरपुर के डूब क्षेत्र में ग्राम सभा की जमीन है। खसरा नंबर 151, 153 व 154 में अवैध निर्माण किया जा रहा था, जबकि डूब क्षेत्र की अन्य जमीन पर भी पक्का निर्माण किया जा रहा था।

जेसीबी की मदद से अवैध निर्माण को तोड़ा गया है। करीब 12 हेक्टेयर जमीन को खाली कराया गया है। इसकी बाजार में कीमत करीब 105 करोड़ रुपये है। पर्थला खंजरपुर के अलावा अन्य गांव के डूब क्षेत्र में भी अवैध निर्माण की रिपोर्ट तैयार की जा रही है। जल्द कार्रवाई होगी।

**आज सुथ्याना में चलेगा प्रशासन का बुलडोजर:** जिला प्रशासन आज सुथ्याना गांव के डूब क्षेत्र में अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाएगा।

जिलास्तरीय समिति मिलकर कार्रवाई करेगी। अफसरों ने बताया कि सुथ्याना गांव के चार खसरा नंबर पर अवैध कॉलोनी काटी जा रही है जिसे तोड़ा जाएगा। कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहेगा।

## खरीदारों का पैसा नहीं दिया एसजेपी इंफ्राकॉन का कार्यालय सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** दादरी तहसील की टीम ने मंगलवार को खरीदारों का पैसा नहीं देने पर ग्रेनो वेस्ट स्थित एसजेपी इंफ्राकॉन बिल्डर का कार्यालय सील कर दिया। बार-बार नोटिस के बाद भी बिल्डर पैसा जमा नहीं कर रहा था। बिल्डर पर करीब 4.84 करोड़ रुपये बकाया हैं। अफसरों का कहना है कि कार्यालय सील करने के बाद भी अगर बिल्डर पैसा जमा नहीं करेगा तो संपत्ति कुर्क की जाएगी।

दरअसल, यूपी रेरा आदेश का पालन नहीं करने वाले बिल्डरों के खिलाफ रिकवरी सर्टिफिकेट जारी कर रहा है ताकि खरीदारों का पैसा बिल्डर से वापस दिलवाया जा सके। आरसी पर जिला प्रशासन की राजस्व टीम वसूली कर रही है। इसी के तहत एसजेपी इंफ्राकॉन बिल्डर का कार्यालय सील किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि बिल्डर पर यूपी रेरा की 27 आरसी के करीब 4.84 करोड़ रुपये बकाया हैं। अब अगर बिल्डर ने पैसा जमा नहीं कराया तो वारंट जारी कर गिरफ्तारी व संपत्ति कुर्क की जाएगी। पूर्व में भी बिल्डर का कार्यालय आरसी का पैसा नहीं देने पर सील किया गया था। दादरी एसडीएम अनुज नेहरा का कहना है कि आरसी का पैसा नहीं देने वाले बिल्डरों से सख्ती के साथ वसूली की जा रही है। पैसा नहीं देने वाले बिल्डरों के कार्यालय सील किए जाएंगे।

## किसानों ने काम रोकने की चेतावनी दी

**नोएडा।** यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में आवासीय प्लॉट, अतिरिक्त मुआवजा और जल दोहन आदि मुद्दों को लेकर भाकियू लोक शक्ति की ओर से रौनीजा गांव के पास अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार को भी जारी रहा। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्षशौराज सिंह ने कहा कि यीडा क्षेत्र में पेयजल बर्बाद किया जा रहा है। मांगों को लेकर किसान 29 दिनों से धरने पर बैठे हुए हैं लेकिन शासन-प्रशासन कोई सुनवाई नहीं कर रहे। 28 अगस्त से यूनिवर्सिटी और फिल्म सिटी सहित अन्य निर्माण कार्यों को रोका जाएगा। धरना स्थल पर टीकम सिंह भाटी, ओमवीर सिंह, प्रदीप कुमार, हरिद्वार सिंह, अहमद खान, मनवीर भाटी, श्यौराज गौड, टिंकू भाटी, राजन भाटी, शैलेश कुमार, हरिओम भाटी आदि मौजूद रहे।

## कंचन के फोन में घटना से कुछ सेकंड बाद रिकॉर्ड हुआ वीडियो, पुलिस के साथ हाथ लगी अहम जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के निक्की हत्याकांड में रोजाना नए सीक्रेट खुल रहे हैं। पुलिस की जांच भी जारी है। पुलिस के सामने नए-नए वीडियो सामने आ रहे हैं। अब जांच में कासना पुलिस ने मृतक निक्की की बहन कंचन का मोबाइल फोन खंगाला है, साथ ही कंचन का बयान भी दर्ज किया है। मोबाइल जांच और बयान दर्ज कराने के दौरान पुलिस को कई अहम जानकारियां मिली हैं।

बहन कंचन ने पुलिस में बयान दर्ज करता हुए बताया कि सोशल मीडिया पर जो मारपीट का वायरल वीडियो है, वह इसी वर्ष 11 फरवरी का है, जबकि निक्की के जलने की घटना 21 अगस्त को हुई। जांच से यह तथ्य स्पष्ट हुआ है कि आग लगने वाला वीडियो पांच बजकर 45 मिनट पर रिकॉर्ड हुआ है। इससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि निक्की पांच बजकर 44 मिनट पर आग में झुलसी। पुलिस इस समय के आधार पर आसपास के सीसीटीवी फुटेज, फोन की कॉल डिटेल रिकॉर्ड्स (सीडीआर) और लोकेशन के जरिए जांच में जुटी है। पुलिस यह जानने की कोशिश में है कि घटना के समय घर में कौन-कौन मौजूद था।

**विपिन पर युवती ने दर्ज कराया था मुकदमा:** साल 2024 में निक्की ने विपिन को जारचा गांव की युवती के साथ रंगेहाथ पकड़ लिया। युवती ने पिछले साल जारचा थाने में विपिन के खिलाफ शारीरिक शोषण का केस भी दर्ज कराया था।



निक्की, मृतक

**आरोप, 35 लाख दहेज की थी मांग, निक्की को जला डाला:** दादरी के रूपवास गांव की निक्की की 27 दिसंबर, 2016 में सिरसा गांव के विपिन से शादी हुई थी। निक्की की बड़ी बहन कंचन की शादी विपिन के भाई से हुई है। पिता भिकारी सिंह का आरोप है कि ससुराल वाले 35 लाख रुपये दहेज की मांग को लेकर निक्की को परेशान करते थे। बृहस्पतिवार शाम विपिन ने मां दया के साथ मिलकर निक्की को जिंदा जला दिया था। गंभीर रूप से झुलसने पर महिला की बहन उसे पड़ोसियों की मदद से अस्पताल ले गई, दो अस्पताल बदले, लेकिन इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया।

**निक्की हत्याकांड के आरोपी ससुर और जेठ भी गिरफ्तार:** निक्की भाटी दहेज हत्याकांड में आरोपी ससुर सतवीर (55) और जेठ रोहित भाटी (30) को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। वारदात के बाद से ही दोनों फरार थे। पुलिस ने सास दया, ससुर और जेठ को सूरजपुर स्थित कोर्ट में पेश किया, जहां से तीनों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। आरोपी पति विपिन भाटी पहले ही जेल भेजा जा चुका है।

# डीएम की अध्यक्षता में नार्को कोर्डिनेशन सेंटर के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गौतमबुद्धनगर।** जनपद में नशे के अवैध कारोबार पर पूर्णत: अंकुश लगाने एवं युवा पीढ़ी को नशे के विरुद्ध जागरूक करने के उद्देश्य से आज जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मेधा रूपम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में नार्को कोर्डिनेशन सेंटर के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारियों ने पिछली बैठक के आधार पर की गई अद्यतन कार्रवाई से जिलाधिकारी को अवगत कराया।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि ड्रिंक एंड ड्राइव की घटनाओं व ड्रग्स एडिक्ट लोगों को चिन्हित करते हुए अलग से उनका डेटा बेस तैयार किया जाए, जिससे ऐसे व्यक्तियों की काउंसलिंग कर उन्हें नशे के दुष्प्रभावों से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि यह केवल कानून-व्यवस्था का मुद्दा नहीं बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है।

जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए कि किसी भी स्कूल, कॉलेज या शिक्षण संस्थान के आसपास सिगरेट, गुटका अथवा अन्य नशीले पदार्थों की नियम विरुद्ध दुकान नहीं होनी चाहिए। यदि ऐसी दुकानें पाई जाती हैं तो उन्हें तत्काल हटवाया जाए। संबंधित अधिकारियों को इसके लिए नियमित रूप से अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए।

जिलाधिकारी ने आबकारी विभाग को निर्देशित किया कि सभी मदिरा दुकानों एवं विशेष रूप से रेस्टोरेंट बार में यह सुनिश्चित किया जाए कि 21 वर्ष से कम आयु के युवाओं को किसी भी स्थिति में शराब की बिक्री न हो। इस नियम का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाए

जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि अवैध नशे के कारोबार एवं खपत पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस, आबकारी और प्रशासन की संयुक्त टीम गठित की जाए, जो नियमित रूप से निरीक्षण कर प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई सुनिश्चित करे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि नशे की रोकथाम के लिए जनजागरूकता अभियान भी चलाया जाए। विशेषकर स्कूलों, कॉलेजों व ग्राम स्तर तक लोगों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी जाए, ताकि युवाओं को नशे की गिरफ्त में आने से बचाया जा सके।

साथ ही निर्देश दिए कि जनपद में व्यापक अभियान चलाकर यह सुनिश्चित करें कोई भी बार बिना लाइसेंस के संचालित न हो, यदि बिना बार लाइसेंस के बार संचालित होता पाया जाता है तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाए।

इस महत्वपूर्ण बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार,एसीपी कल्पना गुप्ता, जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार, जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ श्वेता खुराना एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## साढ़े पांच लाख वाहन चालकों के दस्तावेजों में नंबर अपडेट नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिले में करीब पांच लाख दस्तावेजों में मोबाइल नंबर अपडेट न होने की वजह से परिवहन विभाग को समस्या आ रही है। अधिकारी न तो किसी को चालान जारी कर पा रहे हैं और न ही अन्य जानकारियां साझा कर पा रहे हैं। अब विभाग ने गाइडलाइन जारी कर संबंधित वाहन चालकों को चेतावनी दी है कि या तो वह नंबर अपडेट करा दें, अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि जिले में कुल 11.50 लाख वाहन हैं। इनमें से आठ लाख वाहनों ने ही नंबर अपडेट कराया हुआ है। 3.50 लाख आरसी अभी भी अपडेशन की राह देख रही हैं। वहीं, 11.92 लाख वाहन चालकों के नाम पर ड्राइविंग लाइसेंस बने हुए हैं। इनमें से करीब 10 लाख लोगों ने नंबर अपडेट कराया हुआ है। 1.92 लाख लाइसेंसों में नंबर अपडेट नहीं है। इस तरह दोनों मामले मिलाकर करीब साढ़े पांच लाख दस्तावेजों में नंबर अपडेट नहीं हो पाया है। जाहिर है कि मोबाइल नंबर और पता अपडेट नहीं होने पर वाहन चालकों को भविष्य में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। यह नियम सभी निजी व कॉमर्शियल वाहन स्वामियों के लिए लागू कर दिया गया है। हालांकि इसके लिए परिवहन विभाग ने अभी कोई अंतिम तारीख तय नहीं की है। ऐसा नहीं करने पर वाहन मालिकों व चालकों पर मोटरवाहन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई भी होगी। वाहन मालिक व चालकों से जुर्माना वसूला जाएगा और संबंधित वाहन का रजिस्ट्रेशन एवं चालक का ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित करने की कार्रवाई की जा सकती है। उप संभागीय परिवहन अधिकारी डॉ सियाराम वर्मा ने बताया कि इसके लिए सूचना जारी की गई है।

## ग्रामीण-शहरी क्षेत्रों के अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के लिए सुनहरा अवसर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास)/पदेन जिला प्रबन्धक उ०प्र० अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि० गौतमबुद्धनगर ने बताया कि केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमन्त्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पी०एम०-अजय) के घटक ग्रान्ट इन ऐड योजनान्तर्गत ग्रामीण / शहरी क्षेत्रों के अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के लिए स्वरोजगार हेतु सुनहरा अवसर है।

ग्रान्ट इन ऐड योजना के अन्तर्गत अनुसूचित जाति के इच्छुक अभ्यर्थी कम से कम 03 लोगों का समूह बनाकर अथवा क्लस्टर के रूप में अपनी इकाई स्थापित कर सकते हैं। इसमें लाभार्थियों को निःशुल्क प्रशिक्षण उनके सम्बन्धित व्यवसाय के अनुसार दिया जाएगा एवं प्रति व्यक्ति रू० 50,000/- अथवा परियोजना लागत का 50 प्रतिशत जो कम हो सरकारी अनुदान के रूप में देय होगा तथा परियोजना लागत का 5 प्रतिशत लाभार्थी अंशदान एवं शेष धनराशि बैंक के माध्यम से ऋण के रूप में प्राप्त होगी। इस घटक/ योजना के अन्तर्गत विभिन्न प्रक्षेत्रों के अन्तर्गत परियोजनायें स्थापित करायी जा सकती है, जिसमें ब्यूटिक व्यवसाय आधारित क्लस्टर, ब्यूटी पार्लर व्यवसाय आधारित क्लस्टर, क्लस्टर आधारित समूह में निर्माण कार्य करने हेतु मल्टी-रिकल्ड रिसोर्स बनाने हेतु, महिला गृह उद्योग/स्वत: रोजगार आधारित क्लस्टर बेस्ड समूह आधारित प्रोजेक्ट, टू व्हीलर/थ्री व्हीलर मैकेनिक सर्विस का क्लस्टर बेस्ड समूह आधारित प्रोजेक्ट, क्लस्टर आधारित आईटी सपोर्ट / हार्डवेयर का कार्य करने हेतु, क्लस्टर आधारित माइलर फर्नीचर / बढ़ई का कार्य करने हेतु, क्लस्टर आधारित जन सुविधा केन्द्र का कार्य करने हेतु आदि प्रोजेक्ट सम्मिलित है।

# दूषित पानी से फैली संक्रमित बीमारियां

■ 12 लोगों में डेंगू के लक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित अम्रपाली ड्रीम वैली एनचौटे सोसाइटी में दूषित पेयजल और जलजमाव के कारण मच्छरजनित और संक्रमित बीमारियां फैल रही हैं। सोसाइटी के करीब 12 लोगों में डेंगू के लक्षण मिले हैं। वहीं, अन्य लोगों ने भी इससे मिलते जुलते लक्षण की शिकायत की है। आरोप है कि एनबीसीसी की ओर से अधूरे कार्यों के साथ प्रोजेक्ट का सुपुर्द (हैंडओवर) कर दिया, इससे जलजमाव की समस्या हो गई है। सोसाइटी में रहने वाले लोगों ने बताया कि परिसर में करीब 300 परिवार रहते हैं, जिनको



अधूरे कार्यों के साथ प्रोजेक्ट का एओए को सुपुर्द कर दिया गया।

आरोप है कि एओए को सुपुर्दगी देते समय एनबीसीसी के अधिकारियों की ओर से एसटीपी सहित अन्य अधूरे कार्यों को पूरा करके देने का वादा किया गया था, लेकिन उसे निभाया नहीं जा रहा है। बरसात के समय सोसाइटी में जलजमाव की समस्या बढ़ जाती है। एसटीपी पूरी तरह से बना हुआ नहीं है, जिसके कारण उसका गंदा पानी बाहर निकाल कर बेसमेंट में भर जाता है। गंदे पानी में मच्छर का लार्वा पनप रहा है। इससे डेंगू और मलेरिया जैसे बीमारियां भी फैल रही है।

सोसाइटी में करीब 15 दिनों के भीतर 12 से अधिक लोगों में डेंगू के लक्षण पाए गए हैं। अन्य लोगों ने भी इससे मिलते जुलते लक्षण की शिकायत की है। लोगों को अस्पताल में भी भर्ती होना पड़ा लोगों का आरोप है कि सोसाइटी के लोगों की तबीयत ज्यादा खराब होने के कारण उन्हें अस्पताल में भी भर्ती होना पड़ा था। वहीं, सभी लोगों को हाथ-पैर में दर्द और तेज बुखार की शिकायत हो रही है। लगातार बीमार लोगों की संख्या को बढ़ता देख अन्य निवासियों को अपने परिजनों के चिंता सता रही है। संक्रमित बीमारियों की चपेट में बच्चों और बुजुर्गों के आने का खतरा सबसे अधिक रहता है। ऐसे में लोग अपने घरों पर ही बीमारी से बचने के लिए सावधानी बरत रहे हैं। लोगों ने पार्क में जाना भी बंद कर दिया है। सोसाइटी में जगह-जगह पानी भरा रहता है, जिसके कारण यहां मच्छर का लार्वा पनप रहा है। मेरी पत्नी भी बीमार है। लोकनाथ, निवासी सोसाइटी के बेसमेंट और अन्य स्थानों पर निर्माण सामग्री के खुले में पड़ी रहती है।

## एक नजर

### नोएडा मीडिया क्लब में गूंजा भक्ति भाव, हुआ सुंदरकांड का पाठ

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा मीडिया क्लब में मंगलवार को सुंदरकांड का पाठ बड़े ही श्रद्धाभाव से आयोजित किया गया। क्लब के अध्यक्ष आलोक द्विवेदी और महासचिव जयप्रकाश सिंह के नेतृत्व में हुए इस आयोजन में प्रभु श्रीराम और हनुमानजी की आराधना करते हुए रामचरितमानस के सुंदरकांड का पाठ किया गया।

पंडितों द्वारा किए गए इस पाठ में प्रत्येक प्रसंग का वर्णन भक्तिमय ढंग से किया गया, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक और भक्ति रस से सराबोर हो गया। आयोजन में कृषि अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष कैप्टन विकास गुप्ता, भाजपा महानगर अध्यक्ष महेश चौहान, वरिष्ठ भाजपा नेता चन्द्रगीराम, अमित त्यागी, सुमित्रा हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. वीके गुप्ता, सपा नेता बबलू चौहान समेत अनेक गणमान्य लोग और मीडिया क्लब के सदस्य मौजूद रहे।

इस अवसर पर युवा शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुनील शर्मा और उनकी पूरी टीम ने भी विशेष सहयोग किया। पाठ के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया और सभी ने हनुमानजी से सुख-समृद्धि व प्रगति की कामना की। नोएडा मीडिया क्लब का यह आयोजन भक्ति और सामाजिक समरसता का अद्भुत संगम बन गया।

### घर से मोबाइल सहित अन्य सामान चोरी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर ईटा वन में रहने वाले दो दोस्तों के मकान से मोबाइल सहित अन्य सामान चोरी हो गया। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। आदेश कुमार ने पुलिस को बताया कि वह अपने साथी मुकेश के साथ सेक्टर किराए के मकान में रहते हैं। सोमवार की शाम दोनों दोस्त घर के सामने बने पार्क में टहलने के लिए गए थे। घर की कुंडी बंद थी। इसी बीच किसी ने कुंडी खोली और अंदर घुसकर दोनों के मोबाइल, पर्स और घड़ी चोरी कर ली।

### ट्रक की टक्कर से एक की मौत, दूसरा घायल

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** बादलपुर जीटी रोड पर धूम मानिकपुर गांव के पास ट्रक व बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार एक शख्स की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल ग्रेनो के अस्पताल में उपचाराधीन है। ट्रक नंबर के आधार पर चालक के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बुलंदशहर के जडौली गांव निवासी प्रशांत व रोहित परिवार के साथ रहते हैं। वह बाइक पर सवार होकर 25 अगस्त को गाजियाबाद से बुलंदशहर जा रहे थे। जीटी रोड पर धूम मानिकपुर गांव के समीप पहुंचे तो बाइक की ट्रक से टक्कर हो गई। इससे प्रशांत व रोहित सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को लोग पास के अस्पताल ले गए। दोनों की हालत बिगड़ती देख ग्रेनो के अस्पताल के लिए रेफर किया गया। अस्पताल में प्रशांत को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया और रोहित को उपचार जारी है। घटना की सूचना पाकर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजन ने ट्रक नंबर के आधार पर चालक के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस आरोपी चालक की तलाश में लगी है।

### विवाहिता की हत्या में पति समेत तीन को जेल भेजा

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** रेलवे रोड पर विवाहिता की हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है । आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोगों ने गले में फंदा लगाकर महिला की हत्या कर दी। पुलिस ने इस मामले में मंगलवार को पति, सास और ससुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जनपद बुलंदशहर के थाना अहार की रहने वाली मनीषा की शादी मनोज शर्मा के बेटे शिवम शर्मा से हुई थी। शादी के बाद से ही विवाहित पर दहेज के लिए दबाव बनाने लगे।

इस दौरान दोनों पक्ष में कई बार पंचायत भी हुई। शादी के एक साल बाद मनीषा ने एक पुत्र को जन्म दिया। इसके बावजूद भी ससुराल पक्ष के लोगों का उत्पीड़न बंद नहीं हुआ। आरोप है कि रविवार को मनीषा को फांसी देकर उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस ने मृतक महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । थाना प्रभारी दारोगी अरविंद कुमार ने बताया कि इस मामले में पति शिवम, ससुर मनोज और सास चंचल को जेल भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सांत्वना देने के लिए रुपवास गांव में लगा तांता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सिरसा गांव में दहेज को लेकर निक्की की हत्या के बाद रूपवास गांव में मृतक परिवार को सांत्वना देने का सिलसिला जारी है। मंगलवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री नवाब सिंह नागर, सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष फकीर चंद नागर, सपा नेत्री सुनीता यादव, यतेंद्र कसाना, किसान नेता राजकुमार सिंह, डॉ सुभाष प्रेमी, दीपक नागर, मलखान सिंह, सुभाष नागर समेत राजनैतिक, सामाजिक एवं संगठनों के लोग आए और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर सांत्वना दी।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मैसर्स प्रिंस लॉजिस्टिक जिसका फर्म रजिस्ट्रेशन नंबर जीबीएन/0003752 और व्यवसायिक स्थल ईको शॉप नंबर 31 उद्योग विहार बिल्डिंग मैटेरियल मार्केट, ग्रेटर नोएडा जिला गौतम बुध नगर है। उपरोक्त फर्म के भागीदार श्री सुनील कुमार नागर पुत्र श्री नत्थी सिंह ने स्वेच्छा से 21 फरवरी 2025 को अवकाश ग्रहण कर लिया था एवं श्री पंकज नागर पुत्र श्री सुरेंद्र सिंह नागर को नए भागीदारी के रूप में दिनांक 21 फरवरी 2025 से ही फर्म में सम्मिलित कर लिया गया है फर्म में किसी भी प्रकार का कोई विवाद नहीं है।

पंकज नागर पुत्र
श्री सुरेंद्र सिंह नागर
(एफिडेविट कर्ता)

# सांकरौद गांव के पास यमुना किनारे पड़ा मिला किशोर का शव

## पुलिस और गोताखोरों की टीम यमुना नदी में तीन दिन से लगातार कर रही थी तलाश, परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** यमुना नदी के किनारे एक दुखद घटना सामने आई है। माता कॉलोनी निवासी मोहसिन रविवार को पशुओं के लिए चारा लेने यमुना किनारे गया था। चारा लेकर लौटते समय उसका पैर फिसल गया और वह नदी में गिर गया।

स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस और गोताखोरों की टीम ने तीन दिन तक लगातार तलाश की। मंगलवार को मोहसिन का शव सांकरौद गांव के पास यमुना किनारे मिला। शव करीब 10 किलोमीटर तक बहकर गया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस घटना से मोहसिन के परिजनों की हालत बेहद खराब है। स्थानीय लोग पीड़ित परिवार को सांत्वना दे रहे हैं। यमुना नदी में यह हादसा ऐसे समय हुआ है जब हथिनी कुंड बैराज से पानी छोड़े जाने और पहाड़ों में हो रही बरसात के कारण नदी का जलस्तर बढ़ रहा है। प्रशासन ने लोगों से यमुना किनारे न जाने और सावधानी बरतने की अपील की है।





# 320 पशुओं को मिल चुकी एंटीरेबीज की डोज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बेजुबान पशुओं के लिए रेबीज के विरुद्ध संचालित विशेष एंटी रेबीज टीकाकरण अभियान जिले में लगातार गति पकड़ रहा है। ताज़ा आंकड़ों के अनुसार अब तक जिले के सभी 33 पशु चिकित्सालयों में कुल 320 पालतू जानवरों को जीवनरक्षक टीका लगाया जा चुका है एवं टीकाकरण शिविर अभी भी जारी है। इनमें 290 कुत्ते और 30 बिल्लियाँ शामिल हैं। जनपदवासी इस मुहिम को गंभीरता से लेते हुए अपने पालतू जानवरों को सुरक्षित कराने में आगे आ रहे हैं।

जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अपनी जिम्मेदारी समझते हुए अधिक से अधिक संख्या में अपने पालतू जानवरों को इस विशेष अभियान के दौरान टीका अवश्य लगवाएँ। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा.अरविंद त्रिपाठी ने बताया कि रेबीज एक ऐसी बीमारी है जिसके लक्षण प्रकट होने के बाद कोई स्थायी इलाज संभव नहीं है और यह लगभग सौ प्रतिशत मामलों में घातक सिद्ध होती है। इसलिए रोकथाम ही इसका एकमात्र उपाय है। उन्होंने कहा कि समय पर टीकाकरण कराना ही पशु और मनुष्य दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का सबसे प्रभावी साधन है। अभियान के अंतर्गत जिले के सभी पशु चिकित्सालयों पर प्रतिदिन सुबह दस बजे से दोपहर तीन बजे तक पालतू जानवरों का मुफ्त टीकाकरण किया जा रहा है।

## 5 सितंबर को होगी चौ.केहर सिंह दिव्य पब्लिक स्कूल यज्ञ शाला की स्थापना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के कोताना रोड़ चौधरी केहर सिंह एजुकेशनल ट्रस्ट के द्वारा एक भव्य यज्ञ शाला की स्थापना 5 सितंबर को चौधरी केहर सिंह दिव्य पब्लिक स्कूल के प्रांगण में की जा रही है।

यज्ञशाला स्थापना कार्यक्रमतैयारी की गई। इस मौके पर डा.मनीष तोमर सचिव चौधरी केहर सिंह एजुकेशनल ट्रस्ट ने जानकारी देते हुए बताया भव्य यज्ञशाला का शिलान्यास मुख्य अतिथि माननीय आरिफ मोहम्मद खान राज्यपाल बिहार के द्वारा किया जाएगा ओर कहा यज्ञ भारतीय संस्कृति का प्राण है।

यज्ञ ही भारतीय संस्कृति का आधार है। विद्यालय के पावन प्रांगण में यज्ञशाला की आधारशिला रखकर हमें अपनी प्राचीन विश्व प्रसिद्ध वैदिक संस्कृति का निर्वहन करना है। यह यज्ञशाला केवल ईंट पत्थर का ढांचा नहीं आध्यात्मिक ऊर्जा और सांस्कृतिक चेतना का केंद्र होगी।

## सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस सख्त, वाहन चालको के काटे चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मंगलवार को चैकिंग अभियान के दौरान राष्ट्र वंदना चौक पर ट्रैफिक पुलिस द्वारा वाहन चाल. को के चालान किया गए। वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक भी किया गया। नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई। यातायात इंस्पेक्टर सतेन्द्र सिंह ने बताया कि चैकिंग में ट्रिपल राइडिंग, ओवरस्पीड, ओवरलोड और ओवरहाइट वाहनों को रोककर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालान किए गए। कहा कि यातायात नियम तोड़ने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस की कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया और कई ने मौके पर ही अपनी गलती मानकर आगे से नियमों का पालन करने का आश्वासन दिया। ट्रैफिक पुलिस ने बताया कि ऐसे अभियान लगातार चलाए जाएंगे ताकि सड़क सुरक्षा को और मजबूत किया जा सके।



### एक नजर

## शबगा गांव के किसानों ने डीएम से मांगा अपनी समस्याओं का समाधान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिले के शबगा गांव के किसानों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर अधिका. रियों से अपनी समस्याओं का समाधान मांगा है। किसानों ने बताया कि यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने से तेज कटान हो रहा है। इससे सैकड़ों बीघा फसल पहले ही खराब हो चुकी है। किसानों की मुख्य मांग है कि यमुना के किनारे मजबूत बांध का निर्माण किया जाए। इससे भविष्य में फसलों को नुकसान से बचाया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि यह समस्या हर साल आती है। नदी का जलस्तर बढ़ने से फसलें खराब होती हैं। वर्तमान में कई किसान आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। वे अधिकारियों के कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन अभी तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। किसानों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द समाधान नहीं निकला तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस समय कई फसलें जलमग्न होने की कगार पर हैं। किसानों ने जिलाधिकारी से इस समस्या का स्थाई समाधान करने की मांग की है। उनका कहना है कि बार-बार यमुना के किनारे बांध बनाने की मांग की जा रही है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

## नगर पालिका की ओर से शिविर स्थलों पर जानवरों के लिए कराए जाएंगे जलपात्र उपलब्ध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** नगर पालिका की ओर से शिविर स्थलों पर जानवरों के लिए जलपात्र भी उपलब्ध कराए गए हैं, ताकि टीकाकरण कराने आने वाले पशुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। भारत में रेबीज के 99 प्रतिशत मामले कुत्तों के काटने से होते हैं। यह बीमारी इतनी खतरनाक है कि लक्षण दिखने के बाद बचाव संभव नहीं होता। ऐसे में केवल समय पर टीका ही इसका समाधान है। यही कारण है कि प्रशासन ने पूरे जिले को रेबीज मुक्त बनाने के लिए इस बड़े अभियान की शुरुआत की है। प्रशासन ने सभी से अपील की है कि जागरूकता का परिचय देते हुए अपने पालतू कुत्तों और बिल्लियों का ही नहीं बल्कि आसपास के स्थानीय कुत्तों को भी इन शिविरों तक लाने का प्रयास करें। यह केवल प्रशासन का कार्य नहीं बल्कि हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। जब हम अपने पशुओं को जीवनरक्षक टीका दिलाते हैं तो हम न सिर्फ उनकी जिंदगी बचाते हैं बल्कि समाज को भी एक घातक बीमारी से सुरक्षित करते हैं।

# 4 सितम्बर को सभी विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं मुख्य द्वार पर खड़े होकर करेंगें प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के महात्मा गांधी इंटर कॉलेज में शिक्षकों को संबोधित करते हुए स्वराज पाल दुहूण खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र उ.प्र.मा.शि. संघ.चेतनारायण के परिक्षेत्र प्रभारी ने जैन स्थानक वासी कन्या इंटर कॉलेज बड़ौत व महात्मा गांधी इण्टर कॉलेज बड़ौत में शिक्षक शिक्षिकाओं से सम्पर्क कर बताया कि उ.प्र.प्रबन्धक सभा ने शिक्षकों शिक्षिकाओं की सेवा सुरक्षा पर कुठाराघात करते हुए,अपने नापाक इरादों से 12 सूत्री मांग पत्र मुख्यमंत्री को सौंपा कर स्पष्ट कर दिया है।

प्रबन्धक महासभा,वेतन वितरण अधिनियम 1971 से पूर्व की स्थिति ला कर पुन: शिक्षक शिक्षिकाओं को बन्धुवा मजदूर की स्थिति में लाना चाहती है। स्वराज पाल दुहूण ने कहा कि वें ऐसा कभी भी नहीं होने देंगे। उ.प्र.मा.शि.संघ इसका डट कर मुकाबला करेगा। इसी श्रंखला में संगठन ने आहवान किया है कि 4 सितम्बर 25 को प्रत्येक विद्यालय के शिक्षक - शिक्षिकाएं अन्तिम कालांश में अपने -अपने विद्यालयों के मुख्य द्वार पर खड़े होकर प्रदर्शन करेंगें। शिक्षक व शिक्षिकाओं के हाथ में -शिक्षक एकता जिंदाबाद, हम प्रबन्धकों के ना पाक इरादों को सफ़ल नही होने देंगे। हम अपनी उपलब्धियों को सुरक्षित रखेंगे। नारे लगाते हुए हाथों में ऐसे नारे लिखी तख्तियां लहरायेंगे।



# नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और वेदों से जोड़ने का बनेगी यज्ञशाला मध्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** जहां से युवा पीढ़ी संस्कार और राष्ट्रभक्ति का संदेश समाज में पहुंचाएगी। नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और वेदों से जोड़ने का यह यज्ञशाला मध्य बनेगी। यज्ञ प्राचीन काल से ही मानव जीवन का अभिन्न अंग रहा है।

आज विश्वविद्यालयों में यज्ञ विज्ञान पर शोध ग्रंथ प्रकाशित हो रहे हैं। जिला आर्य प्रतिनिधि सभा बागपत के मंत्री रवि शास्त्री ने जानकारी देते हुए कहा यज्ञशाला शिलान्यास समारोह में जनपद के सामाजिक दायित्व के 100 गांव के प्रतिनिधियों एवं आसपास के जनपदों के साथ युवा पीढ़ी, मातृशक्ति सहित हजारों लोगों से जनसंपर्क कर कार्यक्रम में सादर आमंत्रित करेंगे। डा.मनीष तोमर ने कहा कि हम सब लोगों को मिलकर अपने बच्चों को संस्कारवान बनाना है। उन्होंने कहा कि संस्कार बाजार में नहीं मिलते हैं।

यज्ञशाला संस्कारों का एक माध्यम है, जिससे आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हो सके। अच्छे विचारों से ही व्यक्ति को मानसिक शांति मिलती है। इस अवसर पर जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के कोषाध्यक्ष कपिल आर्य, धर्मपाल सिंह त्यागी, मास्टर प्रदीप शर्मा, मास्टर रामपाल तोमर, दीपक तोमर आदि उपस्थित रहे।

## आरोपियों ने गाड़ी में तेज आवाज में गाने बजा किया हंगामा

**शाह टाइम्स संवददाता**

**बागपत।** बीजेपी नेता वसीम के साथ एक बार फिर विवाद का मामला सामने आया है। वसीम ने बताया कि 5 जुलाई को उनके साथ मारपीट और हमला किया गया था। इस मामले में पुलिस ने चार आरो. पियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इनमें से दो आरोपी जमानत पर रिहा हो गए हैं। रिहाई के बाद आरा. पी एक गाड़ी में करीब छह लोगों के साथ वसीम के घर पहुंचे। आरोपियों ने गाड़ी में तेज आवाज में गाने बजाए और हंगामा किया। वसीम ने जब इसका विरोध किया तो उन्हें गालियां दी गईं और जान से मारने की धमकी दी गई। वसीम का आरा. प है कि एक बाहरी व्यक्ति भी गाड़ी में मौजूद था, जो बार-बार अन्य लोगों को झगड़े के लिए उकसा रहा था। पीड़ित ने थाने पहुंचकर पुलिस से शिकायत की है और कार्रवाई की मांग की है। वसीम ने आरोपियों से जान का खतरा भी जताया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## बागपत में 13 सितंबर को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 13 सितंबर 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय बागपत में किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शाबिस्ता आकिल करेगी। इस ऐतिहासिक अवसर पर दीवानी, शमनीय आपराधिक, धारा 138 NI Aबज चेक बाउंस, मोटर दुर्घटना दावा, भूमि विवाद, वैवाहिक विवाद, श्रम विवाद, बैंक संबंधित मामले, राजस्व विभाग के मामले तथा प्री-लिटिगेशन पूर्व वाद मामलों का समाधान आपसी सहमति से किया जाएगा।

लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य न्याय की प्रक्रिया को सरल, शीघ्र और सस्ता बनाना है, जिससे आम आदमी को बिना किसी कठिनाई के त्वरित न्याय मिल सके। इस मौके पर विभिन्न प्रकार के मामले जैसे कि दीवानी मामले, शमनीय आपरा. धिक मामले, मोटर दुर्घटना दावा, भूमि विवाद, वैवाहिक विवाद, लोक उपयोगी सेवाओं जैसे बिजली, जल, टेलीफोन से जुड़े विवाद, श्रम एवं औद्योगिक विवाद आदि निपटाए जाएंगे। लोक उपयोगी सेवाओं बिजली, जल, टेलीफोन से संबंधित विवाद श्रम एवं औद्योगिक विवाद बैंक और राजस्व विभाग के मामले प्री-लिटिगेशन पूर्व वाद से संबंधित दीवानी और आपराधिक मामले न्याय का सरल और त्वरित तरीक. ालोक अदालत में मामलों का निस्तारण आपसी सहमति के आधार पर किया जाएगा। इस प्रक्रिया में दोनों पक्षों की सहमति से मामले को सुलझाया जाएगा और लोक अदालत का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा। यह एक महत्वपूर्ण अवसर है, जहां लंबित मामलों का समाधान एक निर्धारित समय सीमा में किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे अपने लंबित मामलों को लोक अदालत में निस्तारण के लिए प्रस्तुत करें। इसके लिए विधिक सहायता के लिए हेल्प लाइन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं विधिक प्रक्रिया को सरल बनाना है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य है लोगों को न्याय की प्रक्रिया में तेजी लाना और उन्हें पारंपरिक अदालतों की लंबी प्रक्रिया से निजात दिलाना। यह राष्ट्रीय लोक अदालत उन नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जो न्याय के लिए दर-दर भटकते लोगों को सस्ता न्याय दिलाना।

## होंडा सीबी 125 हॉरनेट मोटरसाइकिल की हुई लॉन्चिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** शहर के शिव शक्ति बड़ौत होंडा शोरूम पर होंडा कंपनी की नई सीबी 125 हॉरनेट और शाइन-100 डीलक्स मोटरसाइकिलों का लांचिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य लोग, युवा बाइक प्रेमी और शोरूम प्रबंधन से जुड़े सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

शोरूम डायरेक्टर श्रवण तोमर ने बताया कि नई होंडा सीबी-125 हॉरनेट आकर्षक डिज़ाइन, दमदार इंजन और आधुनिक तकनीक से लैस है। यह मोटरसाइकिल युवाओं की पसंद को ध्यान में रखकर तैयार की गई है, जिसमें बेहतर माइलेज और सुरक्षा फीचर्स का भी विशेष ध्यान रखा गया है। इसकी एक्स शोरूम कीमत 112000 'है यह मॉडल चार कलर मे उपलब्ध है। वहीं दूसरी ओर उन्होंने बताया कि होंडा शाइन-100 मध्यवर्ग की पसंद है यह उनके बजट में फिट बैठती है आम आदमी के बजट को देखते हुए कंपनी ने होंडा शाइन शो डीलक्स निकाली है। शुभारंभ पश्चिमी उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष अरुण तोमर ने फीता काटकर मोटरसाइकिल का अनावरण किया।

## स्वामी-सेवक आदि के धर्म का दिग्दर्शन कराने वाली है दिव्य कथा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर के अग्रसेन भवन में सनातन धर्म प्रचारिणी महासभा के तत्वाधान में आयोजित राम कथा के तृतीय दिवस पर सुबह 8 बजे गणेश पंचांग पीठ आदि की पूजा का कार्य आचार्य में इसके सानिध्य में संपन्न होने के उपरांत दोपहर 2 बजे तथा मंडप में व्यास पीठ की पूजा मुख्य यजमान पूनम तोमर धर्मपत्नी अरविंद तोमर सहायक यजमान रुक्मणी पत्नी राजेंद्र शर्मा के द्वारा कराई गई।

आचार्य अतुल कृष्ण महाराज ने बताया धर्म के साक्षात् विग्रह भगवान् श्रीराम और उनकी कथा मानव को मानव धर्म बताने वाली तथा समाज में मानवता की प्रतिष्ठा करने वाली एक दिव्य चेतना है। आज वर्तमान समय में परिवारों को आपस में कैसे जोड़ा जा सकता है ? मित्रता कैसी होनी चाहिए?

स्वामी - सेवक आदि के धर्म का दिग्दर्शन कराने वाली यह एक दिव्य कथा है। महर्षि श्रीवाल्मीकि द्वारा रचित रामायण एवं गोस्वामी तुलसीदास द्वारा संकलित श्रीरामचरितमानस जैसे दिव्य ग्रन्थ, भगवान् श्रीराम के जीवन का दर्पण है।

वाल्मीकीय रामायण में भगवान् श्रीराम के मानवीय चरित्र तथा श्रीरामचरितमानस में मानव के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी हंसराज गुप्ता आचार्य उमेश शास्त्री आचार्य संजय शास्त्री अतुल गुप्ता कालीचरण शर्मा आदि मौजूद रहे।

## ग्राम प्रधान ने सांसद से की टांडा से मवीकलां तक सड़क का विस्तार कराने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** छपरौली विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम टांडा के ग्रामीणों ने लंबे समय से लंबित पड़ी सड़क विस्तार की मांग को एक बार फिर जोरशोर से उठाया है। ग्राम प्रधान नवाजिश खान के नेतृत्व में ग्रामीणों ने सांसद डा.राजकुमार सां. गवान को पत्र भेजकर टांडा से मवीकलां तक सड़क का विस्तार कराने की मांग की है।

ग्राम प्रधान का कहना है कि यह सड़क किसानों और आमजन के लिए जीवनरेखा साबित होगी। बरसात के मौसम में यमुना का पानी खेतों में भरने से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। यदि यह मार्ग पक्का और चौड़ा हो जाए तो किसानों को अपनी उपज समय पर मंडियों तक पहुंचाने में सुविधा होगी और बारिश से होने वाली क्षति भी काफी हद तक कम हो जाएगी।



**किसानों और ग्रामीणों को सीधा लाभ**

गांव के किसान राजकुमार ने कहा आज भी खराब सड़क के कारण मंडी तक पहुंचना मुश्किल है। अगर यह मार्ग टांडा तक बन गया तो फसल का सही समय पर दाम मिल सकेगा। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग से न केवल टांडा बल्कि काका, पाली, सिसाना, गढ़ीपुख्ता, निवाड़ा, फैजलपुर, हुलासन, इस्लामपुर, ललियाना और छुर्री सहित दर्जनों गांवों के लोग लाभान्वित होंगे।

**शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच. ेगी आसानी**

ग्रामीण महिला सुनीता ने कहा बरसात के दिनों में बच्चों को स्कूल और बीमार को अस्पताल ले जाना बहुत मुश्किल हो जाता है। यदि सड़क पक्की हो जाए तो हमें राहत मिलेगी।

**युवाओं को मिलेगा रोजगार और दिल्ली से होगा बेहतर जुड़ाव**

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि इस मार्ग का विस्तार दिल्ली से बेहतर कनेक्टिविटी स्थापित करेगा। इससे क्षेत्रीय युवाओं को रोजगार और अवसरों तक पहुंच आसान होगी। साथ ही कृषि उत्पादों की बिक्री भी उचित मूल्य पर हो सकेगी।

**सांसद से प्राथमिकता देने की अपील**

ग्राम प्रधान नवाजिश खान ने सांसद डा.सांगवान से अपील की कि इस विषय को संसद में उठाकर प्राथमिकता में शामिल किया जाए, ताकि पूरे क्षेत्र का सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक विकास सुनिश्चित हो सके।

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(ऑर्डर 5 क़ायदा 1 व 5)
न्यायालय उपजिलाधिकारी बडौत,
(बागपत)।

अपील सं.- सन् 2025 अरविन्द तोमर आदि बनाम कृष्णा, अं. धारा-35 (2) उ.प्र.रा.सं.- 2006, मौजा- चौबली।, ... प्रतिवादी, 1.कृष्णा पुत्री पारसराम निवासी मार्फत जगदीश सिंह सनोत निवासी नरेला दिल्ली।, हरगाह प्रार्थी/वादी ने आपके नाम एक अपील सं. -सन् 2025 मौजा चौबली योजित किया हैं। लिहाजा आपको हुक्म होता हैं कि आप बतारीख 04/09/2021 वक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमें के हालात से कराकर वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूरात अहम मुतलिल्हका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो जवाब ऐसे सवालात दे सके, हाजिर हो। दस्तावेज पेश करे जिन पर आप बताईद अपनी जवाबदेही दे इस्तदमाल करना चाहते हो। आपको इत्तिला दी जाती हैं कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आप मसमुअ और फैसला होगा।
उपजिलाधिकारी बडौत(बागपत)।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र आशीष व पुत्रवधु श्रीमती ममता उर्फ नीशू से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
अनिल पुत्र धर्मपाल निवासी नई बस्ती कनिश विहार बड़ौत थाना बड़ौत जनपद बागपत।

# हादसे में मारे गए सुशांत का हुआ अंतिम संस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर निवासी एक युवक की कार अनियंत्रित होकर नाले में गिरने से उसकी मौके पर मौत हो गई। वहीं तीन अन्य कार सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने घायल युवकों को सीएचसी पहुंचाया वहीं परीजनों ने मृतक युवक का बिना किसी कार्रवाई के अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। नगर के गंधार दरवाजा निवासी सुशांत प्रजापति (21 वर्ष) पुत्र लोकेश सोमवार देर शाम अपने जीजा प्रिंस व दो युवकों के साथ किठौर रोड की तरफ जा रहा था। जैसे ही गावड़ा पुलिया के पास पहुंचे कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे नाले में गिर गई। सूचना पर थाना पुलिस तथा परिजन मौके पर पहुंचे जिसमें सुशांत की मौके पर ही मौत हो गई थी तथा अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें पुलिस ने नगर के सीएचसी पहुंचाया। वहीं परिजनों ने पुलिस से कार्यवाही करने इनकार कर दिया। पुलिस ने युवक का पंचनामा भरकर परिजनों को सौंप दिया वहीं मंगलवार सुबह युवक का नगर के ही श्मशान घाट में अंतिम संस्कार कर दिया। पिता लोकेश की दो वर्ष पूर्व मृत्यु होने से सुशांत नोएडा रहकर एक दवाई की कंपनी में अपने घर का खर्च उठा रहा था बड़ी बहन की शादी हो चुकी है जबकि छोटी बहन की शादी करने के बाद अपनी शादी करने की बात कहता था। सुशांत की मृत्यु होने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है वही मां बहनों का रो-रो कर बुरा हाल बना हुआ है।



मृतक सुशांत का फाइल फोटो।

## तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट क्षेत्र के कंजर वाले पुल स्थित खेड़े वाली मस्जिद के पास तेज रफ्तार बाइक सवारों ने युवक को टक्कर मार दी जिससे युवक घायल हो गया। थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के श्याम नगर गली नंबर 8 का रहने वाला हाशिम हापुड़ से लौट कर अपने घर आ रहा था। रास्ते में कमेला रोड पर खेड़े वाली मस्जिद के पास रुक कर टॉयलेट करने गया, टॉयलेट करके बाहर निकाल तो तेज रफ्तार बाइक सवारों ने जोरदार टक्कर मारी दी, जिससे पीड़ित युवक हाशिम घायल हो गया। वहीं बाइक सवार अपनी बाइक छोड़कर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बाइक को कब्जे में ले लिया है। घायल युवक को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भेज दिया। पुलिस ने आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे फुटेज से आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# साइट बंद होने के विरोध में अधिवक्ताओं ने रजिस्ट्री कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** मंगलवार को सरधना तहसील के अधिवक्ताओं ने बैनामे वाली साइट बंद हो जोन के विरोध में रजिस्ट्री कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने सब रजिस्ट्रार से इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान कराने की मांग की है।

पूर्व बार अध्यक्ष कुलदीप त्यागी ने बताया कि उप रजिस्ट्री कार्यालय में काफी दिन से लो सर्वर की दिक्कत चल रही है जिसके चलते कभी भी साइट बंद हो जाती है। ऐसे में बैनामा नहीं हो पाता और अधिवक्ताओं व बैनामा कराने आने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि पिछले एक सप्ताह से अधिक परेशानी हो रही है। मंगलवार को कुछ देर के लिए साइट चली उसके बाद फिर से सर्वर लो हो गए। इसी के विरोध में अधिवक्ताओं ने हंगामा कर दिया साथ ही रजिस्ट्री कार्यालय में ताला जड़कर धरना देकर बैठ गए। इस दौरान अधिवक्ताओं ने उन्होंने सब रजिस्ट्रार से मिलकर अपना विरोध जताया और इस समस्या का समाधान कराने की मांग की। सब रजिस्ट्रार ने बताया कि उच्च अधिक. ारियों को इस समस्या से अवगत करा दिया गया है। जल्द ही इसका समाधान हो जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में अधिवक्ता कुलदीप त्यागी, प्रशांत त्यागी, प्रमोद प्रधान, मोहित शर्मा आदि थे।



# राजा मिहिर भोज प्रतिहार की जयंती मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** नगर के मोहल्ला काकड़ोवाला में सभासद वीरेंद्र नगर के आवास पर मिहिर भोज प्रतिहार की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई जिसमें गुर्जर समाज के लोगों ने मीर भोज प्रतिहार के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके पद चिन्हों पर चलने का आह्वान किया। इस मौके पर समाजसेवी प्रताप गुर्जर ने कहा कि हमारा समाज पिछड़ता जा रहा है। समाज लोगों से कहा कि हमें आज के समय में समाज में फैली कुरीतियों को दूर करना है। उन्होंने कहा कि हमें समाज को संगठित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समाज अपने युवाओं को अच्छी शिक्षा देकर ऊंचे पदों पर पहुंचने का काम करें तभी हमारा समाज आगे बढ़ पाएगा। सभासद वीरेंद्र नागर ने कहा कि आज के समय में समाज के लोग एक दूसरे से रंजिश रखता है। राजा में सिंह ने अपने समय में सभी समाज के धर्मों के लिए जमीन बंधी थी लेकिन कहीं भी उनका शिलापट नहीं लगा हुआ है। हमें संगठित होकर समाज में फैली नशा मुक्ति, जुआ, शराब आदि का सेवन करने वाले युवाओं को दूर करना है और अच्छी शिक्षा देकर उन्हें अच्छे पदों पर पहुंचना है। उन्होंने मीर भोज प्रतिहार के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अध्यक्षता राजेंद्र सिंह दरोगा ने तथा संचालन सभासद दीपक गुर्जर ने किया। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रताप नागर, सभापति भूषण गुर्जर, सुभाष गुर्जर, बिददी गुर्जर, महिपाल सिंह, वीरेंद्र नागर, सभासद दीपक गुर्जर, आकाश कुमार, आर्य कुमार, शुभम कुमार, मोहित कुमार, आकाश नागर, नितिन कुमार, निक्की कुमार, बोबी जैनर, कालू जेनर, विजयपाल गुर्जर, जोगिंद्र बिधूड़ी, संजय नागर, कालूराम गुर्जर, बिरजू नागर, कवरपाल सिंह नागर आदि सैकड़ो लोग शामिल थे।



# रामराज पुलिस चौकी के पास सीरे से भरा टैंकर पलटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** सोमवार की मध्य रात्रि मेरठ पौड़ी मार्ग पर रामराज पुलिस चौकी के पास बड़ा हादसा होते-होते टल गया। देर रात सीरे से भरा एक टैंकर अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे रखे खोखे के ऊपर पलट गया। गनीमत यह रही कि घटना के समय वहा पर कोई मौजूद नहीं था। नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। जहां पर टैंकर पलटा वहां पर कई खोखे रखे हुए थे। सचिन कुमार सैलून का काम करता है।

बताते चलें कि सोमवार की मध्य रात्रि मेरठ से मुजफ्फरनगर की ओर जा रहा सीरे से भरा एक टैंकर का चालक अनियंत्रित होकर रामराज पुलिस चौकी के पास पलट गया। सड़क किनारे रखे खोखे टैंकर के नीचे दब गये जिससे भारी नुकसान हुआ है। हादसे में टैंकर चालक

### ■ चालक मामूली रूप से घायल

अमजद खान निवासी थाना भवन ने समझदारी दिखाते हुए चलते टैंकर से कूद कर अपनी जान बचा ली। हालांकि उनको मामूली चोट आई है जिनका प्राथमिक उपचार स्थानीय चिकित्सक ने कर दिया है। टैंकर पलटने से सड़क के चारों और शीरा हीं सीरा हो गया। जिससे रहागिरो को आने-जाने काफी परेशानी हो रही है। टैंकर चालक का कहना है कि गाड़ी का स्टेरिंग फेल होने के कारण यह हादसा हुआ है। हालांकि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। टैंकर पलटनें से जिन दुकानदारों के खोखे क्षतिग्रस्त हुये हैं। उन्होंने चौकी पर तहरीर देकर मुआवजे की मांग की है। पीड़ित दुकानदार सचिन, अजय, शिवकुमार, सुशील, दीपक आदि का कहना है कि उनकी दुकानें क्षतिग्रस्त हुई हैं। उनका काफी नुकसान हुआ है। उनकी भरपाई करने के बाद ही टैंकर को जाने दिया जाये। वहीं राम. राज चौकी प्रभारी अमित कुमार मिश्रा ने बताया कि वह पूरे मामले की जांच कर रहे हैं। जांच के बाद ही पता चल पाएगा कि घटना वास्तव में टैंकर का स्टेरिंग फेल होने से हुई है या फिर चालक की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ है। हालांकि क्रेन बुलाकर पलटे हुए टैंकर को उठाकर एक तरफ करवाया गया।



# सीसीएसयू में एनएसएस की एकदिवसीय समीक्षा बैठक सम्पन्न, अतिथियों ने दिए दिशा-निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के अटल सभागार में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला के मार्गदर्शन में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की एक दिवसीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. मंजू सिंह, विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य संपर्क अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ रहीं, जबकि विशेष अतिथि के रूप में राजेश तिवारी, युवा अधिकारी, क्षेत्रीय निदेशालय राष्ट्रीय सेवा योजना उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। स्वागत उद्बोधन समन्वयक एनएसएस, सीसीएसयू डॉ. दुष्यंत कुमार चौहान ने दिया, जिसके पश्चात एनएसएस गीत प्रस्तुत किया गया। बैठक के दौरान कार्यक्रम अधिकारियों ने अपने अनुभव साझा किए और विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका उत्तर विशेष अतिथियों ने विस्तार से दिया। मुख्य अतिथि डॉ. मंजू सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों, नए नियमों और पंजीकरण की पूरी प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हराष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने और उनमें नेतृत्व व सेवा भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है। सरकार युवाओं को अधिक से अधिक अवसर देने के लिए नई पहल कर रही है। उन्होंने भविष्य में सामने आने वाली चुनौतियों के समाधान का आश्वासन भी दिया और राज्य व केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे नवीन अपडेट्स साझा किए।

विशेष अतिथि राजेश तिवारी ने कार्यक्रम अधिकारियों के सवालों का समाधान करते हुए कहा कि एनएसएस समाज में सकारात्मक बदलाव की आधारशिला है। इसके माध्यम से युवा पर्यावरण, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं।

बैठक के दौरान वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के निदेशक (शोध) प्रो. बीरपाल सिंह की गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की गंभीरता और भी प्रखर हुई। विश्वविद्यालय व विभिन्न महाविद्यालयों से आए कार्यक्रम अधिकारियों/डॉ. रानू अग्रवाल, डॉ. सीपी सिंह सहित अन्य ने अपने अनुभव साझा किए।

कार्यक्रम समन्वयक डॉ. दुष्यंत कुमार चौहान ने कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों को केवल सेवा ही नहीं, बल्कि समाज के लिए जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनने का अवसर देता है। विश्वविद्यालय सदैव ऐसे कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करता रहेगा। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन जंतु विज्ञान विभाग के छात्र-छात्राओं ने किया। कार्यक्रम का वातावरण उत्साहपूर्ण रहा और सभी प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय सेवा योजना को और सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

## करनावल के युवक पर जानलेवा हमला, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कस्बा करनावल निवासी अमित कुमार पुत्र वेदपाल रविवार शाम मेडिकल से दवा लेकर लौट रहा था। रास्ते में चौपाल के पास राहुल शर्मा पुत्र लक्की चन्द व एक अज्ञात युवक ने उसे रोक लिया और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर दोनों ने लाठी-डंडों से उस पर हमला कर दिया। हमले में अमित कुमार के हाथ-पैर व सिर में चोटें आईं। शोर मचने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायल को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। पीड़ित की तहरीर पर थाना सरूरपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की विवेचना अवर निरीक्षक अजीत कुमार शाक्य को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रिपल इंजन की सरकार में परेशान हैं न्यू शिवलोक कॉलोनी के लोग: अंकुश चौधरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष अंकुश चौधरी के नेतृत्व में न्यू शिवलोक कालोनी, गुर्जर चौक, अम्हेंडा-आदिपुर के सैकड़ों निवासी कमिश्नरी पार्क पर एकत्र हुए और वहां से डीएम कार्यालय तक जोरदार विरोध-प्रदर्शन करते हुए पैदल मार्च निकाला। लोगों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपने रास्ते के निर्माण की मांग को पुरजोर तरीके से उठाया। जिला अध्यक्ष अंकुश चौधरी ने कहा देश से लेकर प्रदेश और नगर निगम तक ट्रिपल इंजन की भाजपा सरकार, फिर भी शिवलोक कालोनी के लोग टूटी सड़क और जलभराव के कारण अत्याचार झेल रहे हैं। कालोनी का मुख्य आम रास्ता, जो मवाना रोड श्रीराम धर्मकांटा से होकर एच आर. ओ. एवं सूरज फार्म हाउस तक जाता है, पूरी तरह जर्जर हो चुका है और उस पर स्थायी जलभराव रहता है। वर्तमान समय में यह मार्ग न होकर बदबूदार झोड़ (तालाब) में तब्दील हो चुका है। बरसात के दिनों में हालात और भी भयावह हो जाते हैं, गंदा और सड़ा हुआ पानी घरों तक घुस आता है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित होता है प्रदर्शन में अंकुश चौधरी, अंकित गिरी, एसके शर्मा, रंजन, फुरकान त्यागी, हेम कुमार, शिव कुमार, गजेंद्र, किरण, सीता, पूजा, रौशनी आदि मौजूद रहे।



# मिहिरभोज की जयंती मनाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** थाना क्षेत्र गांव गुडम्ब में ग्रामीणों ने मिहिरभोज की जयंती पर उनके चित्र पर फूलमाला अर्पण करते हुए धूमधाम से मनाई गई। प्रात: हवन पूजन के साथ प्रसाद का वितरण किया। इस मौके महिपाल सिंह, पूर्व चेयरमैन वेद प्रकाश आर्य, राजेंद्र सिंह, मुन्नू, रघुवर सिंह, रणवीर सिंह, अरुण कुमार, संदीप आर्य, अश्वनी, चतर सिंह, अंकुर आर्य, सेठपाल सिंह, कालू, दिनेश आदि मौजूद रहे।

# कस्बा फलावदा के प्राचीन सदाशिव मंदिर में बाबा मोहन राम का भव्य जागरण आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** कस्बे के शहीद भगत सिंह चौक पर स्थित प्राचीन सदाशिव मंदिर में सोमवार देर शाम बाबा मोहन राम का भव्य जागरण आयोजित किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं द्वारा बाबा मोहन राम की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए हवन के साथ ज्योति प्रचंड और पूजा अर्चना की गई और प्रसिद्ध जागरण मंडली के कलाकारों द्वारा बाबा मोहन राम के भजन प्रस्तुत किए गए।

इस दौरान श्रद्धालुओं ने उनकी महिमा का गुणगान किया। मंदिर परिसर में मंगलवार प्रात: बाबा मोहन राम महाआरती आयोजित की गई इसके उपरांत देसी घी व चने के हलवे का प्रसाद वितरण किया गया और भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों महिला श्रद्धालुओं की भीड़ रही है। मंदिर समिति के मंदिर समिति के अध्यक्ष विपिन रस्तोगी, उपाध्यक्ष संजय गोयल, मंत्री हनी रस्तोगी, कोषाध्यक्ष परवीन प्रजापति, विक्रांत रस्तोगी, आशू पालीवाल, विशाल रस्तोगी, भास्कर अग्रवाल, रिंकू रस्तोगी, मनीष, उज्जवल प्रजापति, तरुण रस्तोगी, अनंत धीमान, विशाल कश्यप, विमल रस्तोगी, तरुण रस्तोगी, सुनील रस्तोगी, चेयरमैन अशोक कुमार सैनी, प्रदीप बिश्नोई मौजूद रहे।



## जिम संचालक पर कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ब्रह्मपुरी क्षेत्र के रहने वाला पीड़ित परिवार ने मंगलवार को एसएसपी ऑफिस पहुंचे मामले की शिकायत की है। जहां उसने बताया कि अमन नामक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया है कि अमन की मौत महज हादसा नहीं बल्कि सोची-समझी साजिश के तहत की गई हत्या है। उन्होंने मंगलवार को मामले की शिकायत एसएसपी से करते हुए जिम संचालक पर कार्यवाही की मांग की है। मामला संज्ञान में आने पर एसएसपी ने जांच के बाद कार्यवाही का आश्वासन दिया है। जानकारी के अनुसार, थाना ब्रह्मपुरी क्षेत्र के लिसाड़ी रोड पर मौजूद अमन विग बॉक्स जिम पिछले तीन सालों से कसरत करने जाता था। जिम मालिक काशिफ और उसके कर्मचारी अमन से हर महीने 22 सो रुपए लेते थे। वहीं बीती 6 जून की रात समय करीब 9:30 बजे अमन रोज की तरह जिम गया था। इसी दौरान वहां लगे करंट की चपेट में आने से अमन की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि जिम में करंट जिम के मलिक काशिफ ने फैलाया हुआ था जो साजिश थी। उन्होंने आरोप लगाया कि जिम के मालिक ने अमन को बचाने के बजाय ढकेल कर अलग नही किया। जिससे अमन की मौके पर ही मौत हो गई। अमन को पहले इन्सपार्यर अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। इसके बाद उसे मैक्स हॉस्पिटल में ले जाया गया। अमन के पिता ने पुलिस को दी तहरीर में गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जिम मालिक काशिफ और उसके साथी जानबूझकर करंट छोड़कर अमन की हत्या की साजिश में शामिल हैं। परिवार का कहना है कि जिम मालिक ने फीस के नाम 66 सौ रुपए जबरन वसूले थे और विवाद भी चल रहा था। एसएसपी ने जांच के बाद उन्हें कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# मंदवाड़ी मुख्य मार्ग से अतिक्रमण हटवाने की लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** थाना क्षेत्र गांव मन्दवाड़ी गांव जिला मेरठ की सीमा को मुजफ्फरनगर और हरिद्वार से जोड़ने वाले मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा चल रहा है। इस मार्ग से रोजाना सैकड़ो वाहनों के अलावा एक दर्जन से अधिक गांवो के लोगों का इस मार्ग से आवागमन होता है। गांव निवासी पूर्व प्रधान पवन गुर्जर, राजेंद्र सिंह, परविंदर कुमार,योगेंद्र, प्रमोद प्रधान, रणवीर सिंह, रविंदर, आदि ने बताया कि मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत पत्र भेज कर बताया कि मन्दवाड़ी गांव में मुख्य मार्ग किनारे गांव के दबंग लोगों ने अतिक्रमण करके मार्ग को अवरूद्ध कर रखा है। इस संबंध में तहसील दिवस मवाना में प्रार्थना पत्र देकर गांव के मुख्य मार्ग से अतिक्रमण हटवाने की गुहार लगाई थी लेकिन दो महीने बीतने के बाद भी कोई भी अधिकारी मौके पर जांच करने नहीं पहुंचा। पिछले दो महीनो से निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। जिस कारण संबंधित ठेकेदार ने निर्माण कार्य बंद कर दिया है। जिससे गांव के मुख्य मार्ग पर जल भराव और गहरे गहरे गड्ढे हो गए हैं जिससे आए दिन दुर्घटनाओं से लोग घायल हो रहे हैं।



## सर्जिकल ऑन्कोलॉजी ओपीडी सेवाओं की हुई शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ में जल्द सर्जिकल ऑन्कोलॉजी ओपीडी सेवा शुरू होने जा रही है। डायरेक्टर डॉ. प्रतीक वार्ष्णेय ने बताया कि हर महीने के चौथे गुरुवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक मरीजों के परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे। इससे कैंसर मरीजों को उनके घर के पास ही उन्नत और उच्च गुणवत्ता वाली रेडिएशन थेरेपी की सुविधा उपलब्ध कराना है। शुभारंभ के मौके पर डॉ. प्रतीक ने कहा, हमारा लक्ष्य लोगों को कैंसर से जुड़े लक्षणों जैसे शरीर में गांठ, खून की उल्टी, निगलने में कठिनाई, वजन कम होना और अन्य गंभीर संकेतों के प्रति जागरूक करना है। इन ओपीडी सेवाओं से बड़ी संख्या में मरीज लाभान्वित होंगे क्योंकि उन्हें महानगरों की यात्रा करने की परेशानी से छुटकारा मिलेगा।

# शारीरिक शोषण व अप्राकृतिक संबंध से परेशान युवक ने खाई कीट नाशक दवाई, हालत गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम सिंहपुर निवासी एक छात्र ने शारीरिक शौषण व अप्राकृतिक संबंध की वीडियो बनाकर ब्लेक मेल करने से परेशान होकर कीटनाशक दवाई खाकर जान देने की कोशिश की पुलिस मामले की जांच कर रही है।

ग्राम सिंहपुर निवासी एक कक्षा 12 के छात्र के साथ गांव का ही एक युवक पिछले पांच साल से नशे की दवाई खिलाकर यौन संबंध बनाता आ रहा है वहीं उसकी वीडियो भी बना ली थी अब आरोपी युवक वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे ब्लैक मेल कर रहा था। इससे परेशान होकर पीड़ित छात्र ने परेशान होकर एक सुसाइड नोट लिखकर 24 अगस्त को कीटनाशक खा लिया जिससे परिवार में हड़कंप मच गया तथा आनन फानन में परिजन उसे नगर के एक अस्पताल में ले गये तथा इसकी सूचना परिजनों ने पुलिस को दी होश आने पर पुलिस ने पीड़ित युवक के बयान भी दर्ज किये मगर आरा. ेपी के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की। मंगलवार को युवक की हालत बिगड़ते पर उसे मेरठ मेडिकल में भर्ती कराया जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं पीड़ित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं थाना प्रभारी विजय कुमार राय ने बताया की दोनों युवक बालिग है तथा दोनों में आपसी सहमति से समलैंगिक संबंध है मामले की जांच कराई जा रही है उसके बाद कार्यवाही की जाएगी। वहीं ग्रामीणों में भी घटना को लेकर भारी रोष व्याप्त है।



# शूटिंग में आठवें दिन भारत को आठ पदक

एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप

- महिला ट्रैप टीम और इंडिविजुअल में नीरू धनदा और जूनियर पिस्टल में पायल ने गोल्ड जीता
- तीन गोल्ड, 3 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज मेडल जीते, 28 गोल्ड 10 सिल्वर व 12 बॉन्ज के साथ टॉप पर भारत



**शिमकेंट, वार्ता।** कजाकिस्तान के शिमकेंट में चल रही 16वीं एशियन शूटिंग चैंपियनशिप के आठवें दिन भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 गोल्ड, 3 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज मेडल जीते। महिला ट्रैप इवेंट में भारत ने इंडिविजुअल और टीम दोनों इवेंट में गोल्ड मेडल हासिल किया। नीरू धनदा ने इंडिविजुअल में गोल्ड जीता, जबकि जूनियर महिला 25 मीटर पिस्टल में भी भारत ने गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। महिला ट्रैप इवेंट में भारत को तीन मेडल मिले। नीरू धनदा और आशिमा अहलावत ने क्वालिफिकेशन में 107 अंकों के साथ पांचवें और छठे स्थान पर जगह बनाई। प्रीति राजक 105 अंकों के साथ क्वालिफिकेशन में बाहर हो गईं। कतर की रे बासिल ने 110 अंकों के साथ पहले स्थान पर रहीं। फाइनल में नीरू ने शानदार प्रदर्शन किया। शुरूआत में भारत की नीरू और आशिमा, कतर की रे बासिल और जापान की नानामी मियासाका के बीच कड़ा मुकाबला रहा। बाद में चीनी ताइपे की लियू वान-यू भी चुनौती बनकर उभरीं। नीरू ने अंतिम 25 में से 22 और आखिरी 10 टारगेट्स में सभी 10 हिट्स लगाए, जिससे उन्होंने 43 हिट्स के साथ गोल्ड मेडल अपने नाम किया। आशिमा और रे बासिल 29 हिट्स के साथ बराबरी पर रहीं, लेकिन बिब नंबर के आधार पर आशिमा को ब्रॉन्ज और रे को सिल्वर मिला। भारत की तिकड़ी (नीरू, आशिमा, प्रीति) ने 319 अंकों के साथ टीम गोल्ड भी जीता, जो चीन (301) से 18 अंक आगे रहा। जूनियर महिला 25 मीटर पिस्टल में तीनों मेडल भारत जूनियर महिला 25 मीटर पिस्टल में भारत की पायल खत्री, नाम्या कपूर और तेजस्विनी ने शानदार प्रदर्शन किया। फाइनल में तीनों भारतीय खिलाड़ियों ने कोरिया, इंडोनेशिया और मलेशिया की प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ते हुए आपस में ही मुकाबला किया। पायल ने छठे से नौवें सीरीज में चार-चार हिट्स और 10वीं सीरीज में 5/5 हिट्स के साथ 36 हिट्स बनाए और गोल्ड जीता। नाम्या ने 30 हिट्स के साथ सिल्वर और तेजस्विनी ने 27 हिट्स के साथ ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। इसके अलावा, पायल, तेजस्विनी और रिया शिरीष ठट्टे (554 अंक) ने मिलकर 1700 अंकों के साथ टीम सिल्वर मेडल जीता, जिसमें कोरिया ने गोल्ड हासिल किया। इससे पहले नाम्या ने 581 अंकों के साथ क्वालिफिकेशन में पहला स्थान हासिल किया, जबकि तेजस्विनी 577 अंकों के साथ दूसरे और पायल 569 अंकों के साथ छठे स्थान पर रहीं। पुरुष ट्रैप में भवनीश को सिल्वर पुरुष ट्रैप में भारत के भवनीश मेंदिरत्ता ने 118 अंकों (25, 24, 23, 22, 24) के साथ क्वालिफिकेशन में चौथा स्थान हासिल किया। फाइनल में उनका मुकाबला पेरिस ओ. लिंपिक के सिल्वर मेडलिस्ट चीन के क्वि यिंग से हुआ।

## मुक्केबाजी टीम विदेश में प्रशिक्षण शिविर के लिए रवाना

- संयुक्त प्रशिक्षण शिविर के लिए 27 सदस्यीय भारतीय मुक्केबाजी दल को शेफील्ड यूनाटेड किंगडम भेजा है

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप से पहले एक उच्च-तीव्रता वाले संयुक्त प्रशिक्षण शिविर के लिए 27 सदस्यीय भारतीय मुक्केबाजी दल को शेफ़ील्ड, यूनाइटेड किंगडम भेजा है।

यह कदम भारतीय मुक्केबाजों को अंतर्राष्ट्रीय अनुभव प्रदान करने और टूर्नामेंट से पहले ही परिस्थितियों के अनुकूल ढलने के लिए सर्वोत्तम संभव तैयारी सुनिश्चित करने के बीएफआई के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है। वर्तमान में शेफ़ील्ड में मौजूद टीम में 9 पुरुष और 8 महिला मुक्केबाज हैं, जिन्हें 8 कोच और 2 स्टाफ सदस्य सहयोग प्रदान कर रहे हैं। 28 अगस्त तक उनके साथ 1 पुरुष और 2 महिला मुक्केबाज, 1 सहायक स्टाफ भी शामिल हो जाएगा। भारतीय टीम यूके के प्रमुख उच्च-प्रदर्शन खेल केंद्रों में से एक, इंग्लिश इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट शेफ़ील्ड में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर का हिस्सा है।

यह शिविर मुक्केबाजों को शीर्ष अंतर्राष्ट्रीय एथलीटों के साथ गुणवत्तापूर्ण अभ्यास और प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करता है। इसके बाद टीम चैंपियनशिप से पहले की तैयारियों के अंतिम चरण के लिए 2 सितम्बर को लिवरपूल रवाना होगी। पुरुष टीम का मार्गदर्शन कोच धर्मेंद्र यादव, तोरक खरप्राण, जय सिंह पाटिल और अभिषेक साह कर रहे हैं, जबकि महिला टीम चंद्रलाल, मोहम्मद ऐतसामुद्दीन, गीता चानू और राडिया देवी की देखरेख में है।

खेल विशेष

## वाडा ने 280 रूसी एथलीटों पर प्रतिबंध लगाए

**मॉस्को, वार्ता।** विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) ने कहा है कि उसने मॉस्को डोपिंग रोधी प्रयोगशाला के डेटाबेस के आधार पर 280 रूसी एथलीटों के खिलाफ दोषी करार दिया है। इस बीच, वाडा की ऑपरेशन एलआईएमएस जांच, जो 2019 में मॉस्को डोपिंग रोधी प्रयोगशाला से वाडा खुफिया और जांच द्वारा प्राप्त आंकड़ों और नमूनों पर आधारित थी, के नतीजे लगातार मिल रहे हैं। 280 मामलों में सफलतापूर्वक दोषसिद्धि हुई है, और सभी मामलों की आगे की जांच के बाद और भी मामलों में दोषसिद्धि होने की उम्मीद है। एक बयान में कहा गया है कि फैसलों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि 29 अन्य मामलों में अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू की गई है, और डोपिंग रोधी नियमों के उल्लंघन के 13 मामलों की जांच चल रही है।

## आगामी एशिया कप के लिए नवोदित ओमान ने टीम की घोषणा की

**मस्कट, वार्ता।** ओमान अगले महीने होने वाले एशिया कप के लिए अपनी टीम की घोषणा करने वाली नवीनतम टीम बन गई है। अनुभवी सलामी बल्लेबाज जतिंदर सिंह आठ टीमों के इस टूर्नामेंट में ओमान की कप्तानी करेंगे। टीम को ग्रुप ए में पाक, मेजबान यूएई और भारत के साथ रखा गया है। 17 सदस्यीय टीम में पिछले साल अमेरिका और विंडीज में हुए आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों से अलग खिलाड़ी शामिल हैं। कुल चार नए चेहरे सुफियान, ज़िक्रिया, फैसल व नदीम खान, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण के लिए तैयार हैं। आईसीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, यह ओमान का एशिया कप में पहला प्रदर्शन होगा।

# यूएस ओपन के दूसरे राउंड में अल्काराज

- दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी अल्काराज ने अपने सभी 20 सर्विस पांइट जीते और केवल 3 मिस किए



**न्यूयॉर्क, वार्ता।** कार्लोस अल्काराज ने दूसरे यूएस ओपन खिताब की अपनी तलाश की शुरुआत आत्मविश्वास से की और आज आर्थर ऐश स्टेडियम में अमेरिकी खिलाड़ी रीली ओपेल्का को 6-4, 7-5, 6-4 से हरा दिया।

नए हेयर स्टाइल के साथ न्यूयॉर्क पहुंचे स्पेनिश स्टार ने एटीपी टूर के सबसे मजबूत सर्विस करने वाले खिलाड़ियों में से एक के खिलाफ मुकाबले में अपनी पकड़ मजबूत करते हुए अपनी एकाग्रता और सटीकता का परिचय दिया। शुरुआती सेट में, दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया, अपने सभी 20 सर्विस पॉइंट जीते और केवल तीन बार पहली सर्विस मिस की। अपनी तेज सर्विस के बावजूद, ओपेल्का को उस दौर में दो बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन को परेशान करने का ज्यादा मौका नहीं मिला। अमेरिकी खिलाड़ी ने अगले दो सेटों में अपना स्तर बढ़ाया और तीन ब्रेक-पॉइंट के मौके बनाए, लेकिन अल्काराज के लचीलेपन और समय पर शॉट लगाने से यह सुनिश्चित हुआ कि कोई भी चूक न हो। तीसरे सेट में 4-4 के स्कोर पर एक महत्वपूर्ण पासिंग शॉट ने निर्णायक ब्रेक का रास्ता तैयार कर दिया, जिसने ओपेल्का की किस्मत को पूरी तरह से तय कर दिया। सीधे सेटों में मिली जीत का मतलब था कि अल्काराज ने ग्रैंड स्लैम के पहले दौर में अपना बेदाग रिकॉर्ड 19-0 तक पहुंचा दिया। पिछले साल के यूएस ओपन में डचमैन बोटिक वैन डे ज़ैंडशुल्प से दूसरे दौर में मिली चैंकाने वाली हार को छोड़कर, अल्काराज 2022 में न्यूयॉर्क में ट्रॉफी जीतने के बाद से लगातार हर बड़े टूर्नामेंट के कम से कम क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं। 22 वर्षीय इस खिलाड़ी ने इस सीजन में टूर पर सबसे ज्यादा जीत हासिल करने वाले खिलाड़ी के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत किया है।

अब उनके नाम टूर में सबसे ज्यादा 55 जीत और 2025 में छह खिताब हैं, जिनमें रोटर्डम और सिनसिनाटी में हार्ड-कोर्ट खिताब भी शामिल हैं।

# भारत एशिया कप जीतेगा: सहवाग



**नई दिल्ली, वार्ता।** बहुप्रतीक्षित एशिया कप 2025 से पहले, सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के साथ बातचीत में वीरेंद्र सहवाग ने कहा कि भारत एशिया कप जीतेगा।

एशिया कप 2025 के आधिकारिक प्रसारक, सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के साथ एक विशेष बातचीत में, वीरेंद्र सहवाग ने भारत की संभावनाओं पर कहा कि हम विश्व चैंपियन हैं। हमने अभी-अभी चैंपियंस ट्रॉफी और टी-20 विश्व कप जीता है और मुझे यकीन है कि हम एशिया कप में सर्वश्रेष्ठ टीम हैं और उम्मीद है कि हम एशिया कप जीतेंगे। भारत के अभियान के लिए युवाओं की तुलना में उनका अनुभव कितना महत्वपूर्ण है? उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हमारी टीम बहुत अच्छी है और स्काई (सूर्यकुमार यादव) आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहे हैं और वह टी-20 प्रारूप में एक शीर्ष खिलाड़ी हैं। मुझे यकीन है कि उनकी कप्तानी में हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे क्योंकि हमने पहले भी देखा है कि जब स्काई ने कमान संभाली थी, हमने कई टी-20 मैच जीते थे और मुझे यकीन है कि हम एशिया कप भी जीतेंगे। हम आमतौर पर एशिया कप को विश्व कप की तैयारी के रूप में देखते हैं। 2026 का विश्व कप आ रहा है। क्या यह एशिया कप विश्व कप की तैयारी के रूप में काम करेगा? इस बारे में सहवाग ने कहा कि मुझे लगता है कि टी-20 प्रारूप में, यह एशिया कप हमारे 2026 के टी-20 विश्व कप के लिए एक बेहतरीन तैयारी का काम कर सकता है। यह देखने का मौका है कि किन नए खिलाड़ियों को मौका दिया जाना चाहिए और किसे टीम में शामिल किया जा सकता है। आप विश्व कप के लिए टीम बनाना शुरू कर सकते हैं। मेरे विचार से, भारतीय टीम के लिए अपनी ताकत परखने का एशिया कप से बेहतर कोई मौका नहीं हो सकता। टीम चयन अक्सर बहस का विषय बन जाता है। एशिया कप के लिए मौजूदा भारतीय टीम और इस टीम के लिए चयनकर्ताओं के दृष्टिकोण के बारे में पूछे जाने पर पूर्व ओपनर ने कहा कि मुझे लगता है कि हमारे पास एक बहुत अच्छा टी-20 चयनकर्ता है।

# मुचोवा ने वीनस को हराया



- कैरोलिना मुचोवा ने आर्थर ऐश स्टेडियम में 6-3, 2-6, 6-1 से जीत के साथ दूसरे दौर में प्रवेश किया

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** ग्यारहवीं वरीयता प्राप्त कैरोलिना मुचोवा ने अनुभवी वीनस विलियम्स की कड़ी चुनौती को पार करते हुए आर्थर ऐश स्टेडियम में 6-3, 2-6, 6-1 से जीत के साथ यूएस ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश किया। पिछले दो संस्करणों में सेमीफाइनलिस्ट रहीं मुचोवा को फ्लशिंग मीडोज में रिकॉर्ड 25वें एकल अभियान में भाग ले रही 45 वर्षीय अमेरिकी खिलाड़ी के खिलाफ जीत हासिल करने में दो घंटे लगे। दो बार की चैंपियन विलियम्स ने दूसरे सेट में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की झलक दिखाई, लेकिन निर्णायक सेट में वह अपनी तीव्रता बरकरार नहीं रख सकीं क्योंकि चेक खिलाड़ी ने अंतिम सात में से छह गेम जीतकर नियंत्रण हासिल कर लिया। विलियम्स ने पहली बार 1997 में यूएस ओपन खेला था, 2000 और 2001 में खिताब जीते और 2017 में फाइनल में पहुंची। सोमवार का मुकाबला इस आयोजन में उनका 101वां एकल मैच था, जिसमें उनके नाम 79 जीत दर्ज हैं। इस बीच, नौवीं वरीयता प्राप्त एलेना रिबाकिना ने अमेरिकी वाइल्डकार्ड जूलियट पारेजा को 6-3, 6-0 से हराकर यूएस ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश किया।

### हार के बाद क्वितोवा ने संन्यास लिया

**वाशिंगटन।** दो बार की विंबलडन चैंपियन पेट्रा क्वितोवा ने यूएस ओपन के पहले दौर में हार के बाद सोमवार को पेशेवर टेनिस से संन्यास ले लिया। 35 वर्षीय चेक खिलाड़ी, जिन्होंने विंबलडन से पहले घोषणा की थी कि न्यूयॉर्क उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा, फ्रांस की डायने पैरी से 6-1, 6-0 से हार गईं। क्वितोवा ने खुलासा किया कि उन्हें तीन हफ्ते पहले कोविड-19 हुआ था और उन्हें अपनी फिटनेस से जूझना पड़ रहा था। क्वितोवा ने 31 डब्ल्यूटीए एकल खिताब जीते हैं, जिनमें 2011 और 2014 में विंबलडन में ग्रैंड स्लैम खिताब शामिल हैं। वह विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचीं, आठ शीर्ष-10 सीजन (2011-15, 2018-20) में जगह बनाई और 2016 रियो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता।

# रुब्लेव, रूड और टियाफो यूएस ओपन के दूसरे दौर में

- रुब्लेव ने अपने तीनों ब्रेक पाइंट प्रत्येक सेट में एक का उपयोग किया



**न्यूयॉर्क, वार्ता।** रूस के आंद्रेई रुब्लेव, नॉर्वे के कैस्पर रूड और घरेलू प्रबल दावेदार फ्रांसेस टियाफो ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करते हुए यूएस ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। विश्व के 15वें नंबर के खिलाड़ी रुब्लेव, जो यहां चार बार क्वार्टर फाइनलिस्ट रह चुके हैं, ने अपने पहले मैच में क्रोएशियाई क्वालीफायर डिनो प्रिजमिक को 6-4, 6-4, 6-4 से हराया।

रुब्लेव ने अपने तीनों ब्रेक पॉइंट-प्रत्येक सेट में एक-का उपयोग किया और दो घंटे तक चले मुकाबले को फोरहैंड वॉली विनर के साथ समाप्त किया। यूएस ओपन में अब तक 25 जीत हासिल कर चुके 27 वर्षीय रुब्लेव अगले दौर में अमेरिकी वाइल्ड कार्डधारी ट्रिस्टन बॉयर से भिड़ेंगे। पूर्व फाइनलिस्ट कैस्पर रूड, जो न्यूयॉर्क में 2022 के खिताबी मुकाबले में पहुंचे थे, ने लुई आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में ऑस्ट्रिया के सेबेस्टियन ऑफनर को 6-1, 6-2, 7-6(5) से आसानी से हरा दिया।

नॉर्वेजियन खिलाड़ी ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया, जबकि ऑफनर ने 43 अनफोर्स्ड एरर कीं, और रूड ने तीसरे सेट के कड़े टाईब्रेक में जीत हासिल की। बाएं घुटने की चोट के बाद वापसी करने वाले रूड का सामना दूसरे राउंड में बेल्जियम के राफेल कॉलिग्नन से होगा। सत्रहवीं वरीयता प्राप्त फ्रांसेस टियाफो ने न्यूयॉर्क में अपना शानदार रिकॉर्ड जारी रखते हुए आर्थर ऐश स्टेडियम में जापान के योशिहितो निशिओका को 6-3, 7-6(6), 6-3 से हराया। अमेरिकी खिलाड़ी ने 19 ऐस लगाए और दूसरे सेट के टाईब्रेक में एक सेट पॉइंट बचाकर लगातार आठवें साल कम से कम दूसरे राउंड में पहुंचने का अपना सिलसिला जारी रखा।

### नेमार ब्राजील विश्व कप क्वालीफायर से बाहर

**रियो डी जेनेरियो, वार्ता।** नेमार को चिली और बोलीविया के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के लिए ब्राजील की टीम से बाहर कर दिया गया है क्योंकि वह लगातार चोटों से जूझ रहे हैं। 33 वर्षीय सैंटोस फॉरवर्ड ने अक्टूबर 2023 के बाद से ब्राजील के लिए कोई मैच नहीं खेला है, जब उरुग्वे के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के दौरान उनके बाएं घुटने में एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट (अग्रस्थ क्रूसिएट लिगामेंट) फट गया था। मांसपेशियों की बार-बार की समस्याओं के कारण उनकी रिकवरी में बाधा आ रही है और पिछले गुरुवार को प्रशिक्षण के दौरान उनकी जांघ में फिर से खिंचाव आ गया। ब्राज़ील के मैनेजर कार्लो एंसेलोटी ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ष्नेमार (टीम में) नहीं हैं क्योंकि पिछले हफ्ते उन्हें कोई समस्या हुई थी। लेकिन हमें नेमार को परखने की ज़रूरत नहीं है।

## कॉक्स-जैक्स ने इनविंसिबल्स को सीधे फाइनल में पहुंचाया

- इनविंसिबल्स के बल्लेबाजों ने 153 रनों के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया

**लंदन, वार्ता।** ओवल इनविंसिबल्स ने ओवल में अपने शहर के प्रतिद्वंद्वी लंदन स्पिरिट को 22 गेंद शेष रहते छह विकेट से हरा दिया। इस शानदार जीत ने उनका शीर्ष स्थान और सीधे फाइनल में प्रवेश लगभग सुनिश्चित कर दिया है।

इनविंसिबल्स के बल्लेबाजी क्रम की मजबूती और ताकत ने स्पिरिट द्वारा रखे गए 153 रनों के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। इनविंसिबल्स का रन रेट ( 1-786) पीछा कर रही दोनों टीमों - ट्रेंट रॉकेट्स ( 0-441) और नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स ( 0-282) से कहीं बेहतर है। बल्लेबाजी में उतरी स्पिरिट ने जेमी स्मिथ के जरिए तेज शुरुआत की, जिन्होंने पहली दो गेंदों पर चौके लगाए। स्मिथ शुरुआती ओवरों में आक्रामक रहे और लगातार बाउंड्री लगाते रहे, जबकि डेविड वार्नर दूसरे छोर पर डटे रहे। लेकिन 17वीं और 23वीं गेंद के बीच के एक घटनापूर्ण दौर में तीन चौके लगे और दोनों सलामी बल्लेबाज आउट हो गए, जिससे इनविंसिबल्स फिर से मुकाबले में आ गए।

ओली पोप भी जल्द ही सिर्फ दो रन बनाकर आउट हो गए, जिससे स्पिरिट ने 50 रन के अंदर तीन विकेट खो दिए। केन विलियमसन और एश्टन टर्नर ने एक साथ शुरुआत की, लेकिन लय हासिल करने में नाकाम रहे, और लगभग एक रन प्रति गेंद की दर से रन बनाते रहे। नाथन सॉटर की चालाकी का शिकार होकर दोनों जल्दी-जल्दी आउट हो गए, जिससे स्पिरिट टीम और पीछे छूट गई।

# फिडे विश्व कप-2025 गोवा में होगा

- दुनिया के शीर्ष 206 खिलाड़ी भारत के पश्चिमी तट पर सबसे रोमांचक शतरंज आयोजनों में से एक के लिए एकत्रित होंगे

**चेन्नई, वार्ता।** फिडे शतरंज विश्व कप 2025 गोवा में 30 अक्टूबर से 27 नवंबर, 2025 तक आयोजित किया जाएगा। दुनिया के शीर्ष 206 खिलाड़ी भारत के पश्चिमी तट पर सबसे रोमांचक शतरंज आयोजनों में से एक के लिए एकत्रित होंगे। यह नॉकआउट टूर्नामेंट 206 खिलाड़ियों को एक साथ लाता है जो 2026 कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में 20,00,000 अमेरिकी डॉलर और तीन प्रतिष्ठित स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं।

हर राउंड जीतो या घर जाओ वाला है, जिससे यह विश्व कप कैलेंडर के सबसे नाटकीय टूर्नामेंटों में से एक बन गया है। यह 8 राउंड का नॉकआउट प्रारूप होगा और शीर्ष 50 वरीयता प्राप्त टीमें दूसरे राउंड से प्रवेश करेंगी। इसमें दो क्लासिकल मैच होंगे, अगर रैपिड और ब्लिट्ज प्लेऑफ बराबरी पर रहे तो शीर्ष तीन टीमें 2026 कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगी। गोवा को आयोजन स्थल के रूप में चुनने के कारण के बारे में, फिडे ने आज एक विज्ञप्ति में कहा कि गोवा के शानदार समुद्र तट, जीवंत संस्कृति और गर्मजोशी भरा आतिथ्य इसे इस वैश्विक मुकाबले के लिए एक रोमांचक पृष्ठभूमि बनाते हैं। खिलाड़ी और प्रशंसक विश्व स्तरीय शतरंज का अनुभव करेंगे, साथ ही एक ऐसे गंतव्य का भी, जो अपनी ऊर्जा और आकर्षण के लिए प्रसिद्ध है। विज्ञप्ति में कहा गया कि पिछले साल, डी गुकेश विश्व चैंपियन बने, जबकि भारतीय टीमों ने ओपन और महिला दोनों श्रेणियों में शतरंज ओलंपियाड जीता। यह गति इस जुलाई में भी जारी रही, जब महिला विश्व कप में दिव्या देशमुख ने शानदार प्रदर्शन किया, जिन्होंने ट्रॉफी जीती और दुनिया भर का ध्यान अपनी ओर खींचा। गोवा में ओपन विश्व कप का आयोजन इन सफलताओं को और आगे बढ़ाता है और स्थानीय प्रशंसकों को अपने सितारों को घरेलू मैदान पर सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करते देखने का अवसर प्रदान करता है। फिडे के अध्यक्ष अर्काडी ड्वोर्कोविच ने कहा कि भारत उत्कृष्ट खिलाड़ियों और उत्साही प्रशंसकों के साथ सबसे मजबूत शतरंज देशों में से एक बन गया है। इस साल की शुरुआत में जॉर्जिया में आयोजित फिडे महिला विश्व कप की सफलता के बाद, हमें फिडे विश्व कप को गोवा में लाने पर गर्व है।

उन्होंने आगे कहा कि इसमें 90 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों के भाग लेने की उम्मीद है और यह शतरंज के इतिहास में सबसे अधिक देखे जाने वाले आयोजनों में से एक होगा। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के अध्यक्ष नितिन नारंग ने कह कि यह भारतीय शतरंज के लिए गर्व का क्षण है और हम एक ऐसा आयोजन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो हमारे प्रशंसकों के जुनून और हमारे महासंघ की व्यावसायिकता, दोनों को प्रतिबिंबित करे।

## हनुमा विहारी 2025-26 घरेलू सत्र के लिए त्रिपुरा की टीम में शामिल

- विहारी काफी अच्छे लय में दिख रहे हैं और हाल ही में धरा प्रीमियर लीग में वह प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे थे

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय बल्लेबाज हनुमा विहारी 2025-26 घरेलू सत्र के लिए त्रिपुरा की टीम में शामिल हुए हैं। विहारी हालिया समय में काफी अच्छे लय में दिख रहे हैं। हाल ही में धरा प्रीमियर लीग में वह प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे थे।

त्रिपुरा की तरफ से खेलने के लिए उन्हें आंध्र क्रिकेट एसोसिएशन (एसीए) से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) भी मिल चुका है। ईएसपीएन क्रिकइंफो की जानकारी के अनुसार त्रिपुरा की टीम से विहारी का अनुबंध फ़िलहाल एक सीजन के लिए है। हालांकि इसमें यह भी विकल्प है कि आपसी सहमति से इसे आगे बढ़ाया जा सकता है। इस निर्णय के पीछे सबसे बड़ा कारण यह है कि विहारी सभी प्रारूपों में हिस्सा लेना चाहते थे और आंध्र की टीम इसे लेकर किसी भी तरह का वादा या सहमति नहीं जता रही थी।

विहारी ने ईएसपीएनक्रिकइंफो से कहा कि मैं तीनों प्रारूप खेलने के काबिल हूं। मैं चाहता था कि मुझे कुछ और अवसर मिले और उसके लिए काफी उत्साहित भी था। हालांकि आंध्र की टीम ने यह स्पष्ट कर दिया था कि वे टी20 के लिए युवा खिलाड़ियों पर ज्यादा भरोसा दिखाएंगे। इस कारण से मेरे लिए निजी तौर पर 50 ओवर की क्रिकेट मायने नहीं रखती थी।

इसलिए मैंने विजय हजारे ट्रॉफ़ी से भी जानबूझकर खुद को अलग कर लिया था। साथ ही मेरी इच्छा थी कि मैं अब एक नए माहौल में खेलूं। जैसे ही विहारी ने त्रिपुरा क्रिकेट के लिए खेलने का निर्णय लिया और उन्हें एनओसी भी मिल गई, उसके बाद से आंध्र की टीम और उनके बीच जो मामूली उथल-पुथुल थी, वह भी समाप्त हो गई। 2023-24 के रणजी सीजन के बाद विहारी और एसीए के बीच मतभेद हुआ था।

तब विहारी ने कहा था कि उन्हें 'अपमानित और शर्मिंदा' महसूस कराया गया था। उस समय विहारी ने आरोप लगाया था कि टीम में ष्राजनीतिक दखल के कारण वह कप्तानी छोड़ रहे हैं।

# सम्पादकीय

बुधवार, 27 अगस्त 2025

## राहुल गांधी के सवाल

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इस समय महागठबंधन के तहत वोट अधिकार यात्रा बिहार में निकाल रहे हैं। उन्हें भारी जनसमर्थन भी मिल रहा है। अब यह कितना सही है और कितना गलत यह तो तभी पता चलेगा जब इस प्रकरण की जांच हो, लेकिन इसमें कोई दोराय नहीं कि वोटों के फर्जीवाड़े को लेकर राहुल गांधी ने जो सवाल उछाले हैं, उनको नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। निश्चित रूप से वह बेहद गंभीर मामले की श्रेणी में आते हैं, आखिर जब चुनाव प्रक्रिया ही दूषित हो जाएगी तो फिर उससे बनने वाली सरकार की विश्वसनीयता ही क्या रह जाएगी।

जिस तरह केंद्रीय सरकार चुनाव आयोग के बचाव में लगी है। उसे भी कहीं से स्वस्थ परंपरा नहीं कहा जा सकता। होना तो यह चाहिए था कि नेता प्रतिपक्ष के हर सवालों के जवाब को ढूंढने की कोशिश की जाती, लेकिन हो इसके उलट रहा है। राहुल गांधी कह रहे हैं कि वोट मोदी की सुनियोजित योजना का हिस्सा है, इसलिए मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के समय मनमानी की जाती है और विपक्ष के नेता की बात नहीं सुनी जाती। राहुल का कहना है कि पीएम तय करते हैं कि इलेक्शन कमिश्नर कौन बनेगा। राहुल की बात में यहां दम दिखाई देता है, क्योंकि इलेक्शन कमिश्नर चुनाव के लिए जो सरकार ने प्रक्रिया अपनाई है, उससे बिल्कुल साफ है कि इलेक्शन कमिश्नर वही बनेगा जिसको सरकार चाहेगी, क्योंकि तीन सदस्य कमेटी में जिसका अध्यक्ष प्रधानमंत्री होता है, उसके दो सदस्य एक कैबिनेट मंत्री होता है और तीसरा विपक्ष का नेता, तो ऐसे में 2-1 से फैसला जिसके पक्ष में जाएगा वह इलेक्शन कमिश्नर बनेगा। राहुल गांधी का यह भी कहना है कि साल 2023 में एक नया कानून बनाया, जिसमें कहा गया कि इलेक्शन कमिश्नर पर कोई मामला दर्ज नहीं किया जा सकता। इस कानून को राहुल गांधी वोट चोरी करवाने के संदर्भ में देख रहे हैं। इसमें कोई दोराय नहीं है कि अभी तक इस पूरे मामले में सरकार बैकफुट पर दिखाई दे रही है और उस तरह के जवाब सरकार की तरफ से नहीं आ रहे हैं, जिस तरह के जवाबों की उनसे दरकार है। राहुल गांधी कई उदाहरण भी पेश कर रहे हैं, उन्होंने कर्नाटक का जिक्र करते हुए कहा कि बेंगलुरु सेंटर में 7 विधानसभा सीट हैं अगर एक को हटा दें, तो कांग्रेस सातों पर जीत रही थी, लेकिन जिस सीट पर एक लाख नए वोटर जोड़े गए वे सभी भाजपा के खाते में चले गए और नतीजा बदल गया। राहुल गांधी यह भी कह रहे हैं कि अब उनके समझ में आ रहा है कि अमित शाह किस आधार पर यह कहते हैं कि भाजपा की सरकार एक बार नहीं बल्कि 40 से 50 साल तक चलेगी। उन्होंने कहा जब मैंने पहली बार उनके मुख से यह बात सुनी थी, तब मैं हैरत में पड़ गया था कि आखिर वह ऐसा कैसे कह सकते हैं। बात सही भी है कोई भी पहले से यह तय नहीं कर सकता कि अगली सरकार किसकी बननी है, लेकिन भाजपा के नेता डंके की चोट पर सरकार बनने के दावे करते रहते हैं। इससे पहले कि जनता का विश्वास चुनावी प्रक्रिया से डगमगाए, राजनेताओं को चाहिए कि वह तमाम दलगत राजनी. ति से ऊपर उठकर पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया अपनाने पर ध्यान लगाएं।

### भारत का संविधान ही मेरी विचारधारा



मैं नक्सल समर्थक बिल्कुल नहीं और भारत का संविधान ही मेरी विचारधारा है, सलवा जुडूम का फैसला सुप्रीम कोर्ट का फैसला था और वह माओवादियों के पक्ष में नहीं था, अगर ऐसा होगा, तो अब तक इसे चुनौती क्यों नहीं दी गई, उपराष्ट्रपति चुनाव में प्रधानमंत्री समेत सभी सांसदों-मंत्रियों को पत्र लिखकर अपने लिए समर्थन मांगूंगा, अगर मैं चुना जाता हूं, तो मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता संविधान की रक्षा करना होगी, सलवा जुडूम फैसला स्पष्ट या परोक्ष रूप से नक्सलवाद या उसकी विचारधारा का समर्थन नहीं करता, उपराष्ट्रपति पद के लिए अभियान भले ही वैचारिक हो, लेकिन इसे शालीनता और गरिमा के साथ चलाया जा सकता है, किसी भी उम्मीदवार की तथाकथित विचारधारा की आलोचना करने से बचना चाहिए।

**-बी सुदर्शन रेड्डी, उपराष्ट्रपति पद प्रत्याशी, विपक्ष**

# एक हुए तेजस्वी और पप्पू यादव, बिहार चुनाव में कितना होगा फायदा





यशोदा श्रीवास्तव

राहुल गांधी की बिहार में वोट अधिकार यात्रा का फायदा आसन्न विधानसभा चुनाव में कांग्रेस अथवा इंडिया गठबंधन को कितना हो पाता है, यह अभी भविष्य के गर्भ में है, लेकिन इस यात्रा से एक बात यह सामने आई है कि राहुल गांधी के पिछले बिहार यात्राओं के बनिस्बत इस बार की यात्रा में जनता का समर्थन भरपूर है, साथ ही उनके भाषणों को जनता खूब सुन रही है।

जाहिर है राहुल की इस यात्रा में भीड़ कहीं न कहीं से जुटाई ही जा रही होगी, लेकिन उसे कोई प्रलोभन दिया जा रहा हो, ऐसा नहीं है। बिहार में फिलहाल अभी तक राहुल जहां जहां गए वहां की सच्चाई यही है। लोगों का कहना है कि राहुल गांधी का वोट चोरी का मुद्दा जमीनी है जिसे जनता खूब पसंद कर रही है। राहुल गांधी के बिहार में वोट अभियान यात्रा को लेकर संशय था कि इसमें पप्पू यादव कहां हैं? दरअसल वोट अधिकार यात्रा में राहुल और तेजस्वी यादव ही दिखते थे। यह अलग बात है कि यदा-कदा गठबंधन के कुछ और सहयोगी भी दिख जाते थे। पूर्णिया में राहुल और तेजस्वी के नेतृत्व वाली वोट अधिकार यात्रा में पप्पू यादव ने इस सवाल पर विराम लगा दिया।

पप्पू यादव की लालू यादव परिवार से मतभेद जगजाहिर है। पूर्णिया से पप्पू यादव के निर्दल चुनाव लड़ने के पीछे लालू यादव ही थे जिन्होंने उन्हें कांग्रेस से टिकट नहीं लेने दिया जबकि राहुल गांधी टिकट देना चाहते थे। बहरहाल पूर्णिया में वोट अधिकार यात्रा में पप्पू यादव ने अपनी ताकत का एहसास कराया ही, तेजस्वी यादव को बिहार का जननायक बताते हुए उनका शानदार खैरमकदम भी किया। इसे लालू और पप्पू यादव के बीच सब कुछ ठीक ठाक हों जाने की दृष्टि से देखा जा रहा है। लोगों का मानना है कि पप्पू यादव और लालू यादव परिवार की कटुता पर विराम लगने से बिहार में कांग्रेस और आरजेडी गठबंधन को फायदा मिल सकता है।

बिहार की राजनीति में पप्पू यादव एक मजबूत स्तंभ हैं। सबसे कम उम्र में उन्हें विधायक होने का भी तमगा हासिल है और सर्वाधिक बार निर्दलीय सांसद होने का भी खिताब इन्हीं के हिस्से है। बिहार की राजनीति मुख्यतः लालू यादव की पार्टी आरजेडी और नीतीश कुमार की जदयू के इर्द-गिर्द ही सिमटती दिखती है। इनके साथ गठबंधन में चाहे जो हो, उनको यदि फायदा मिलता है तो इन्हीं के बदौलत। हां जदयू गठबंधन की मुख्य सहयोगी भाजपा इस बार कुछ अलग करने की कोशिश में जरूर है। पप्पू यादव कभी लालू यादव के खासमखास थे। 2004 में वे राजद उम्मीदवार के रूप में ही मधेपुरा से लोकसभा का उपचुनाव जीते थे। सपा से भी एक बार सांसद चुने गए थे। 2015 में उन्होंने अपनी राजनीतिक पार्टी बनाई थी जन अधिकार पार्टी। 2015 और 2020 के विधानसभा चुनाव में यह पार्टी भारी ताम झाम के साथ चुनाव मैदान में उतरी थी लेकिन एक भी सीट पर कामयाबी नहीं मिली। बता दें कि पप्पू यादव की पत्नी रंजीता रंजन कांग्रेस से राज्य सभा की सांसद हैं। कोरोना हो या बाढ़ हर वक्त लोगों के बीच मौजूद रहने वाले पप्पू यादव को झटका लगा जब वे 2020 के विधानसभा चुनाव में खुद ही हार गए। यह अचरज की बात है कि विधानसभा चुनाव में खराब रिकॉर्ड वाले पप्पू यादव लोकसभा का चार चुनाव निर्दल जीतने में कामयाब होते रहे। 2024 के लोकसभा चुनाव के पहले उन्होंने अपनी पार्टी का विलय कांग्रेस में कर लिया था। उनकी इच्छा पूर्णिया से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ने की थी। आरजेडी ने इस पर पानी फेर दिया था लिहाजा उन्हें निर्दल लड़ना पड़ा। वे जीते भी। पूर्णिया में राहुल गांधी की वोट अधिकार यात्रा के दौरान पप्पू यादव और तेजस्वी यादव के बीच कटुता समाप्त होने के संकेत मिले हैं। कांग्रेस खासकर राहुल गांधी स्वयं चाहते थे कि बिहार की राजनीति में ताकतवर दोनों यादव परिवार एक हों।पूर्णिया में पप्पू यादव और तेजस्वी के बीच मेल मिलाप देख दोनों दलों के नेताओं को खुशी हुई है। लोगों का आकलन है कि विधानसभा चुनाव में बिहार के सीमांचल में इसका फायदा कांग्रेस गठबंधन को मिलना चाहिए। आरजेडी के साथ कांग्रेस का गठबंधन भले ही है या ये दोनों लंबे समय तक साथ रहना चाहते हों लेकिन कांग्रेस बिहार में अपनी मजबूती के लिए लगातार संघर्षरत है। कुछ दिन पहले बिहार में कांग्रेस ने एक और आंदोलन किया था ष्रोजगार दो या गद्दी छोड़ोष्। इस आंदोलन की रूपरेखा बिहार के युवा प्रभारी कृष्णा अल्लावरू ने तैयार की थी। बिहार के सभी 38 जिला मुख्यालयों पर आयोजित यह कार्यक्रम काफी कामयाब रहा। इस कार्यक्रम में देश भर के नाम. चीन कांग्रेस नेताओं को मुख्य अतिथि के रूप में शामिल किया गया था। इसके पहले कन्हैया कुमार ने युवाओं के रोजगार और पलायन के मुद्दे पर बिहार भर की पद यात्रा की थी। चुनाव के ठीक पहले बिहार में कांग्रेस अथवा इंडिया गठबंधन को वोट अधिकार यात्रा की जरूरत बैठे बिठाए चुनाव आयोग ने दे दी एस आई आर के बहाने। विधानसभा चुनाव के कुछ महीने पहले चुनाव आयोग का यह फैसला चौंकाने वाला था। एस आई आर के जरिए बिहार के 65 लाख वोटर मताधिकार से मरहूम कर दिए। नया वोटर लिस्ट बनाने में गड़बड़ियों का पहाड़ खड़ा किया गया। चुनाव आयोग इसे अपनी गलती मानने से लाख इनकार करे, पहाड़ जैसी यह गलती हुआ तो उसी के नेतृत्व में है। बस यही वह वजह है कि इंडिया गठबंधन बिहार में वोट अधिकार यात्रा को निकल पड़ा। इस यात्रा में मोदी सरकार और चुनाव आयोग पर ऐसी मारक टिप्पणी पिछले दस सालों में शायद ही कभी सुनी गई हो। राहुल और तेजस्वी के ऐसे तीखे भाषणों की यद्यपि कि आलोचना भी हो रही है लेकिन बिहार के श्रोताओं को भाषणबाजी की शायद यही शैली पसंद है। एस आई आर की बात करें तो वोटरों के इस छान बीन में जिन 65 लाख छांटें गए लोगों को लेकर बहस और हल्ला गुल्ला मचा है,उस पर गौर करें तो साफ पता चलता है कि ए छंटनी न भी हो तो भी इसका फायदा विपक्ष को नहीं मिलने वाला।कम से कम पिछले तीन लोकसभा चुनावों के परिणामों पर गौर करें तो भाजपा ही ज्यादा सीटों पर जीत हासिल करती हुई नजर आएगी।। यही हाल विधानसभा चुनावों का भी रहा है। फिर ऐन विधानसभा चुनाव के वक्त चुनाव आयोग को एस आई आर की जरूरत क्यों पड़ी? क्या इस बार जदयू भाजपा गठबंधन सरकार के सत्ता से हटने का डर था? यह लंबी बहस का विषय है। हां यह जरूर है कि भाजपा को जिस जिस प्रदेश में सत्ता से दूर होने का खतरा हुआ, भाजपा वहां हर हाल जीतने को पूरी ताकत झोंक देती है। महाराष्ट्र और हरियाणा इसका उदाहरण है। बिहार में भी ऐसा न हो इसकी कोई गारंटी नहीं है। बिहार में वोटरों की छंटनी पर बिहार की महिला कांग्रेस विधायक नीतू सिंह का कहना है कि छांटे गए वोटर किसको वोट करेंगे,सवाल यह नहीं है, हमारी लड़ाई वोट के अधिकार की है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# खानपान से कविता तक राज करती है उर्दू

**सोचिए, सुबह अखबार पढ़ते ही कितने उर्दू शब्द आंखों के सामने आ जाते हैं लाजवाब, बरकरार, बावजूद, इंतेजार, तहकीकात, कोई इन्हें उर्दू मानता है? नहीं। सब इन्हें हिंदी का ही हिस्सा समझते हैं। यही तो उर्दू की सबसे बड़ी ताकत है। वह खुद को अलग नहीं मानती, बल्कि हिंदी में घुल-मिलकर उसे और समृद्ध करती है। आज की व्हाट्सअप यूनिवर्सिटी से ज्ञान लेने वाली पीढ़ी भी जाने-अनजाने उर्दू से ही अपनी भावनाएं बयान करती है। कभी मुहब्बत लिखकर, कभी तन्हाई में डूबकर।**



डा. सैयद अहमद खान

उर्दू यह सिर्फ एक जुबान नहीं, बल्कि तहजीब की नर्मी, मुहब्बत की मिठास और संस्कृति की जड़ में बहती वह धारा है, जिसने हिंदी को हमेशा संवारकर रखा है। हिंदी और उर्दू का रिश्ता बहनापे का है। एक के बिना दूसरी अधूरी है, लेकिन अफसोस कि आज की नफरती हवाओं में इस रिश्ते को तोड़ने की कोशिशें हो रही हैं।

उर्दू को एक खास मजहब, एक खास तबके की जुबान बताकर हाशिए पर धकेलने का प्रयास किया जा रहा है। मगर यह भूल है, क्योंकि उर्दू को मिटाना, दरअसल अपनी ही संस्कृति को मिटाना है।

### रोजमर्रा की जिंदगी में उर्दू

सोचिए, सुबह अखबार पढ़ते ही कितने उर्दू शब्द आंखों के सामने आ जाते हैं लाजवाब, बरकरार, बावजूद, इंतेजार, तहकीकात, कोई इन्हें उर्दू मानता है? नहीं। सब इन्हें हिंदी का ही हिस्सा समझते हैं। यही तो उर्दू की सबसे बड़ी ताकत है। वह खुद को अलग नहीं मानती, बल्कि हिंदी में घुल-मिलकर उसे और समृद्ध करती है। आज की व्हाट्सअप यूनिवर्सिटी से ज्ञान लेने वाली पीढ़ी भी जाने-अनजाने उर्दू से ही अपनी भावनाएं बयान करती है। कभी मुहब्बत लिखकर, कभी तन्हाई में डूबकर।

### कविताओं और शायरी का जादू

हिंदी कविताओं का रंग अधूरा है अगर उसमें उर्दू का तिलिस्म न हो। मंचों पर गूंजती कविताएं हों या फिल्मों के गीत हर जगह जज्बात, ख्वाब, आरजू जैसे अल्फाज कानों को छूते हैं और दिल में उतर जाते हैं। यही उर्दू का जादू है, जो कविता को सुर देता है और शायरी को रूह।

### स्वाद की दुनिया में उर्दू

जरा पुरानी दिल्ली की गलियों में चलिए अगर वहां से उर्दू हटा दी जाए तो न दुकानों के नाम बचेंगे, न पकवानों की पहचान। जलेबी का खमीर न हो तो मिठास कैसे बनेगी? बिरयानी, कोरमा, कबाब, निहारी इन नामों के बिना तो हमारी थालियां बेरौनक हो जाएंगी। उर्दू सिर्फ किताबों की भाषा नहीं, वह हमारे जायके में भी है, हमारी महक में भी है। वाकई, यह भाषा मिटती नहीं, क्योंकि यह हर दिल में जिंदा है।

### नफरत नहीं, मुहब्बत की जुबान

सच्चाई यही है कि उर्दू और हिंदी का रिश्ता तोड़ना किसी हुकूमत के बस की बात नहीं। यह रिश्ता जुबानों



का ही नहीं, बल्कि तहजीब और मोहब्बत का है। नई पीढ़ी को यह बताना जरूरी है कि जिन व्यंजनों का वह लुत्फ उठाती है, जिन गीतों की धुन पर झूमती है उनमें उर्दू की रूह बसी है। इसलिए जरूरत नफरत को बढ़ाने की नहीं, बल्कि उर्दू को गले लगाने की है। क्योंकि हिंदी और उर्दू साथ हों, तो हमारी जिंदगी की जुबान और भी रंगीन, और भी खुशबूदार हो जाती है।

(लेखक उर्दू डवलपमेंट आर्गेनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं)

# भरपेट संतुलित भोजन कई बीमारियों के लिए टीके से कम नहीं

यह तो जानी-मानी बात है कि जीवित रहने, स्वास्थ्य और बीमारियों के बचाव के लिए पोषण अनिवार्य है। 1970 के दशक में यह तक कहा गया था कि निमोनिया जैसे सांस सम्बंधी रोगों, दस्त (डायरिया) व अन्य आम संक्रमणों के विरुद्ध पर्याप्त भोजन ही सबसे कारगर टीका है। यह देखा जा चुका था कि कुपोषण की हालत में पूरक पोषण से संक्रमणों के प्रकोप में कमी आती है। हाल ही में झारखंड में एक परीक्षण किया गया था। रैशन्स यानी रिड्यूसिंग एक्टिवेशन ऑफ ट्यूबरकुलोसिस थ्रू इम्प्रूवमेंट ऑफ न्यूट्रिशनल स्टेटस अर्थात पोषण की स्थिति में सुधार के जरिए सक्रिय टीबी में कमी। इस परीक्षण ने स्पष्ट रूप से दर्शाया है कि पूरक पोषण परिवारों में टीबी प्रकोप को 50 प्रतिशत तक कम करता और कुपोषित मरीजों में मृत्यु दर को भी 35-50 प्रतिशत तक कम कर सकता है।



टीका भी तो यही करता है कि व्यक्ति को किसी संक्रमण से लड़ने या बीमारी से बचने में मदद करता है और इस लिहाज से पोषण की भूमिका टीके की अवधारणा का विस्तार ही है। 1970 के दशक में पोषण विशेषज्ञ और विश्व स्वास्थ्य संगठन में पोषण निदेशक रहे डॉ. मॉइजेस बेहर ने अपने एक लेख में कहा था, एक ओर तो टीकाकरण या पर्यावरण में सुधार जैसे विशिष्ट उपायों द्वारा संक्रामक रोगों पर नियंत्रण से समुदाय की पोषण की स्थिति बेहतर होती है। दूसरी ओर, पर्याप्त भोजन संक्रामक रोगों के ज्यादा गंभीर प्रभावों से सुरक्षा देता हैय उन रोगों के संदर्भ में भी जिनके लिए हमारे पास सटीक या आसान उपाय उपलब्ध नहीं हैं। फिलहाल तो समुचित भोजन ही दस्त, श्वसन तथा अन्य आम संक्रमणों के विरुद्ध सबसे कारगर टीका है। यह बात रैशन्स परीक्षण में प्रत्यक्ष रूप में सामने आई ही है, लेकिन इसके कई ऐतिहासिक प्रमाण भी उपलब्ध हैं। ए प्रमाण हमें बीसवीं सदी के पूर्वार्ध में हुए कुछ 'कुदरती प्रयोगों' से मिले हैं।

**कुछ अनायास प्रयोग**

यूके में 1918 में टीबी मरीजों की देखभाल और पुनर्वास के लिए पैपवर्थ विलेज सेटलमेंट स्थापित किया गया था। इसके पीछे सोच यह थी कि मात्र सेनेटोरियम उपचार पर्याप्त नहीं है, बल्कि टीबी के मरीजों के लिए रोजगार व सामुदायिक जीवन जैसे सहारे की भी जरूरत होती है। यहां रह रहे सक्रिय टीबी ग्रस्त मरीजों के संपर्क में आए परिवारों में टीबी के प्रकोप में जो 84 प्रतिशत की कमी आई थी, उसके लिए समुचित पोषण को मुख्य कारण माना गया था। आश्चर्य की बात यह थी कि उस दौरान टीबी संक्रमण के कुल प्रसार में कोई कमी नहीं आई थी मगर पोषण ने संक्रमण को बीमारी में परिवर्तित होने से बचा लिया था।

जर्मनी के युद्धबंदी शिविरों में ब्रिटेन तथा रूस के युद्धबंदी सैनिक एक जैसे हालात में रह रहे थे। देखा गया कि ऐसे एक शिविर में मात्र 1.2 प्रतिशत ब्रिटिश सैनिकों में ही टीबी विकसित हुई थी जबकि 15 प्रतिशत रूसी सैनिक टीबी से ग्रस्त हुए। यानी रूसी सैनिकों के मुकाबले ब्रिटिश सैनिकों में टीबी का प्रकोप 92 प्रतिशत कम रहा। इसका कारण इस तथ्य से जोड़कर देखा गया था कि रेड क्रॉस द्वारा दिया जाने वाला अतिरिक्त पोषण पार्सल (1000 किलोकैलोरी तथा 30 ग्राम प्रोटीन) मात्र ब्रिटिश सैनिकों को मिलता था। ऐसे ही एक अन्य युद्धबंदी शिविर में एक ब्रिटिश डॉक्टर आर्किबाल्ड कोक्रेन ने पाया था कि टीबी का प्रकोप रूसियों में 6 प्रतिशत, फ्रांसिसियों में 0.5 प्रतिशत और ब्रिटिश सैनिकों में शून्य प्रतिशत था। गौरतलब है कि फ्रांसिसियों को भी 1944 के बाद अतिरिक्त फूड पैकेट मिलना बंद हो गया था। युद्धबंदी शिविरों में किए गए इन अवलोकनों के अलावा आम आबादी के आंकड़े भी यही कहानी कहते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के मुताबिक 2015-2023 के दरम्यान दुनिया भर में टीबी के प्रकोप में 8.3 प्रतिशत तथा टीबी मृत्यु दर में 23 प्रतिशत की कमी आई है। सवाल यह उठता है कि रासायनिक उपचार और (टीबी के लिए) बीसीजी टीका आने से पहले के दौर में टीबी के प्रकोप और टीबी से होने वाली मौतों की क्या स्थिति थी। पहली बात तो यह है कि यूके जैसे जिन देशों में आज टीबी का बोझ कम है, वहां भी अतीत में टीबी का प्रकोप और टीबी से होने वाली मौतों का आंकड़ा काफी अधिक था। एक अनुमान के मुताबिक 1851 में यूके में श्वसन सम्बंधी टीबी से प्रति लाख आबादी में 268 मौतें होती थी। और तो और, वहां हर चार में से 1 मौत टीबी के कारण होती थी। गौर करने वाली बात यह है कि यूके में टीबी प्रकोप और मृत्यु में गिरावट रासायनिक उपचार और टीकाकरण जैसे उपाय लागू होने से पहले हो गई थी। 1891 में टीबी से होने वाली मौतों में 50 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी थी और यह मात्र 139 प्रति लाख रह गई थी।

यूके में 1913 में टीबी का प्रकोप प्रति एक लाख आबादी में 300 था और मृत्यु दर प्रति लाख आबादी में 100 थी और 1940 में यह इसकी 50 प्रतिशत रह गई थी। गौरतलब है कि टीबी के लिए रासायनिक उपचार 1947 में उपलब्ध हुआ था। रासायनिक उपचार शुरू होने से पहले यू।के। में टीबी प्रकोप 3 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से कम हो रहा था और उपचार उपलब्ध होने के बाद गिरावट की दर 10 प्रतिशत वार्षिक हो गई थी।

1962 में थॉमस मैककिओन का महत्वपूर्ण पर्चा प्रकाशित हुआ था जिसमें उन्होंने 1850 से 1950 की अवधि में यूके में टीबी सम्बंधी मौतों में गिरावट के विभिन्न कारकों का विश्लेषण किया था। उनका निष्कर्ष था कि टीबी प्रकोप में गिरावट का प्रमुख कारक जीवन स्तर में सुधार, खासकर पोषण में सुधार रहा था। 1850 के दशक के बाद यूके में कामगारों की आमदनी में सुधार हुआ था। यह देखा गया था कि आमदनी में सुधार और श्वसन सम्बंधी टीबी से मृत्यु दर में गिरावट लगभग एक ही दर पर हुए थे। मैककिओन का सुझाव था कि बेहतर पोषण से व्यक्तियों में रोग के विरुद्ध प्रतिरोध पैदा होता है और यह मृत्यु दर में गिरावट का कारण बनता है। इसके पक्ष में उन्होंने कुछ परोक्ष प्रमाण भी प्रस्तुत किए थे।

वैसे नोबेल विजेता रॉबर्ट फोगेल ने 1850 से 1950 के बीच यूके में कैलोरी के उपभोग में वृद्धि के प्रत्यक्ष प्रमाण भी प्रस्तुत किए थे। इसी सम्बंध में एक और प्रमाण यह था कि 1870 से 1970 के बीच ब्रिटेन समेत यूरोपीय लोगों के कद में औसतन 11 सेमी (यानी प्रति दशक 1 सेमी) की वृद्धि हुई थी। कद को किसी भी आबादी के पोषण व जीवन स्तर का एक सूचकांक माना जाता है। इस बात के और भी प्रमाण प्रस्तुत हुए हैं कि यू।के। में टीबी के प्रकोप व मृत्यु दर में कमी का सम्बंध पोषण में सुधार से रहा है।

**पोषण, संक्रमण और प्रतिरक्षा**

1968 में विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रकाशित एक मोनोग्राफ में पोषण व संक्रमण के बीच दो-तरफा सम्बंध की समीक्षा की गई थी। मोनोग्राफ में स्पष्ट किया गया था कि पोषण की स्थिति टीबी समेत कई संक्रमणों की आवृत्ति, गंभीरता और मृत्यु दर पर असर डालती है और संक्रमण अपने तईं पोषण की स्थिति को बदतर करते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# 25 देशों की सुंदरियों ने देखा ताजमहल



**आगरा।** सौंदर्य प्रतियोगिता मिस टीन इंटरनेशनल की फाइनलिस्ट ने मंगलवार को ताजमहल का दीदार किया। 25 देशों से आई इन सुंदरियों को देखने के लिए पर्यटकों की भीड़ लग गई। मिस टीन इंटरनेशनल विश्व की सबसे प्रतिष्ठित और सबसे बड़ी किशोर सौंदर्य प्रतियोगिता है, जिसमें दुनिया भर से मॉडल्स भाग लेती हैं।

इस बार भारत इसकी मेजबानी कर रहा है और जयपुर में 31 अगस्त को इसका ग्रैंड फिनाले होगा। ग्रैंड फिनाले से पहले आगरा आई फाइनलिस्ट ताजमहल की खूबसूरती देख मंत्रमुग्ध हो गईं। वे हर पल को मोबाइल कैमरों में कैद करती दिखीं। कई पर्यटकों ने भी उनके साथ सेल्फी ली। सुंदरियों ने ताजमहल की खूबसूरती के साथ उसके इतिहास को जानने में भी गहरी रुचि दिखाई। इन सुंदरियों में बोत्सवाना की मार्गरेट नाशा, कनाडा की जीनी अलीशा वेंटूरा, कोलंबिया की वालेरिया मोरालेस वैलेरी, क्यूबा की अमालिया मार्टिनेज, डोमिनिक गणराज्य की एस्मेलिन तेजस, फीजी की निशिका शयाली, फ्रांस की एनेस होल्ट्ज़मैन मिरांडा, जर्मनी की लॉरीना विन्सेटिना, भारत की कजियाह लिज मेजो, जापान की किक्यो स्वाडा, मैक्सिको की ग्रेसिया नोवेलो, नामीबिया की एलेन एंगलब्रेक्ट, नीदरलैण्ड की लियोरा स्मिट, पैराग्वे की फ्लोरें. सिया गोंजालेज, पेरू की अलमेंद्रा लीमास, फिलीपींस की अन्ना मार्गरेट मर्केडो, प्यूर्टो रीको की सबरीना मारिया फेलिसियानो, रोमानिया की मारी घिसे, स्पेन की लोरेना रूइज़, श्रीलंका की थानुशी अमाया, अमेरिका की एलेनिस क्यूवास, वेनेजुएला की तातियाना ज़ाम्ब्रानो बर्मुडे्ज़, वियतनाम की न्युंगा था जुआन माई और जिम्बाब्वे की जूली तुंगामिराई शामिल थीं।

# पाक में आतंकवाद-रोधी अभियान में पांच आतंकी मारे गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पुलिस और आतंकवाद-रोधी विभाग (सीटीडी) के संयुक्त अभियान में पांच आतंकवादी और एक राहगीर मारे गए और आठ पुलिसकर्मी घायल हो गए। सीटीडी ने एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है कि खुफिया जानकारी के आधार पर यह अभियान रविवार को प्रांत के अपर दीर जिले में शुरू किया गया और सोमवार तड़के तक भारी गोलीबा. री जारी रही। बयान में आगे कहा गया है कि घायल पुलिसकर्मियों को पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत स्थिर है। पुलिस ने कहा कि मारे गए आतंकवादी पुलिस पर पहले हुए एक हमले से जुड़े थे, जिसमें तीन पुलिसकर्मी मारे गए थे।

# ट्रम्प समर्थक नेता ने फायरगन से कुरआन को लगाई आग

## कहा: ईसाई देशों पर कब्जा कर रहे मुस्लिम, अगर चुनाव जीती, तो इस्लाम का खात्मा कर दूंगी



■ वैलेंटिना ने दिसम्बर 2024 में न्यूयार्क में डमी को गोली मारने का नाटक भी किया था

**टेक्सास।** अमेरिका के टेक्सास की रिपब्लिकन पार्टी की उम्मीदवार वैलेंटिना गोमेज ने सोशल मीडिया एक्स पर एक वीडियो शेयर किया जिसमें वो कुरान (इस्लाम की पवित्र किताब) जलाते हुए नजर आ रही हैं।

वायरल वीडियो में वैलेंटिना कुरान को फायर गन से आग लगाते हुए कहती है कि मैं टेक्सास में इस्लाम का खात्मा कर दूंगी, हे ईश्वर, मेरी मदद करो। मुसलमान, ईसाई देशों पर कब्जा करने के लिए बलात्कार और हत्याएं कर रहे हैं। वैलेंटिना ने लोगों से उन्हें वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा: (मुझे संसद तक पहुंचने में मदद करो, ताकि तुम्हें कभी भी मुसलमानों के फेंके गए पत्थरों का सामना नहीं करना पड़े। वो 2026 में टेक्सास के 31वें कांग्रेशनल डिस्ट्रिक्ट के लिए रिपब्लिकन उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहीं हैं। वैलेंटिना ने दिसम्बर, 2024 में न्यूयार्क में डमी को गोली मारने का नाटक भी किया था। जिसे उन्होंने अप्रवासी के प्रतिक के तौर पर रखा था। इसके साथ ही अमेरिकियों के खिलाफ हिंसक अपराध करने वाले प्रवासियों को सार्वजनिक रूप से फांसी देने की मांग की थी। भड़काऊ बयानों के कारण उनके वीडियो हटा दिया गया और उन्हें इंस्टाग्राम से डिलीट कर दिया गया था। इस पर वैलेंटिना ने कहा था कि उनके वीडियो पर प्रति. बंध और उनके अकाउंट को इनएक्टिव करना सभी को दिखाता है कि वे सत्ता के लिए सबसे बड़ा खतरा हैं, क्योंकि वे जैसा देखती हूं वैसा ही कहती है। इसी समय उन्होंने एक वीडियो में एलजीबीटीआईक्यू+ किताबों को जलाने का वीडियो भी शेयर किया था। इसको लेकर उनका दावा है कि ये किताबें बच्चों पर बुरा असर डाल रही हैं। हालांकि, उनकी ये हरकतें वोटरों का समर्थन नहीं जुटा सकीं और वह रिपब्लिकन प्राइमरी में केवल 7.4 प्रतिशत वोट हासिल कर छठे स्थान पर रहीं थी। अपनी चुनावी हार के बावजूद, गोमेज सोशल मीडिया पर एक्टिव हैं, जहां वे राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों पर अपने विचार जाहिर करती रहती हैं। भड़काऊ बयानों के कारण उन्हें कई बार सोशल मीडिया से बैन भी किया जा चुका है। गोमेज ने दिसम्बर में हारने के बाद टेक्सास में रिपब्लिकन पार्टी के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की थी।

## टैरिफ विवाद को लेकर जर्मन अखबार का बड़ा दावा

# मोदी ने नहीं उठाया ट्रम्प का फोन



भारत के पीएम ने चार बार बातचीत से किया इन्कार, अमेरिकी डेलीगेशन को भी दिल्ली आने से रोका

अखबार के मुताबिक ट्रम्प की आक्रामक ट्रेड पॉलिसी और भारत को डेड इकोनॉमी कहने से मोदी नाराज

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने टैरिफ को लेकर प्रधानमंत्री मोदी को चार कॉल किए थे, लेकिन पीएम मोदी ने उनसे एक बार भी बात नहीं की। इससे दोनों नेताओं के बीच तनाव बढ़ गया। यह दावा जर्मन न्यूज पेपर एफएजेड ने किया है। हालांकि अखबार ने अपनी रिपोर्ट में यह नहीं बताया गया है कि ये काल कब किए गए थे। अखबार के मुताबिक ट्रम्प की आक्रामक ट्रेड पालिसी और भारत को 'डेड इकोनामी' कहने से मोदी नाराज हैं। पहले दोनों नेताओं के बीच अच्छे रिश्ते थे, लेकिन अब भारत ने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के लिए होने वाली बातचीत रद्द कर दी है।

अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल को नई दिल्ली आने से रोक दिया गया। ट्रम्प ने भारत पर कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है, जिसमें से 25 प्रतिशत टैरिफ जुर्माने के तौर पर लगाया गया है, जो 27 अगस्त यानी कल से लागू होगा। ट्रम्प का कहना है कि भारत के रूसी तेल खरीदने की वजह से पुतिन को यूक्रेन के खिलाफ जंग जारी रखने में मदद मिल रही है। अखबार में एक्सपर्ट्स के हवाले से लिखा है- आमतौर पर ट्रम्प का तरीका यह है कि पहले वे किसी देश पर व्यापार घाटे को लेकर हमला बोलते हैं, फिर ऊंचे टैरिफ की धमकी देते हैं। इसके बाद डरकर बात. चीत शुरू होती है और आखिरकार वह ऊंचा टैरिफ लगाकर, फिर कुछ छूट देकर खुद को विजेता बताने की कोशिश करते हैं। कई देशों के साथ ऐसा हुआ है और ट्रम्प ने यह दिखाया कि अमेरिकी बाजार पर उनकी पकड़ कितनी मजबूत है, लेकिन मोदी ने इस बार झुकने से इन्कार कर दिया। न्यूयॉर्क के न्यू स्कूल के भारत-चीन इंस्टीटयूट के को-डायरेक्टर मार्क फ्रेजियर का कहना है कि अमेरिका की भारत को चीन के खिलाफ इस्तेमाल करने की रणनीति नाकाम हो रही है। भारत ने कभी भी चीन के खिलाफ अमेरिका के साथ पूरी तरह खड़े होने का वादा नहीं किया था। अखबार ने लिखा है कि पीएम मोदी को ट्रम्प के बर्ताव से बहुत ज्यादा बुरा महसूस हुआ है। वह मोदी को उस पुराने अपमान की याद दिला रहे हैं, जो लगभग एक दशक पहले उन्हें जिनपिंग से मिला था। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग तब गुजरात आए थे और मोदी से दोस्ती का वादा किया था, लेकिन उसी समय चीन की सेना हिमालय में भारतीय इलाके में घुस आई थी। इसके बाद भी मोदी ने जिन. पिंग से अच्छे रिश्ते बनाने की कोशिश की, लेकिन हालात तब और बिगड़ गए जब चीनी सैनिकों से भारतीय जवानों की झड़प हो गई। उस घटना के बाद से कहा जाता है कि मोदी के मन में गहरी कड़वाहट बैठ गई। अब ट्रम्प का रवैया भी कुछ ऐसा ही हो गया है। फरवरी में वे मोदी को व्हाइट हाउस बुलाकर उनकी तारीफ कर रहे थे और उन्हें एक फोटो एल्बम भेंट कर रहे थे। दोनों देशों के रिश्ते काफी बेहतर चल रहे थे। यहां तक कि दिल्ली के पास ही ट्रम्प के नाम से लग्जरी टावर बने, जिनके 300 फ्लैट (कीमत 108 करोड़ रुपये तक) एक ही दिन में बिक गए, लेकिन हाल की घटनाओं ने माहौल बदल दिया। ट्रम्प ने भारत को 'डेड इकोनामी' कहकर अपमानित किया। इससे दोनों देशों के रिश्तों में कड़वाहट आ गई। 2014 में शी जिनपिंग भारत दौरे पर आए थे। इसके कुछ समय बाद ही डोकलाम में दोनों देशों की सेना आमने-सामने आ गई थी। अखबार में बताया गया है कि मोदी, वियतनाम लीडर और ट्रम्प के बीच हुए विवाद को लेकर भी सतर्क थे। दरअसल, ट्रम्प ने वियतनाम के सुप्रीम लीडर तो लम से टैरिफ मामले को लेकर फोन पर बात की थी।

## भारत पर 50% अमेरिकी टैरिफ का नोटिफिकेशन जारी

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने मंगलवार को भारत पर एडिशनल 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का आफिशियल नोटिफिकेशन जारी कर दिया। भारतीय समय के अनुसार यह टैरिफ बुधवार यानी 27 अगस्त को सुबह 9:31 बजे लागू हो जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 6 अगस्त को रूस से तेल खरीद पर जुर्माने के तौर पर इस टैरिफ का ऐलान किया था। वहीं, व्यापार घाटे का हवाला देकर 7 अगस्त से भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया था। यानी अब अमेरिका निर्यात होने वाले भारतीय सामानों पर कुल टैरिफ 50 प्रतिशत तक हो जाएगा। मंगलवार को जारी आदेश में लिखा है कि जो डयूटी इस दस्तावेज की सूची में बताई गई है, वह भारत से आने वाली चीजों पर लागू होगी। ये चीजें या तो अमेरिका में इस्तेमाल के लिए लाई जाएंगी या गोदाम से इस्तेमाल के लिए निकाली जाएंगी। ट्रम्प के टैरिफ से ज्वेलरी, टेक्सटाइल, आटो, सीफूड सेक्टर की इंडस्ट्रीज का मुनाफा घट सकता है।

# ट्रम्प ने चीन पर 200% टैरिफ लगाने की दी धमकी

■ कहा: मेरे पास ऐसे कार्ड हैं, जिन्हें खोल दिया तो चीन बर्बाद हो जाएगा
■ हमारे पास भी कुछ कार्ड हैं, लेकिन मैं ये पत्ते नहीं खेलना चाहता: डोनाल्ड ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चीन पर 200 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी है। ट्रम्प ने कहा कि अगर चीन ने अमेरिका को पर्याप्त मात्रा में मैग्नेट (चुम्बक) की सप्लाई नहीं की, तो उनके आयात पर भारी टैरिफ लगाया जा सकता है। ट्रम्प ने ओवल आफिस में पत्रकारों से कहा कि वह चीन के साथ बेहतर रिश्ता चाहते हैं, लेकिन व्यापारिक तनाव अभी भी बना हुआ है। उन्होंने कहा कि व्यापार विवाद में वाशिंगटन की स्थिति से ज्यादा मजबूत है। ट्रम्प ने कहा कि चीन के पास कुछ कार्ड हैं। हमारे पास भी कुछ कार्ड हैं, लेकिन मैं ये पत्ते नहीं खेलना चाहता।

अगर मैंने ऐसा किया, तो चीन बर्बाद हो जाएगा। मैं ये पत्ते नहीं खेलूंगा। ट्रम्प ने यह टिप्पणी साउथ कोरियाई राष्ट्रपति ली जे म्युंग के साथ बैठक के दौरान की। मैं चीनी राष्ट्रपति शी जिन. पिंग से बात की है और बीजिंग की यात्रा पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी समय, शायद इसी साल या उसके तुरंत बाद, मैं चीन जा सकता हूं। उन्होंने यह भी बताया कि शी जिनपिंग ने उन्हें न्यौता दिया है। इससे पहले ट्रम्प ने 12 अगस्त को 90 दिनों के लिए टाल दिया था। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया था कि उन्होंने यूएस-चीन टैरिफ डेडलाइन 9 नवम्बर तक बढ़ाने के एग्जीक्यूटिव आर्डर पर साइन किया है। इससे पहले अमेरिका और चीन के बीच 11 मई को जिनेवा में ट्रेड डील हुई थी। अमेरिका और चीन के बीच लंबा टैरिफ वार चला। ट्रम्प ने चीन पर 245 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। चीन ने जवाब में 125 प्रतिशत टैरिफ लगाने की बात कही। हालांकि, जिनेवा ट्रेड डील के बाद यह लागू नहीं हुआ। चीन ने अप्रैल में कई रेयर अर्थ मटेरियल और मैग्नेट्स पर नियंत्रण को और सख्त कर दिया था। अमेरिका के लगाए गए टैरिफ की जवाबी कार्रवाई के तौर पर चीन ने अमेरिका के लिए 7 अर्थ मटेरियल की, सप्लाई पर रोक लगा दी थी। चीन ने कार, ड्रोन से लेकर रोबोट और मिसाइलों तक असेंबल करने के लिए जरूरी मैग्नेट यानी चुंबकों के शिपमेंट भी चीनी बंदरगाहों पर रोक दिए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### यूक्रेन किसी भी स्थान पर रूस से बातचीत को तैयार: सिबिहा

**मास्को।** यूक्रेनी विदेश मंत्री आंद्रेई सिबिहा ने मंगलवार को कहा कि यूक्रेन किसी भी प्रारूप एवं स्थान पर रूस के साथ उच्च स्तरीय शांति वार्ता करने के लिए तैयार है। सिबिहा ने एक्स पर कहा कि हम किसी भी प्रारूप और भौगोलिक क्षेत्र में नेताओं के स्तर पर बैठकें करने के लिए तैयार हैं। सोमवार को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शीर्ष यूरोपीय राजनयिकों और सिबिहा के साथ फोन पर बातचीत की जिस दौरान वे लंबे समय से चले आ रहे वार्ता के माध्यम से यूक्रेनी संघर्ष को समाप्त करने के प्रयासों को जारी रखने पर सहमत हुए।

### फ्रांस ने यहूदी-विरोधी आरोपों पर अमेरिकी दूत को तलब किया

**पेरिस।** फ्रांस के विदेश मंत्रालय ने यहूदी-विरोधी आरोप लगने के बाद अमेरिकी राजदूत चार्ल्स कुशनर को तलब किया है। अमेरिकी राजदूत ने फ्रांस पर आरोप लगाया था कि उसने यहूदी-विरोधी भावना से निपटने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाए। अमेरिकी राजदूत की टिप्पणी को फ्रांस के आंत. रिक मामलों में हस्तक्षेप माना गया है जो वास्तविकता से कोसों दूर है।

### ब्रिटेन में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में तीन लोगों की मौत

**लंदन।** ब्रिटेन के आइल ऑफ वाइट में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई है और एक की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने एक बयान में कहा कि हम पुष्टि करते हैं कि आज सुबह आइल ऑफ वाइट में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई है। विमान में कुल चार लोग सवार थे, जिनमें से एक व्यक्ति गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती है। इससे पहले, वायु दुर्घटना जांच शाखा ने कहा था कि उसने दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है।



जम्मू-कश्मीर। लगातार बारिश के मद्देनजर जम्मू में बाढ़ से निपटने के उपायों की समीक्षा के लिए बैठक करते जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला।

# गाजा अस्पताल पर इजरायली हमलों में पांच पत्रकारों की मौत

इजरायल ने खान यूनिस स्थित नासिर अस्पताल पर कुछ ही मिनटों में अंतराल पर लगातार हमले किए

**दुबई।** गाजा के एक अस्पताल पर दो इजरायली हमलों में पांच पत्रकारों, चिकित्साकर्मियों और अन्य लोगों की मौत के बाद इज़रायल नेतृत्व की जोरदार निंदा हो रही है। सीएनएन की एक रिपोर्ट में फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के हवाले से बताया गया कि सोमवार को किए गए हमले में कम से कम 20 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हुए हैं। मंत्रालय ने बताया कि इज़रायल ने खान यूनिस स्थित नासिर अस्पताल पर कुछ ही मिनटों के अंतराल पर लगातार हमले किए।

नासिर अस्पताल ने बताया कि कुछ ही अंतराल पर किए गए दो हमलों में पत्रकार, स्वास्थ्यकर्मी और आपातकालीन प्रतिक्रिया दल के लोग मारे गए, जो शुरुआती हमले के बाद घटनास्थल पर पहुंचे थे। इज़रायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बाद में पत्रकारों और वहां पहुंचने वाले लोगों के इन हमलों के मारे जाने की बात स्वीकार की और उनकी मौतों को एक 'दुखद दुर्घटना' बताया। अस्पताल के प्रवक्ता और नर्सिंग प्रमुख डा. मोहम्मद साकर ने बताया कि उन हमलों में पांच पत्रकार और चार स्वास्थ्यकर्मी मारे गए। इन पत्रकारों में अल जज़ीरा के कैमरामैन मोहम्मद सलामा, रॉयटर्स के लिए काम करने वाले हुसाम अल-मसरी, इस पूरे युद्ध के दौरान एसोसिएटेड प्रेस (एपी) और अन्य मीडिया संस्थानों के साथ काम कर चुकीं मरियम अबू दग्गा और स्वतंत्र पत्रकार मोआथ अबू ताहा और अहमद अबू अज़ीज़ शामिल हैं। गाज़ा के नागरिक सुरक्षा संगठन ने कहा कि हमले में उसके एक कर्मचारी की भी मौत हो गई। इज़रायली हमलों में अस्पताल की एक बालकनी को निशाना बनाया गया, जिसका इस्तेमाल पत्रकार खान यूनिस का ऊपर से नज़ारा देखने के लिए करते थे।

## ईरान ने की गाजा के अस्पताल पर इजरायली हमले की निंदा

**तेहरान।** ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने सोमवार को गाजा पट्टी के दक्षिण में खान यूनिस के नासिर अस्पताल पर हुए घातक इजरायली हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने एक बयान में कहा कि यह हमला एक जघन्य अपराध था जिसमें पांच पत्रकारों सहित कम से कम 20 फलस्तीनी मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। बघाई ने कहा कि क्रूर बमबारी एक युद्ध अपराध था जिसे इजरायल ने फलस्तीनियों के खिलाफ अपनी नरसंहार योजना के अंतर्गत अंजाम दिया ताकि फलस्तीन को एक राष्ट्र और पहचान के रूप में समाप्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि इजरायल द्वारा गाजा और पश्चिमी तट में मानव एवं मानवा. धिकारों के घोर उल्लंघन के प्रति संबंधित अंतर्राष्ट्रीय संगठनों की निष्क्रियता शर्मनाक है। उन्होंने फिलिस्तीनियों के खिलाफ नरसंहार को रोकने और इजरायली अपराधियों को दंडित करने की सभी सरकारों की कानूनी एवं नैतिक जिम्मेदारी पर प्रकाश डाला।

# बांग्लादेश में रोहिंग्या शरणार्थियों को पालना मुश्किल

## देश की इकोनॉमी पर दबाव बढ़ रहा, म्यांमार भेजने के लिए दुनिया से मदद मांगी



**ढाका।** बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने सोमवार को कहा कि देश में रोहिंग्या समुदाय के लोगों को पालना मुश्किल होता जा रहा है। उन्होंने कहा देश में 13 लाख से ज्यादा रोहिंग्या हैं।

यूनुस ने कहा- यह बांग्लादेश के साथ दुनिया के लिए भी एक बड़ी चुनौती है। दुनिया को इस मुद्दे पर एक साथ आना चाहिए और रोहिंग्या मुस्लिमों को उनके घर वापस पहुंचाने में मदद करना चाहिए। म्यांमार में अगस्त 2017 से हो रही हिंसा के बाद रोहिंग्या समुदाय के लोगों ने देश छोड़ दिया था। इसके बाद वे भागकर कई देशों में जा बसे थे। सबसे ज्यादा लोग बांग्लादेश पहुंचे थे। तब शेख हसीना सरकार ने लाखों रोहिंग्या लोगों को शरण दी थी। इस घटना के 8वें सालगिरह पर युनूस ने रोहिंग्याओं की घर वापसी के लिए 7 प्वाइंट का एक रोडमैप भी जारी किया। उन्होंने कहा कि शरणार्थियों के कारण बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था और पर्यावरण पर दबाव बढ़ गया है। बांग्लादेश के काक्स बाजार में 8 सालों से रह रहे रोहिंग्या मुसलमानों ने शरोहिंग्या नरसंहार स्मृति दिवसश मनाया। इस दौरान शरणार्थियों के हाथों में घर वापसी की तख्तियां थी। जिसपर लिखा था: नो मोर रिफ्यूजी लाइफ (शरणार्थी जीवन अब और नहीं)। इस सम्मेलन में अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि और डिप्लोमैट्स ने हिस्सा लिया। म्यांमार के रखाइल प्रांत में अराकान सेना के दमन से बचने के लिए रोहिंग्या मुसलमान 25 अगस्त 2017 बांग्लादेश के भाग कर आए थे। इन्हें शेख हसीना की तत्कालीन सरकार ने काक्स बाजार में शरण दी थी। उस समय करीब 70 हजार रोहिंग्या बांग्लादेश आए थे। वहीं 3 लाख से अधिक शरणार्थी पहले से ही बांग्लादेश में रह रहे थे। वर्तमान में काक्स बाजार में दुनिया का सबसे बड़ा शरणार्थी शिविर है।

# ऑस्ट्रेलिया ने ईरानी राजदूत को निष्कासित किया

■ ऑस्ट्रेलिया ने यहूदी विरोधी हमलों में ईरान की कथित लिप्तता के कारण यह कदम उठाया

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया ने ईरान के राजदूत अहमद सादेघी को निष्कासित कर ईरान में अपने दूतावास को बंद कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया ने यहूदी विरोधी हमलों में ईरान की कथित लिप्तता के कारण यह कदम उठाया गया है।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। ऑस्ट्रेलिया के सुरक्षा खुफिया संगठन ने देश की संघीय पुलिस के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलियाई यहूदी समुदाय के खिलाफ कई यहूदी विरोधी हमलों की जांच में पाया है कि इनमें से कम से कम दो हमलों को ईरानी सरकार का समर्थन प्राप्त था। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा ये ऑस्ट्रेलियाई धरती पर एक विदेशी राष्ट्र द्वारा रची गई असाधारण और खतरनाक आक्रामकता की घटनाएं थीं। यह हमारे समाज पर एक हमला है, जिसका उद्देश्य भय पैदा करना, आंतरिक विभाजन को बढ़ावा देना और सामाजिक एकता को नष्ट करना है। हमारे समाज पर ये हमले पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं और ऑस्ट्रेलियाई सरकार इसके जवाब में कड़ी और निर्णायक कार्रवाई कर रही है। हमने ऑस्ट्रेलिया में ईरानी राज. दूत को सूचित कर दिया है कि उन्हें और तीन अन्य ईरानी राजनयिकों को निष्कासित कर दिया जाएगा। हमने तेहरान स्थित अपने दूतावास में कामकाज स्थगित कर दिया है और हमारे सभी राजनयिक अब किसी तीसरे देश में सुरक्षित हैं। बयान में कहा गया है कि ऑस्ट्रेलियाई सरकार ईरानी इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) को आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध करने के लिए भी कानून पारित करेगी।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108